


दैनिक **अर्थ प्रकाश** खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी



मनुष्य को श्रेष्ठता मिलती है और उसके संस्कारों से पर सिद्धि होती है उसके व्यवहार से।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, सोमवार, 15 सितंबर, 2025 | अश्विन कृष्ण पक्षः नवमी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 255 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12







# दुबई में दहाड़े भारतीय 'शेर'

## मैच के खिलाफ पूरा दिन मचा रहा देशभर में बवाल

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**दुबई।** भारत ने पाकिस्तान के साथ युद्ध के तीन महीने बाद रविवार को क्रिकेट के मैदान पर जंग जीत ली। एशिया कप में भारत ने पाक को धूल चटाई। रात तक युद्ध की मन में टीस लिए हर भारतीय अपनी टीम की जीत का बेसब्री से इंतजार करता रहा। जैसे ही खिलाड़ी ने विजयश्री शॉट लगाया, मानों इस अधूरी जंग का बदला भी पूरा हो गया। भारत ने कप की जीत की तरफ कदम बढ़ाते हुए शानदार जीत हासिल की। इससे पहले एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के बीच टी-20 मैच पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, यूपी समेत पूरे देशभर में भारी बवाल के बीच हुआ। वहीं राजनीतिक गलियारों में भी पूरा दिन जमकर सियासी बवाल मचा रहा । मैच के विरोध में महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव गुट के कार्यकर्ताओं ने टीवी तोड़कर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, महिला कार्यकर्ताओं ने पीएम को सिंदूर भेजा, साथ ही बीसीसीआई के लिए चंदा मांगा। पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिजन ने भी भारत-पाक मैच के खिलाफ कहा कि जिनके हाथ खून से सने हैं, हमारा उन्हीं से मैच हो रहा है।



### बड़े साहिब का बेटा आईसीसी प्रधान, मैच नहीं रुकेगाः मान



**पंजाब** में इसके विरोध स्वरूप इस बार न तो पंजाब में कहीं बिग स्क्रीन लगाई गई है और ना ही क्रिकेट प्रशंसकों के लिए कोई ऑफर दिया गया है। पहलगाम हमले के बाद बने हालात को देखते हुए पंजाबियों ने इस बार भारत-पाक मैच का बॉयकाट किया हुआ है। सोशल मीडिया में BoycottIndVsPak ट्रेंड कर रहा है। विपक्षी दल भी सवाल उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी इस मैच को लेकर केंद्र सरकार से तीखे सवाल किए हैं। सीएम ने कहा कि पहलगाम हमले से पहले बनी दिलजीत दोसांझ की मूवी को हमले के बाद रिलीज होने से रोक दिया गया था। उस समय कहा गया था कि दिलजीत को मूवी रोको, ये गद्दार है। मान ने आगे कहा कि अब क्रिकेट मैच पाकिस्तान के साथ खेला जा रहा है, इसे रोका नहीं जाएगा, क्योंकि इसमें बड़े साहिब का बेटा आईसीसी का प्रधान हैं। बीसीसीआई भी वही देखता है। क्या अब सब कुछ ठीक हो गया है। अब केंद्र पहलगाम को भूल या है क्या।

असम से प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना

## कांग्रेस ने घुसपैठियों को जमीनें दी, अवैध कब्जों को दिया संरक्षणः मोदी



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**गोलाघाट, 14 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के गोलाघाट में कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब यहां पर कांग्रेस की सरकार थी तो उसने घुसपैठियों को जमीनें दी, अवैध कब्जों को संरक्षण दिया, कांग्रेस ने वोटबैंक के लालच में असम की जनसांख्यिकी का संतुलन बिगाड़ दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश में लंबे समय तक शासन किया है। यहां असम में भी कांग्रेस ने कई दशकों तक सरकार चलाई है, लेकिन जब तक कांग्रेस की सरकारें रही, तब तक यहां विकास की रफ्तार भी धीमी रही और विरासत भी संकट में रही। भाजपा की डबल इंजन सरकार असम की पुरानी पहचान को सशक्त कर रही है और असम को आधुनिक पहचान से भी जोड़ रही है। कांग्रेस ने असम और नॉर्थ-ईस्ट को अलगाव दिया, हिंसा और विवाद दिए, जबकि बीजेपी असम को विकास और विरासत से समृद्ध राज्य बना रही है। ये हमारी सरकार है जिसने असमिया भाषा को क्लासिकल लैंग्वेज का दर्जा दिया। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि असम की भाजपा की सरकार नई शिक्षा नीति को भी तेजी से लागू कर रही है।

### घुसपैठ असम के सामने बड़ी चुनौती

पीएम ने कहा कि विकास के इन प्रयासों के बीच असम के सामने एक चुनौती विकराल होती जा रही है। यह चुनौती है घुसपैठ की। जब यहां पर कांग्रेस की सरकार थी तो उसने घुसपैठियों को जमीनें दी, अवैध कब्जों को संरक्षण दिया, कांग्रेस ने वोटबैंक के लालच में असम की जनसांख्यिकी का संतुलन बिगाड़ दिया। अब भाजपा सरकार असम के लोगों के साथ मिलकर इस चुनौती का मुकाबला कर रही है।



### भारत पाकिस्तान मैच देश से गद्दारी जैसाः केजरीवाल

आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने भी सख्त लहजे में प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ मैच खेलना देश के साथ गद्दारी है। हर भारतीय इस बात से बेहद गुस्से में है। केजरीवाल ने इसके साथ एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें पाकिस्तानी क्रिकेटर फहीम अशरफ की ओर से ऑपरेशन सिंदूर को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट दिखाया गया था।

### लहू से बड़ा क्रिकेट का जुनूनः मनीष सिसोदिया



दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और पंजाब के आम आदमी पार्टी के प्रभारी मनीष सिसोदिया ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि शहीदों के लहू से बड़ा क्रिकेट का जुनून कब से हो गया, प्रधानमंत्री जी जब बहनों की मांग का सिंदूर मिटा है, तब पाकिस्तान से मैच करवाने की आखिर जरूरत क्या है? साथ ही सिसोदिया ने दिलजीत की फिल्म देश में बैन किए जाने पर भी सवाल खड़े किए।



### रिश्ते सुधरें, तभी क्रिकेट और व्यापार होः हरभजन सिंह

भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने भी कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि आतंकवादी हमलों की पृष्ठभूमि में दोनों देशों को एक साथ क्रिकेट नहीं खेलना चाहिए। मुंबई में हुए एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत बनाम पाकिस्तान मैच हमेशा सुर्खियों में रहता है।

### पाक से क्रिकेट खेलना शहीदों का अपमानः सुरजेवाला



हरियाणा के कैथल में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि जिस देश के साथ हमारा विवाद चल रहा हो, उसके साथ क्रिकेट खेलना शहीदों का अपमान है। इस मैच से अमित शाह के बेटे जय शाह और बीसीसीआई पैसा कमा रहा है। खून और क्रिकेट का खेल साथ-साथ कैसे चल सकता है।

### द्विपक्षीय क्रिकेट संबंधों पर रुख अपरिवर्तितः अनुराग ठाकुर



भाजपा सांसद और पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में पाकिस्तान का सामना कर सकता है, लेकिन उसके साथ द्विपक्षीय क्रिकेट संबंधों पर उसका रुख अपरिवर्तित है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि ऐसे मैचों में भागीदारी टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार होती है, न कि भारत की कूटनीतिक या राष्ट्रीय नीतियों में बदलाव के कारण। जब एसीसी या आईसीसी द्वारा बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित किए जाते हैं, तो देशों के लिए उनमें भाग लेना एक मजबूरी और अनिवार्यता बन जाती है। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया जाएगा, उन्हें मैच छोड़ना होगा और दूसरी टीम को अंक मिलेंगे। ठाकुर ने इस बात पर ज़ोर दिया कि पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय श्रृंखलाओं पर भारत का दीर्घकालिक रुख़ अब भी दृढ़ है।






## न्यूज़ ब्रीफ

### नेपाल हिंसा में मारे गए लोग शहीद कहलाएंगेः सुशीला कार्की

**काठमांडू (अप्रस)।** नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि जेन-जी आंदोलन में मारे गए लोगों को शहीद घोषित किया जाएगा। पीड़ितों के परिजनों को 10-10 लाख नेपाली रुपए का मुआवजा भी दिया जाएगा। नेपाल हिंसा में मरने वालों की संख्या 72 हो गई है, इनमें 1 भारतीय महिला भी शामिल है। कार्की ने भ्रष्टाचार को खत्म करने का भी संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि नेपाल में पहली बार 27 घंटे तक लगातार आंदोलन हुआ। उन्होंने कहा कि मैं 6 महीने से ज्यादा समय तक सत्ता में नहीं रहूंगी और नवनिर्वाचित संसद को अधिकार सौंप दूंगी।




## प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्धः सीएम सैनी



वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र के विजन को पूरा करने के लिए शिक्षा व्यवस्था की गई सुदृढ़

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 सितंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। प्रदेश सरकार हरियाणा को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रदेश में वर्ष 2025 तक पूरी तरह लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार द्वारा प्रदेश में नई 10 आईएमटी स्थापित की जाएंगी, जिन से प्रदेश के लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। सरकार द्वारा गत साढ़े दस वर्ष के दौरान बिना पर्ची-बिना खर्ची के एक लाख 80 हजार युवाओं को मेरिट के आधार पर सरकारी रोजगार दिया गया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्थानीय सैनी शिक्षण संस्था के 75वें स्थापना वर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितगण को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शिक्षण संस्था के समर्पण भाव से शिक्षा के क्षेत्र में दिए जा रहे सराहनीय योगदान के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा शिक्षण संस्था ने समाज में शिक्षा का प्रकाश फैलाने के गौरवपूर्ण 75 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। गत 10 मई 1941 को इसी शहर की एक चौपाल में सैनी प्राइमरी स्कूल से शुरू हुई संस्था महात्मा ज्योतिबा फुले के कर्म ही पूजा है के संदेश पर चलते हुए 75 वर्षों बाद, आज यह सोसायटी एक वट वृक्ष बन चुकी है। उन्होंने अपने स्वैच्छिक कोष से संस्था के लिए 51 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की तथा सैनी शिक्षण संस्था द्वारा रखी गई सभी चार मांगों को यथासंभव पूर्ण करवाने का आश्वासन दिया। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने शिक्षण संस्था को 21 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की।

## आयकर रिटर्न भरने की आज आखिरी तारीख

**नई दिल्ली।** आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की सोमवार को आखिरी तारीख है और ऐसे में आयकर विभाग ने लोगों को अंतिम समय में संभावित परेशानी से बचने के लिए आज ही अपना रिटर्न भरने की सलाह दी है। विभाग ने सोशल मीडिया के माध्यम से रविवार को बताया कि अपना आयकर रिटर्न आज ही दाखिल करें। अक्सर देखा जाता है कि जब बड़ी संख्या में लोग अंतिम समय में लॉगइन करते हैं तो सर्वर हैंग होने या प्रक्रिया धीमी होने की शिकायत आती है।

गौरतलब है कि आयकर रिटर्न भरने की आखिरी तारीख फिलहाल 15 सितंबर है। इसके बाद रिटर्न भरने पर पांच लाख तक की कुल आय वालों को एक हजार रुपये और उससे अधिक की आय वालों को पांच हजार रुपये का जुर्माना देना होगा। आयकर विभाग ने शनिवार को बताया था कि अब तक छह करोड़ से अधिक लोगों ने रिटर्न भरा है। आकलन वर्ष 2024-25 में 7.28 करोड़ करदाताओं ने आयकर रिटर्न भरा था। विभाग ने छह करोड़ का आंकड़ा पार करने के लिए करदाताओं और कर पेशेवरों को धन्यवाद दिया है।

अमन अरोड़ा ने चीमा मंडी में खेल सुविधाओं से लैस पंजाब का पहला अनूठा बस स्टैंड जनता को किया समर्पित

# 5.06 करोड़ की लागत से बने अत्याधुनिक बस अड्डे में खेल कॉम्प्लेक्स और आधुनिक सुविधाएं

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़ /सुनाम।** पंजाब में अपनी तरह का पहला और अनूठा ढांचागत विकास साकार करते हुए पंजाब के कैबिनेट मंत्री एवं आम आदमी पार्टी, पंजाब के प्रधान अमन अरोड़ा ने आज सुनाम विधानसभा क्षेत्र के चीमा मंडी में खेल कॉम्प्लेक्स से लैस अत्याधुनिक बस स्टैंड जनता को समर्पित किया। इस अनूठे प्रोजेक्ट की रूपरेखा भी अमन अरोड़ा की दूरदर्शी सोच और योजना का परिणाम है।

इस प्रोजेक्ट को जनता के समर्पण के बाद अमन अरोड़ा ने बताया कि 5.06 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह अत्याधुनिक बस स्टैंड, 16,555 वर्ग फुट के विशाल क्षेत्र में फैला हुआ है, जो बुनियादी ढांचे को एक जीवंत कम्युनिटी हब के रूप में पुनर्परिभाषित करता है, जो सिर्फ परिवहन सुविधा तक सीमित नहीं है।

अमन अरोड़ा ने कहा खेल सुविधाओं से लैस यह अपनी तरह का पहला बस स्टैंड मॉडल जनता को इसकी अधिकतम उपयोगिता देने और हमारे युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विकास बहुआयामी होना चाहिए और यह प्रोजेक्ट उस दृष्टिकोण का प्रमाण है।




उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब सरकार की नवाचार, लोक-केंद्रित नीतियों के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक है, जो एक छत के नीचे विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करता है।

श्री अमन अरोड़ा ने बताया कि इस बस स्टैंड की भूतल पर सुव्यवस्थित आवागमन और व्यापार के लिए सुविधाएँ बनाई गई हैं। इसमें छह बस काउंटर और एक विशाल वेटिंग हॉल है, जो यात्रियों को आरामदायक अनुभव प्रदान करता है। साथ ही, स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए छह वाणिज्यिक दुकानें भी बनाई गई हैं। इस मंजिल में एक अड्डा फीस कार्यालय, एक लोडिंग/ अनलोडिंग प्लेटफॉर्म, सार्वजनिक पार्किंग तथा आधुनिक शौचालय ब्लॉक भी शामिल हैं, जो यात्रियों और स्थानीय व्यवसायों के लिए सहज और सुविधाजनक अनुभव सुनिश्चित करते हैं। इस बस स्टैंड की पहली मंजिल श्री अमन अरोड़ा के दूरदर्शी संकल्प का प्रमुख हिस्सा है, जिसमें अत्याधुनिक मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स हॉल बनाया गया है। यह अत्याधुनिक स्थान कुश्ती, जूडो, कबड्डी, कराटे और किकबॉक्सिंग सहित अन्य खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए बनाया गया है, जो स्थानीय एथलीटों को उनके संबंधित क्षेत्रों में अपने कौशल को निखारने के लिए एक आधुनिक प्रशिक्षण वातावरण प्रदान करता है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह प्रोजेक्ट सामाजिक विकास को पुनर्परिभाषित करता है। पंजाब में स्वास्थ्य और तंदरुस्ती के अवसरों को आवश्यक सेवाओं के साथ सहज रूप से जोड़कर उपयोगिता और नागरिक बुनियादी ढांचे के लिए एक नया मापदंड स्थापित किया गया है।

# पंजाब सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ राहत कार्यों और पुनर्वास के लिए व्यापक अभियान की शुरुआत की: सौंद

सभी प्रभावित गांवों में मिट्टी और मलबा हटाने तथा पशु शवों के निस्तारण का कार्य 24 सितंबर तक पूरा करने के निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** पंजाब के ग्रामीण विकास और पंचायत मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने बताया कि पंजाब सरकार ने 2300 से अधिक गांवों में हाल ही में आए बाढ़ के कारण हुए व्यापक नुकसान की पूर्ति हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में एक व्यापक बाढ़ राहत एवं पुनर्वास कार्यक्रम शुरू किया है। यह अभियान तत्काल राहत, आवश्यक बुनियादी ढांचे की बहाली और सभी कार्यों के पारदर्शी क्रियान्वयन पर केंद्रित रहेगा।

सौंद ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सशक्त अगुवाई में पंजाब सरकार बाढ़ में हुए नुकसान संबंधी राहत और पुनर्वास गतिविधियों के समर्थन हेतु 100 करोड़ रुपये का समर्पित फंड स्थापित कर रही है। मुख्यमंत्री के ऐलान के अनुसार अति आवश्यक कार्य आरंभ करने हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत को पहले 1 लाख रुपये जारी किए जाएंगे ताकि वे गांव की गलियों से मिट्टी और मलबा हटाने और मृत पशुओं के सुरक्षित निस्तारण जैसे कार्य जल्द से जल्द शुरू कर सकें। इसके लिए खर्च सीमा भी निर्धारित की गई है, जिसमें 2000 तक की आबादी वाली ग्राम पंचायतों के लिए 3 लाख रुपये तथा 2000 से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायतों के लिए 5 लाख रुपये का प्रावधान है।

पंचायत मंत्री ने तबाही के पैमाने के बारे में बताते हुए कहा कि बाढ़ के कारण बड़ी मात्रा में मिट्टी और मलबा जमा हो गया है, जिससे पशुओं का व्यापक नुकसान होने के साथ-साथ आंगनवाड़ी केंद्र, स्कूल, शवदाह गृह, कम्युनिटी सेंटर और छप्पर सहित सार्वजनिक बुनियादी संरचनाएं भी काफी प्रभावित हुई हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न कार्यों के क्रियान्वयन के लिए सरकार ने समय-सीमा निर्धारित की है, जिसमें मलबा साफ़ करने और पशु शव निस्तारण कार्य 24 सितंबर 2025 तक पूरा करना, सार्वजनिक संपत्ति की मामूली मरम्मत का कार्य 15 अक्टूबर 2025 से पहले पूरा करना, तथा छप्परों की सफाई 22 अक्टूबर 2025 तक पूरी करना अनिवार्य है।

बीमारियों के फैलाव को रोकने के लिए सौंद ने निर्देश दिए हैं कि सभी प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित आधार पर फॉगिंग कार्य शुरू किए जाएं। उन्होंने बताया कि इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रति पंचायत समिति पर पांच फॉगिंग मशीनें लगाई जाएंगी। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक चिकित्सकीय सहायता सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया है।

उन्होंने बताया कि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक प्रभावित गांव में कार्यों को अंतिम रूप देने के लिए विशेष ग्राम सभा बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में सबसे आवश्यक कार्यों की पहचान कर उन्हें मंजूरी दी जाएगी। सभी प्रोजेक्ट्स के लिए, पहले और बाद की फोटो रिकॉर्डिंग की जाएगी तथा एक बार कार्य पूरा होने के बाद खर्च की समीक्षा और कार्य पूर्णता की पुष्टि हेतु पुनः ग्राम सभा की बैठक बुलाई जाएगी। सौंद ने बताया कि कार्यों के क्रियान्वयन की निगरानी विभिन्न स्तरों पर की जाएगी। सरपंचों की अगुवाई में ग्राम-स्तरीय समितियां संयुक्त प्रयासों के माध्यम से इन कार्यों को अमल में लाएंगी। डिप्टी कमिश्नर (विकास) हर 15वें दिन कार्यों की प्रगति की निगरानी करेंगे और विस्तृत रिपोर्ट राज्य मुख्यालय को सौंपेंगे।

# मात्र 6 रुपए की टिकट से अंशु लॉटरी ने तीन महीने में दूसरा करोड़पति बनाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



जीरकपुर। रविवार को नागालैण्ड स्टेट डियर यमुना संडे वीकली लॉटरी की मात्र 6 रुपए का टिकट नंबर 80डी 86461 पर पहला ईनाम 1 करोड़ का जीरकपुर के स्टॉकिस्ट अंशु लॉटरी एजेंसी के राजपुरा स्थित सेलर राजिंदर लॉटरी द्वारा बेचा गया।

यह जानकारी देते हुए अंशु लॉटरी एजेंसी के मालिक विजय तनेजा व सुनील तनेजा ने बताया कि इस साल जुलाई माह में भी मात्र 6 रुपए की डियर विक्सन संडे वीकली लॉटरी में एक करोड़ का ईनाम लगा था, जो कि मोहाली स्थित चावला लॉटरी एजेंसी द्वारा बेचा गया था। इसी क्रम में 14 सितंबर को हुए दोपहर 1 बजे के ड्रॉ में भी राजपुरा के सेलर राजिंदर लॉटरी द्वारा बेची गयी टिकटों में से 1 करो? का ईनाम निकला। बता दें कि राजिंदर लॉटरी के मालिक खुद साईकिल पर घूम-घूम कर टिकटों की बिक्री करते है और आज उनकी मेहनत रंग लाई है।

विजय तनेजा ने बताया कि अंशु लॉटरी एजेंसी ने पिछले कई बरसों से कई विजेता लखपति और करोड़पति बनाए है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पंजाब राज्य के डियर दिवाली बम्पर 2025 की टिकटें भी उपलब्ध है जिसका प्रथम पुरूस्कार 11 करोड़ रूपये है जो कि पंजाब राज्य लॉटरी इतिहास में पहली बार है कि इतनी बड़ी पुरस्कार राशी जनता में दिये जाने की गारंटी रखी गयी है। इस टिकट की कीमत मात्र 500 रूपये है और इसका ड्रॉ आगामी 31 अक्टूबर को निकाला जायेगा और इसका ड्रॉ यूट्यूब पर लाईव भी देख सकते है।

# बाढ़ प्रभावित 2303 गांवों में पंजाब सरकार का विशेष स्वास्थ्य अभियान शुरू

डॉ. बलबीर सिंह ने मेडिकल कैंप, घर-घर दौरे और फ्यूमीगेशन से बीमारियों की रोकथाम पर दिया जोर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने बाढ़ प्रभावित 2303 गांवों में बीमारियों के फैलाव को रोकने के लिए विशेष स्वास्थ्य अभियान की शुरुआत की है। इसके लिए सभी उपलब्ध मेडिकल संसाधनों को लगाया गया है, जिनमें सरकारी डॉक्टर, निजी स्वयंसेवक, आयुर्वेद मेडिकल अधिकारी और एमबीबीएस इंटर्न शामिल हैं। मंत्री ने सिविल सर्जनों और ब्लॉक मेडिकल अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि वे सुनिश्चित करें कि कोई भी गांव स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। इस विशेष मुहिम के तहत तीन स्तरों पर काम किया जाएगा। पहले चरण में सभी गांवों में मेडिकल कैंप आयोजित किए जाएंगे। जिन गांवों में पहले से आम आदमी क्लीनिक जैसी सुविधाएं हैं, वहां नियमित तौर पर कैंप लगाए जाएंगे, जबकि अन्य गांवों में स्कूल या सामुदायिक केंद्रों पर कम से कम तीन दिन के लिए कैंप लगाए जाएंगे। दूसरे चरण में 11,103 आशा वर्कर्स घर-घर जाकर स्वास्थ्य किटें वितरित करेंगी, जिनमें मच्छर से बचाव की दवा, ओआरएस, क्लोरीन गोलियां और अन्य आवश्यक वस्तुएं होंगी। साथ ही लोगों को बीमारियों से बचाव और रोकथाम के उपायों की जानकारी दी जाएगी।

# बाढ़ प्रभावित गांवों में राहत कार्यों व नुकसान के मूल्यांकन में सहयोग हेतु नोडल चेयरमैन व मेंबर किए नियुक्त: हरदीप सिंह मुंडियां

शिनाख्त किए गए 2303 गांवों में राहत व पुनर्वास के लिए पंजाब सरकार द्वारा बड़ा कदम

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** पंजाब के राजस्व, पुनर्वास और आपदा प्रबंधन मंत्री स. हरदीप सिंह मुंडियां ने आज बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों और नुकसान के मूल्यांकन को सुचारू बनाने के लिए राज्य सरकार ने नोडल चेयरमैन और मेंबर नियुक्त किए हैं। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पंजाब राज्य में आई भयंकर बाढ़ ने भारी नुकसान पहुंचाया है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा 2303 ऐसे गांवों की पहचान की गई है, जहां बुनियादी सहायता और पुनर्वास के लिए तुरंत उपाय करना आवश्यक है। इसके लिए नियुक्त नोडल प्रतिनिधि जिला प्रशासन और नियुक्त गजटेड अधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए अपनी जिम्मेदारियां निभाएंगे।

स. मुंडियां ने बताया कि ये प्रतिनिधि राहत सामग्री के वितरण की निगरानी करेंगे, फ़सलों, मकानों और पशुधन को हुए नुकसान के मूल्यांकन में सहायता करेंगे और बाढ़ पीड़ितों के क्लेम समयबद्ध तरीके से फैसिलिटेट करेंगे ताकि प्रभावित व्यक्तियों को मुआवज़ा और सहायता बिना किसी देरी के प्रदान की जा सके।

उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को केवल तत्काल राहत ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य शिविरों की उपलब्धता, गुजर-बसर के साधन और पुनर्वास की अत्यंत आवश्यकता होती है। इसलिए नियुक्त नोडल चेयरमैन और मेंबर राज्य सरकार के सहायक अंग के रूप में गांव स्तर पर कार्य करते हुए चिकित्सा सहायता, सफाई कार्य और आवश्यक सेवाओं की तुरंत बहाली सुनिश्चित करेंगे।

स. मुंडियां ने सभी डिप्टी कमिश्नरों और सब-डिवीज़नल अथॉरिटीज़ को निर्देश दिए कि वे नोडल प्रतिनिधियों को पूर्ण सहयोग प्रदान करें, आवश्यक डाटा एवं साधन उपलब्ध कराएं और गांव स्तर पर समन्वय सुनिश्चित करें।

उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि ये नियुक्तियां इस दृढ़ संकल्प के साथ की गई हैं कि पंजाब सरकार इस चुनौतीपूर्ण घड़ी में हर नागरिक के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और हर संभव उपाय करके हर एक बाढ़ प्रभावित व्यक्ति का पुनर्वास सुनिश्चित करेगी।

| DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Draw Time: 8:00 PM ONWARDS | | | | | | | | DATE: 14/09/2025 | |
| RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 50 RANGER SUNDAY WEEKLY LOTTERY | | | | | | | | | |
| MRP Rs.50/- Per Ticket | | | | | | | | | |
| 1st Prize Amount (1) Rs. 25 Lakhs (On 8 digits with series) | | | | | | | | | |
| [illegible] 60609 | | | | | | | | | |
| 2nd Prize Amount (50) Rs. 9,000/- (On 5 digits) | | | | | | | | | |
| 03640 | 03811 | 10103 | 27304 | 33423 | 39999 | 42287 | 50890 | 63990 | 69958 |
| 3rd Prize Amount (250) Rs. 5,000/- (On Last 4 digits) | | | | | | | | | |
| 3786 | 6971 | 8508 | 8376 | 9946 | | | | | |
| 4th Prize Amount (500) Rs. 2,000/- (On last 4 digits) | | | | | | | | | |
| 0174 | 0207 | 1069 | 1306 | 2343 | 4096 | 5799 | 7462 | 8243 | 9443 |
| 5th Prize Amount (900) Rs. 1000/- (On last 4 digits) | | | | | | | | | |
| 0443 | 1304 | 2611 | 2769 | 3048 | 4361 | 4523 | 4875 | 6128 | 6986 |
| 6th Prize Amount (500) Rs. 500/- (On last 4 digits) | | | | | | | | | |
| 0216 | 0696 | 1304 | 1906 | 3642 | 4976 | 5525 | 6158 | 8903 | 9660 |
| 7th Prize Amount (48,000) Rs. 100/- (On last 4 digits) | | | | | | | | | |
| 0020 | 0022 | 0026 | 0028 | 0033 | 0034 | 0037 | 0038 | 0054 | 0075 |
| 0092 | 0096 | 0101 | 0105 | 0140 | 0145 | 0149 | 0150 | 0151 | 0164 |
| 0165 | 0182 | 0208 | 0217 | 0219 | 0223 | 0230 | 0232 | 0233 | 0238 |
| 0256 | 0257 | 0262 | 0273 | 0275 | 0284 | 0294 | 0295 | 0303 | 0309 |
| 0323 | 0325 | 0329 | 0341 | 0344 | 0350 | 0351 | 0371 | 0381 | 0384 |
| 0398 | 0412 | 0414 | 0424 | 0450 | 0454 | 0456 | 0465 | 0473 | 0494 |
| 0504 | 0508 | 0510 | 0526 | 0524 | 0538 | 0544 | 0555 | 0574 | 0575 |
| 0600 | 0606 | 0614 | 0628 | 0641 | 0660 | 0672 | 0673 | 0682 | 0710 |
| 0730 | 0742 | 0787 | 0788 | 0792 | 0820 | 0846 | 0847 | 0848 | 0903 |
| 0907 | 0913 | 0919 | 0928 | 0933 | 0946 | 0948 | 0951 | 0965 | 0988 |
| 0991 | 1004 | 1023 | 1030 | 1033 | 1035 | 1041 | 1051 | 1064 | 1080 |
| 1082 | 1090 | 1100 | 1121 | 1184 | 1200 | 1217 | 1222 | 1230 | 1233 |
| 1249 | 1254 | 1261 | 1278 | 1294 | 1323 | 1348 | 1366 | 1436 | 1437 |
| 1445 | 1454 | 1458 | 1468 | 1498 | 1518 | 1534 | 1541 | 1554 | 1555 |
| 1558 | 1585 | 1581 | 1606 | 1602 | 1628 | 1631 | 1658 | 1658 | 1664 |
| 1666 | 1682 | 1690 | 1701 | 1712 | 1750 | 1755 | 1779 | 1811 | 1846 |
| 1850 | 1880 | 1884 | 1907 | 1918 | 1922 | 1934 | 1940 | 1956 | 1982 |
| 1990 | 1951 | 1993 | 1998 | 2005 | 2006 | 2020 | 2022 | 2025 | 2043 |
| 2071 | 2075 | 2078 | 2096 | 2113 | 2115 | 2117 | 2123 | 2135 | 2136 |
| 2147 | 2149 | 2168 | 2171 | 2173 | 2193 | 2192 | 2189 | 2203 | 2216 |
| 2244 | 2248 | 2283 | 2276 | 2287 | 2296 | 2303 | 2307 | 2318 | 2337 |
| 2345 | 2355 | 2361 | 2397 | 2400 | 2416 | 2420 | 2442 | 2443 | 2476 |
| 2490 | 2508 | 2535 | 2541 | 2546 | 2574 | 2592 | 2604 | 2613 | 2636 |
| 2659 | 2662 | 2685 | 2686 | 2699 | 2720 | 2739 | 2742 | 2750 | 2773 |
| 2776 | 2779 | 2791 | 2795 | 2824 | 2828 | 2829 | 2851 | 2863 | 2870 |
| 2907 | 2936 | 2981 | 2984 | 2994 | 3004 | 3012 | 3013 | 3082 | 3097 |
| 3063 | 3076 | 3097 | 3098 | 3103 | 3110 | 3123 | 3158 | 3166 | 3175 |
| 3177 | 3219 | 3223 | 3265 | 3285 | 3295 | 3311 | 3313 | 3332 | 3372 |
| 3378 | 3381 | 3432 | 3453 | 3472 | 3473 | 3483 | 3507 | 3511 | 3513 |
| 3519 | 3521 | 3525 | 3566 | 3580 | 3583 | 3592 | 3612 | 3616 | 3642 |
| 3673 | 3675 | 3676 | 3688 | 3702 | 3716 | 3717 | 3721 | 3746 | 3747 |
| 3760 | 3870 | 3875 | 3878 | 3888 | 3892 | 3907 | 3916 | 3919 | 3928 |
| 3927 | 3937 | 3953 | 3954 | 3962 | 3964 | 3978 | 3981 | 3988 | 4021 |
| 4032 | 4044 | 4047 | 4048 | 4098 | 4120 | 4133 | 4139 | 4144 | 4149 |
| 4159 | 4161 | 4166 | 4171 | 4175 | 4186 | 4198 | 4201 | 4208 | 4210 |
| 4241 | 4253 | 4262 | 4313 | 4315 | 4324 | 4325 | 4334 | 4340 | 4341 |
| 4344 | 4360 | 4369 | 4376 | 4423 | 4493 | 4475 | 4483 | 4489 | 4490 |
| 4493 | 4494 | 4500 | 4506 | 4512 | 4516 | 4534 | 4551 | 4555 | 4568 |
| 4610 | 4615 | 4635 | 4647 | 4656 | 4677 | 4693 | 4697 | 4723 | 4770 |
| 4775 | 4780 | 4802 | 4806 | 4808 | 4811 | 4829 | 4849 | 4885 | 4898 |
| 4920 | 4928 | 4916 | 4922 | 4926 | 4938 | 4981 | 4992 | 5003 | 5013 |
| 5026 | 5034 | 5063 | 5085 | 5110 | 5111 | 5117 | 5135 | 5157 | 5160 |
| 5176 | 5188 | 5214 | 5244 | 5298 | 5276 | 5349 | 5351 | 5358 | 5361 |
| 5378 | 5384 | 5392 | 5405 | 5426 | 5435 | 5440 | 5445 | 5449 | 5459 |
| 5467 | 5495 | 5505 | 5507 | 5538 | 5541 | 5549 | 5558 | 5568 | 5569 |
| 5570 | 5575 | 5583 | 5585 | 5591 | 5599 | 5615 | 5623 | 5645 | 5660 |
| 5667 | 5671 | 5679 | 5708 | 5717 | 5720 | 5724 | 5741 | 5742 | 5751 |
| 5757 | 5779 | 5780 | 5798 | 5791 | 5798 | 5827 | 5849 | 5857 | 5866 |
| 5872 | 5882 | 5890 | 5891 | 5895 | 5905 | 5930 | 5941 | 5947 | 5951 |
| 5954 | 5960 | 5964 | 5976 | 5974 | 5975 | 5983 | 5985 | 5986 | 6044 |
| 6059 | 6060 | 6065 | 6074 | 6084 | 6130 | 6132 | 6185 | 6196 | 6219 |
| 6222 | 6224 | 6236 | 6252 | 6298 | 6326 | 6334 | 6345 | 6354 | 6371 |
| 6373 | 6374 | 6385 | 6388 | 6390 | 6391 | 6403 | 6414 | 6421 | 6427 |
| 6431 | 6432 | 6481 | 6482 | 6505 | 6537 | 6546 | 6550 | 6554 | 6563 |
| 6568 | 6576 | 6612 | 6624 | 6633 | 6635 | 6671 | 6687 | 6705 | 6707 |
| 6725 | 6731 | 6734 | 6747 | 6784 | 6795 | 6801 | 6805 | 6827 | 6829 |
| 6840 | 6841 | 6905 | 6907 | 6931 | 6948 | 7000 | 7004 | 7012 | 7016 |
| 7017 | 7022 | 7025 | 7041 | 7052 | 7074 | 7081 | 7095 | 7097 | 7122 |
| 7146 | 7165 | 7184 | 7186 | 7194 | 7240 | 7288 | 7296 | 7297 | 7326 |
| 7346 | 7433 | 7437 | 7438 | 7441 | 7442 | 7455 | 7465 | 7490 | 7501 |
| 7549 | 7534 | 7535 | 7536 | 7592 | 7599 | 7600 | 7605 | 7607 | 7611 |
| 7642 | 7665 | 7672 | 7708 | 7720 | 7735 | 7738 | 7745 | 7746 | 7770 |
| 7808 | 7817 | 7820 | 7844 | 7866 | 7871 | 7908 | 7910 | 7912 | 7916 |
| 7926 | 7928 | 7943 | 7957 | 8031 | 8033 | 8044 | 8073 | 8071 | 8088 |
| 8093 | 8102 | 8118 | 8123 | 8132 | 8140 | 8148 | 8149 | 8160 | 8165 |
| 8174 | 8194 | 8196 | 8201 | 8209 | 8241 | 8256 | 8261 | 8265 | 8276 |
| 8304 | 8308 | 8324 | 8338 | 8347 | 8359 | 8365 | 8389 | 8402 | 8411 |
| 8429 | 8438 | 8436 | 8438 | 8456 | 8466 | 8487 | 8489 | 8490 | 8524 |
| 8532 | 8546 | 8562 | 8591 | 8625 | 8640 | 8646 | 8659 | 8669 | 8701 |
| 8705 | 8733 | 8738 | 8739 | 8757 | 8770 | 8771 | 8777 | 8782 | 8795 |
| 8840 | 8863 | 8804 | 8837 | 8836 | 8854 | 8867 | 8898 | 8900 | 8915 |
| 8925 | 8968 | 8971 | 8975 | 8992 | 8996 | 9005 | 9017 | 9035 | 9039 |
| 9083 | 9084 | 9077 | 9079 | 9086 | 9102 | 9105 | 9110 | 9112 | 9123 |
| 9125 | 9144 | 9145 | 9153 | 9155 | 9170 | 9172 | 9218 | 9228 | 9235 |
| 9239 | 9258 | 9260 | 9275 | 9322 | 9324 | 9329 | 9336 | 9340 | 9350 |
| 9369 | 9371 | 9377 | 9382 | 9392 | 9394 | 9398 | 9413 | 9444 | 9503 |
| 9536 | 9561 | 9596 | 9608 | 9609 | 9618 | 9625 | 9635 | 9639 | 9641 |
| 9644 | 9657 | 9667 | 9668 | 9676 | 9700 | 9724 | 9731 | 9772 | 9780 |
| 9789 | 9790 | 9791 | 9792 | 9822 | 9827 | 9840 | 9848 | 9865 | 9873 |
| 9890 | 9893 | 9894 | 9903 | 9905 | 9932 | 9975 | 9978 | 9983 | 9991 |
| Issued by DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES | | | | | | | | | |
| Kindly check the final result with Official Gazette Notification | | | | | | | | | |

# गुरदासपुर यूनिवर्सिटी ने बाढ़ राहत कार्यों के लिए 3.5 लाख का किया योगदान

यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस को मुख्यमंत्री बाढ़ राहत फंड हेतु चेक भेंट किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** एकता और सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल पेश करते हुए सरदार बेअंत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी (एस बी एस एस टी यू ), गुरदासपुर ने पूरे राज्य में चल रहे बाढ़ राहत कार्यों में सहयोग देने हेतु पंजाब मुख्यमंत्री बाढ़ राहत फंड में 3,50,000 रुपए प्रदान किए हैं।

यूनिवर्सिटी के उप कुलपति डॉ. एस.के. मिश्रा की अगुआई में यूनिवर्सिटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब तकनीकी शिक्षा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री स हरजोत सिंह बैंस से मुलाकात की और बाढ़ राहत फंड के लिए चेक भेंट किया। इस प्रतिनिधि दल में रजिस्ट्रार, डीन अकादमिक मामले, डीन योजनाबंदी एवं विकास, सहायक रजिस्ट्रार सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। यह राशि यूनिवर्सिटी के फैकल्टी और स्टाफ की भागीदारी के माध्यम से एकत्रित की गई थी, जिन्होंने पंजाब में हाल ही में आए भयावह बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता हेतु अपनी एक दिन की तनख्वाह दान की।

इस पहल की सराहना करते हुए स हरजोत सिंह बैंस ने कहा, इस चुनौतीपूर्ण समय में, सरदार बेअंत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी का यह कदम 'सरबत दे भले' की भावना और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। यूनिवर्सिटी के फैकल्टी एवं स्टाफ द्वारा सहानुभूति से किया गया यह योगदान एक सहानुभूति एवं एकता वाले समाज के निर्माण में अकादमिक संस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका की पुष्टि करता है।

डॉ. एस.के. मिश्रा ने जन कल्याण कार्यों के प्रति यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा, हम यह उम्मीद करते हैं कि हमारा यह प्रयास अन्य संस्थानों और नागरिकों को आगे आने और बाढ़ प्रभावित परिवारों को पुनर्जीवित करने में मदद करने के लिए प्रेरित करेगा।

# बाढ़ प्रभावित मंडियों को फिर से कार्यशील बनाने के लिए पंजाब सरकार का 5-दिवसीय विशेष अभियान शुरू

19 सितंबर तक सभी मंडियाँ पूरी तरह बहाल करने के लिए कृषि मंत्री गुरमीत खुड्डियां ने दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** पंजाब के कृषि और किसान कल्याण मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि बाढ़ प्रभावित अनाज मंडियों को फिर से चालू करने के लिए राज्य सरकार ने पाँच-दिवसीय विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य खड़े पानी और गाद को हटाकर सभी मंडियों को आगामी सॉनी खरीद सीजन के लिए पूरी तरह कार्यशील बनाना है।

रविवार से शुरू हुए इस अभियान के तहत मंडी बोर्ड और जिला मंडी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे व्यक्तिगत रूप से निगरानी करें और यह सुनिश्चित करें कि 19 सितंबर तक सभी मंडियाँ किसानों के लिए तैयार हो जाएं।

मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। 16 सितंबर से शुरू होने वाले सॉनी खरीद सीजन में किसानों को बिना किसी परेशानी के फसल बेचने, समय पर खरीद और तुरंत भुगतान की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी।

# बिजली के खंभे पर चढ़ी बेल दे रही है हादसों को न्यौता, पावरकॉम के अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। पावरकॉम की लापरवाही के कारण जीरकपुर के कई हिस्सों में बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर पर बेल (लताएं) व पेड़ों की टहनियां लिपट रही है। जिस कारण हादसा होने खतरा बना रहता है, बारिश के दौरान बेल के कारण खंभे में करंट आने का खतरा बना हुए है। इन बेलों व झाड़ियों के कारण आए दिन स्पार्किंग होती रहती है।पावरकॉम द्वारा हर बार मेंटेनेंस करने की बात कही जाती है लेकिन खंभो पर लटकी बेल कुछ और ही बयां कर रही है। जीरकपुर के ढकोली, गाजीपुर, पीरमुछल्ला, आसपास के गांवों में ऐसे कई खंभे व पेड़ मिल जाएंगे जिसपर बेल चढ़ी हुई है। बेल के कारण कई बार बिजली फाल्ट हो जाता है जिस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।




**करंट फैलने का रहता है डर:** कई जगहों पर बेल व पेड़ की टहनियां बिजली के खंभे और तारों को अपने में समेट कर नीचे लटक रही हैं। बिजली के तार पेड़ों की टहनियों के बीच से गुजर रहे हैं। इससे कभी भी लोगों की जान खतरे में पड़ सकती है। जीरकपुर में दो दर्जन से भी ज्यादा ऐसे खम्भे है जिन पर बेल चढ़ी हुई है और वे कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते है। बिजली की लाइन के तार पर तो बेलें एक छोर से दूसरे छोर तक पहुंच गई है और कुछ तो लटक रही हैं।

बारिश के दौरान बेल के कारण मेन तार में पानी चला जाता है और फिर करंट फैलने का खतरा बढ़ जाता है। कई बार तीनो फेस की तार में बेल के कारण स्पार्किंग हो जाती है और फ्यूज उड़ जाता है। शॉर्ट होने के बाद खंभे में भी करंट आ जाता है। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही ऐसी है कि उन्हें शहरवासियों पर मंडराता यह खतरा दिखाई ही नहीं दे रहा है।

**जानवरों के लिए खतरा ज्यादा:** बिजली के खम्भे और तारों को लिपटी हुई बेल, पौधे और झाड़ियां गाय और आवारा पशुओं के लिए जानलेवा भी साबित होने की संभावना से नकारा नहीं जा सकता है। बिजली के खम्भे और ट्रांसफार्मर के आसपास उगी घास को खाने के चक्कर में जानवरों को करंट लगने का खतरा रहता है।कई जगहों पर बड़ी-बड़ी झाड़ियों के कारण ट्रांसफार्मर दिखाई नहीं देते और जानवर को करंट लग जाता है।

**मेंटेनेंस पर प्रॉपर ध्यान नहीं दे रही पावरकॉम**

बिजली के खंभों और ट्रांसफार्मरों के आसपास उगी घास और तारों पर च?ती बेल को हटाया नहीं जा रहा है। कई जगहों पर पेड़ों की टहनियों से बिजली के खंभे और तार पूरी तरह से ढंक गए हैं। ऐसे में बारिश के दौरान आसपास करंट फैलने से कभी भी यहां बड़ा हादसा होने का अंदेशा है। पावरकॉम की ओर से कई बार मेंटेनेंस के नाम पर बिजली कटौती की जाती है। जिसमें बिजली के ढीले तारों को कसना, बिजली के पोलो एवं ट्रांसफार्मर के रखरखाव के लिए काम का दावा किया जाना आदि के चलते आए दिन बिजली कटौती की जाती है। लेकिन ये कुछ तस्वीरें बयां कर रही है कि पावरकॉम के कर्मचारी प्रॉपर तरीके से मेंटेनेंस पर ध्यान नहीं दे रहे है।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

# विकसित बिहार विकसित भारत



**बिहार के लोगों के लिए विद्युत, रेलवे, एयरपोर्ट, आवासन एवं शहरी कार्य, जल शक्ति, ग्रामीण विकास, कृषि, पशुपालन तथा डेयरी क्षेत्रों की 36000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उपहार**

## शिलान्यास

• पीरपैंती (भागलपुर) में 3x800 मेगावाट ताप विद्युत परियोजना • कोसी–मेची अंतर–राज्यीय नदी लिंक परियोजना
• विक्रमशिला–कटरिया के बीच नई रेल लाइन (26 किमी)
• सुपौल तथा कटिहार जिलों में अवरोधन एवं विपथन (आई एंड डी) एवं अपशिष्ट शोधन संयंत्र (एसटीपी) कार्य
• दरभंगा, कटिहार तथा भागलपुर में जलापूर्ति परियोजनाएं

## उद्‌घाटन

• पूर्णिया हवाई अड्डे के अंतरिम टर्मिनल भवन • अररिया–गलगलिया (ठाकुरगंज) के बीच नई रेल लाइन (111 किमी)
• नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत भागलपुर में अपशिष्ट शोधन संयंत्र (एसटीपी) तथा अवरोधन एवं विपथन (आई एंड डी)
• पूर्णिया में स्वदेशी गोजातीय लिंग–विभेदित वीर्य उत्पादन सुविधा

## हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

• पूर्णिया हवाई अड्डे से पहली वाणिज्यिक उड़ान
• अररिया–गलगलिया नई रेल लाइन से होकर जाने वाली कटिहार–सिलीगुड़ी एक्सप्रेस • जोगबनी–दानापुर वंदे भारत एक्सप्रेस
• सहरसा–छेहरटा (अमृतसर) अमृत भारत एक्सप्रेस • जोगबनी–इरोड अमृत भारत एक्सप्रेस

## गृह प्रवेश

• प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) (बिहार के 35600 लाभार्थी)
• प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) (बिहार के 5920 लाभार्थी)

## एनआरएलएम के अंतर्गत लाभों के वितरण

• बिहार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत समूह स्तरीय संघों के लिए ₹500 करोड़ की सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) (₹500 करोड़) तथा पाँच सीएलएफ को चेकों की सुपुर्दगी

## शुभारंभ

• राष्ट्रीय मखाना बोर्ड

## परियोजनाओं के लाभ


- पूर्णिया हवाई अड्डे पर नए सिविल एन्क्लेव के विकास से क्षेत्र में हवाई यात्रा की माँग पूरी होगी
- नई लाइनों और रेलगाड़ियों के परिचालन से कुशल एवं किफायती रेल यात्रा के साथ यात्री और माल ढुलाई के लिए संपर्कता को बढ़ावा मिलेगा
- नए ताप विद्युत संयंत्रों से विद्युत उत्पादन से घरेलू और औद्योगिक खपत के लिए विद्युत की अधिक उपलब्धता सुनिश्चित होगी
- नए जलापूर्ति तंत्रों से संधारणीय जल प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा और जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल से जल के कनेक्शन उपलब्ध कराने में तेजी आएगी
- अवरोधन एवं विपथन (आई एंड डी) तथा नए अपशिष्ट शोधन संयंत्र (एसटीपी) नदी के प्रदूषण को कम करेंगे तथा गंगा के पुनरुद्धार में सहायक सिद्ध होंगे
- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी) के अंतर्गत 41,520 परिवार घर के मालिक बनेंगे
- गोजातीय लिंग–विभेदित वीर्य उत्पादन सुविधा से डेयरी किसानों की आय में वृद्धि होगी तथा उनका आर्थिक बोझ कम होगा
- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत धनराशि के वितरण से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा और ग्रामीण निर्धन परिवारों / स्वयं सहायता समूहों का सशक्तिकरण
- मखाना उत्पादन उद्योग को बढ़ावा, जिससे इस क्षेत्र में वैश्विक मानचित्र पर बिहार की पहचान को सुदृढ़ता मिलेगी

# श्री नरेन्द्र मोदी
### माननीय प्रधानमंत्री
द्वारा


सोमवार, 15 सितंबर, 2025 | अपराह्न 03:30 बजे | पूर्णिया, बिहार

## गरिमामयी उपस्थिति

**श्री आरिफ मोहम्मद खान** – राज्यपाल, बिहार
**श्री नीतीश कुमार** – मुख्यमंत्री, बिहार
**श्री मनोहर लाल** – केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा विद्युत मंत्री
**श्री शिवराज सिंह चौहान** – केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री
**श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह** – केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज मंत्री
**श्री किंजरापु राममोहन नायडू** – केंद्रीय नागर विमानन मंत्री
**श्री अश्विनी वैष्णव** – केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
**श्री सी. आर. पाटिल** – केंद्रीय जल शक्ति मंत्री
**श्री सम्राट चौधरी** – उप मुख्यमंत्री, बिहार
**श्री विजय कुमार सिन्हा** – उप मुख्यमंत्री, बिहार
**श्री राजेश रंजन** – संसद सदस्य (लोकसभा)
**श्री विजय कुमार खेमका** – विधायक, पूर्णिया







CBC 03111/15/0011/2526

DD NEWS कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ पर देखें

# 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक देशभर में चलेगा स्वच्छता ही सेवा अभियान : मनोहर लाल

सेवा पखवाड़े के 15 दिनों में होंगे 17 तरह के कार्यक्रम आयोजित

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल बोले- जिला स्तर, विधानसभा स्तर और गांव स्तर पर होंगे कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 14 सितंबर।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को करनाल में स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय कर्ण कमल में सेवा पखवाड़े को लेकर बैठक ली। इसके उपरांत उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आगामी 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक देशभर में सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान उनके विभाग अर्बन डेवलपमेंट की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत शहरों की साफ-सफाई करवाई जाएगी व कुछ जगहों का जिम्मा स्वयं विधायक व जनप्रतिनिधि भी लेंगे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 17 सितंबर को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है और 2 अक्तूबर को महात्मा गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का भी जन्मदिन है। इसके साथ-साथ 2 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का भी जन्मदिन आता है। इस दौरान 17 सितंबर से 2 अक्तूबर, 2025 तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस पखवाड़े में बहुत से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम जिला स्तर पर, विधानसभा स्तर पर और गांव स्तर पर आयोजित होंगे। इस संबंध में आज बैठक ली और आवश्यक रूपरेखा तैयार की है। 15 दिन में 17 तरह के कार्यक्रम होंगे आयोजित केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सेवा पखवाड़े की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। 15 दिन में 17 अलग-अलग तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें रक्तदान शिविर, एक पेड़ मां के नाम, प्रबुद्धजनों की बैठक, जीएसटी पर व्यवसायियों का सम्मेलन, साहित्य वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस बीच में कई बड़े त्यौहार भी आ रहे हैं। ऐसे में हम सभी त्यौहारों के साथ-साथ इस सेवा पखवाड़े में भी हिस्सा लें। बाढ?स्त इलाकों में होगी मदद, मुख्यमंत्री ने की घोषणा केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि देशभर के अलग-अलग प्रांतों में बाढ़ आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं कुछ राज्यों का दौरा किया है। बाढ़ का नुकसान हरियाणा में भी हुआ है। जहां-जहां नुकसान हुआ है वहां मदद की जाएगी। इसकी घोषणा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कर चुके हैं। हर वर्ष मदद की जाती है जबकि दूसरे प्रांतों से ज्यादा की जाती है। इस बार भी प्रदेश की योजनाओं से किसानों व अन्य प्रभावित लोगों की मदद की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना-2 में बनेंगे 3 करोड़ मकानन्केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का पहला चरण 94 प्रतिशत पूरा हो चुका है। केवल 6 प्रतिशत काम ही बचा है। पिछले वर्ष इस योजना का दूसरा चरण भी शुरू हुआ है। इसके अंतर्गत देशभर में 3 करोड़ मकान बनाए जाने हैं। इसमें 1 करोड़ मकान शहरी क्षेत्र में जबकि 2 करोड़ मकान ग्रामीण क्षेत्र में बनाए जाने हैं। आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा भारत॑ केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने भारत-पाकिस्तान के मैच के संदर्भ में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। पहलगांव हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। यह एक बड़ा एक्शन था। आज भी भारत ने चेतावनी दे रखी है कि आतंकवाद और आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाएगा। रही बात खेल की तो इसका एक सिस्टम है। खेल दुबई में हो रहे हैं। इस मौके पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, चीफ व्हीप एवं इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि कविंद्र राणा,जिला महामंत्री सुभाष कश्यप, मानवपुरी पूर्व चेयरमैन इलम सिंह, आईटी सेल की डा. पूनम पांचाल व अन्य वरिष्ठजन मौजूद रहे।

# पंचकूला में स्वदेशी स्वावलम्बी भारत अभियान की अभिनन्दन रथ यात्रा, आत्मनिर्भरता का संदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



फोटो : अजय चौधरी

**पंचकूला।** स्वदेशी स्वावलम्बी भारत अभियान के तहत अभिनन्दन रथ यात्रा का आयोजन 14 सितंबर को हरियाणा बाल कल्याण परिषद की पूर्व मानद महासचिव रंजीता मेहता की ओर से राजीव कॉलोनी (ट्यूबवेल के पास, मौली जागरण के सामने) किया गया। यात्रा का जगह-जगह फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और स्थानीय नागरिक इस अभियान में शामिल हुए।

करीब 250 महिलाओं ने इस यात्रा में भाग लेकर स्वदेशी वस्तुएं अपनाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संदेश दिया। ÷स्वदेशी अपनाओ, भारत को आत्मनिर्भर बनाओ÷ के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। आयोजकों के अनुसार पंचकूला जिले में इस अभियान को मजबूती देने के लिए अब तक 150 से अधिक बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। अभियान को आगे बढ़ाने के लिए 10 प्रमुख आयाम तय किए गए हैं जिनमें स्वदेशी वस्तुओं का प्रचार, युवाओं को जागरूक करना और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कार्य करना प्रमुख है।

इस अवसर पर अखिल भारतीय स्वदेशी जागरण मंच के संगठन संयोजक राजेश गोयल ने कहा कि यह अभियान केवल विचारों तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर पैदा करने का भी उद्देश्य रखता है। उन्होंने कहा कि भारत को सशक्त बनाने के लिए आत्मनिर्भरता और स्वदेशी को अपनाना आवश्यक है। जब तक हम अपने पैरों पर खड़े नहीं होंगे, तब तक वैश्विक मंच पर मजबूती से नहीं उभर सकते।

उत्तर भारत के समन्वयक डॉ. राजेश गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग केवल आर्थिक विकल्प नहीं बल्कि राष्ट्रप्रेम की अभिव्यक्ति है। उन्होंने आंदोलन के ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए कहा कि स्वदेशी विचारधारा स्वतंत्रता संग्राम की रीढ़ थी और आज भी आत्मनिर्भर भारत के लिए यही सबसे बड़ा उत्तर है।

उन्होंने आंकड़े साझा करते हुए बताया कि वर्ष 2024 में भारत का विदेशी व्यापार घाटा 95 मिलियन डॉलर रहा, जिसमें अकेले चीन से ही 99.2 मिलियन डॉलर का घाटा शामिल है। यदि भारतीय नागरिक घरेलू उत्पादों को प्राथमिकता दें तो न केवल यह घाटा कम होगा बल्कि देश आर्थिक रूप से और भी मजबूत बनेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### शिविर में 61 वरिष्ठ नागरिकों का हुआ चेकअप



**पंचकूला (अप्रस)।** सीनियर सिटीजन कौंसिल पंचकूला के प्रांगण में शैलबी हॉस्पिटल मोहाली ने फ्री ऑर्थोपेडिक कैंप का आयोजन किया। डॉ प्रदीप अग्रवाल, एमएस आर्थो, डॉ श्रीमती बिश्नोई, राजेश तथा टेक्निकल स्टाफ का कोंसिल मैनेजमेंट ने स्वागत किया। डॉ अग्रवाल ने 61 वरिष्ठ नागरिकों का चेकअप किया। काउंसिल मैनेजमेंट हॉस्पिटल की मैनेजमेंट, डॉ अग्रवाल, डॉ बिश्नोई तथा टेक्निकल स्टाफ का धन्यवाद किया कि पूरी लगन के साथ वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ के हड्डी से संबंधित प्रॉब्लम्स को चेक अप किया। कौंसिल के सदस्यों ने मैनेजमेंट के प्रयासों की सराहना की कि समय समय पर हेल्थ चेक अप कैंपस का आयोजन किया जाता है। यह जानकारी रविंद्र शर्मा, प्रधान, सीनियर सिटीजंस कौंसिल ने दी।

### राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने हिन्दी सप्ताह में दिखाई प्रतिभा

**पंचकूला (अप्रस)।** राजकीय महाविद्यालय सेक्टरङ्ग1 में प्राचार्या डॉ. शैलजा छाबड़ा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में 8 सितंबर से 13 सितंबर तक हिंदी सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निबंध लेखन, कविता पाठ, विचार-लेखन, हिन्दी-गीति प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और रचनात्मकता से प्रतियोगिताओं में भाग लिया।कोयल ठाकुर, अनमोल शर्मा,प्राची, माधव, नेहा, करीना, शिवम, सचिन ,नीरज,कशिश, जयप्रकाश सहित कई छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुष्पगुच्छ एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या डॉ. शैलजा छाबड़ा ने कहा कि हिन्दी हमारी मातृभाषा होने के साथ-साथ हमारी संस्कृति और पहचान की धरोहर है। हिन्दी सप्ताह जैसे आयोजन विद्यार्थियों की भाषा-प्रतिभा को निखारने के साथ आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति की क्षमता को भी मजबूत करते हैं।उन्होंने कहा कि मैं सभी विद्यार्थियों व आयोजन समिति को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. नीलम कुमारी ने कहा कि महाविद्यालय के हिन्दी विभाग का सदैव यह प्रयास रहा है कि विद्यार्थी केवल भाषा को पढ़ें ही नहीं, बल्कि उसे जीवन का हिस्सा बनाएं। हिन्दी सप्ताह में विद्यार्थियों ने जिस ऊर्जा और सृजनशीलता का परिचय दिया है, वह हिन्दी भाषा के उज्ज्वल भविष्य का दर्पण है। कार्यक्रम को सफल बनाएंगे में विभाग की प्राध्यापिका प्रो. डा. रुबी चौधरी और डा. चित्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कत्थक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने जीता दर्शकों का दिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 सितंबर।** प्राचीन कला केंद्र के सेक्टर 71 मोहाली परिसर में स्थित डॉ शोभा कौसर सभागार में एक विशेष नृत्य संध्या में गुरु योगेश शर्मा के निर्देशन में नृत्य की शिक्षा प्राप्त कर रहे शिष्यों द्वारा कत्थक नृत्य की विभिन्न प्रस्तुतियां पेश की गयीं। इस कार्यक्रम में लगभग 40 बच्चों के भाग लिया। प्राचीन कला केंद्र ने इस मासिक कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों के बहुपक्षीय विकास , मंच प्रदर्शन और व्यक्तित्व को निखारने और एक नयी दिशा में विकसित करने हेतु शुरू किया गया था । आज के कार्यक्रम में कलाकारों ने खूबसूरत प्रस्तुतियां पेश करके दर्शकों की तालियां बटोरी। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना जिस के बोल थे गए गणपति से हुई जिस में केंद्र में बांग्लादेश से आये नाहयान चौधरी ने भाग लिया। जिस में उन्होंने कत्थक नृत्य के माध्यम से प्रस्तुति पेश की।

इस के बाद शुद्ध कत्थक नृत्य पेश किया गया जिस में सेहर , रीत , अवंतिका , शिवानी , चाहत , रिद्धिमा , अदिति , स्निग्धा , समृद्धि , शाम्भवी , सुजीता ,ऐशानी , सायरा तथा देवांशी द्वारा कत्थक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के अगले भाग में शिव स्तुति शिवम सुंदरम पेश की गयी जिस में आर्या , मन्नत , प्राची , प्रियम एवं अनाया ने खूबसूरत नृत्य पेश करके तालियां बटोरी।

इसके उपरांत बच्चों द्वारा कृष्ण भजन पेश किया गया और इस में मनीषा , रूपा , नवनीता , नताशा , भव्या ,श्वेता और वैदेही ने भाग लिया।

कार्यक्रम के अंत में सरगम पेश की गयी जिस में अनधिका , आशी, वृद्धि , अनाहिता , मंजू , मधुमिता , रूबी एवं नानकी ने सुन्दर नृत्य पेश करके दर्शकों को आंनदित कर दिया। म कार्यक्रम में हारमोनियम और पढंत पर गुरु योगेश शर्मा , गायन पर उन्नति शर्मा , तबले पर अक्षय शर्मा और भास्कर ने बखूबी संगत की। कार्यक्रम के अंत में केंद्र की एडिशनल रजिस्ट्रार डॉ समीरा कौसर ने प्रशंसा भरे शब्दों से कलाकारों का हौसला ब?ाया और गुरु योगेश शर्मा की प्रशंसा करते हुए उनका सम्मान किया।

केंद्र के इस प्रयास से विद्यार्थी न केवल मंच प्रदर्शन करके अपनी कला को आत्मविश्वास के साथ बखूबी प्रस्तुत कर रहे हैं बल्कि भारत के प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को समृद्धि दिलाने में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करके केंद्र की भूमिका अहम है।

# अमृतसर में फोटो वीडियो एक्सपो माझा 2025 में शामिल हुई चंडीगढ़ फोटोग्राफर्स एसोसिएशन

अर्थ प्रकाश/अजय चौधरी




**चंडीगढ़, 14 सितंबर।** माझा फोटोग्राफर्स वेलफेयर एसोसिएशन के आमंत्रण पर चंडीगढ़ फोटोग्राफर्स एसोसिएशन (सीपीए) की टीम ने अमृतसर में आयोजित फोटो वीडियो एक्सपो माझा 2025 में सहभागिता की। इस अवसर पर सीपीए के चेयरमैन श्री जे. पी. गरचा, अध्यक्ष श्री सरोज चौहान तथा महासचिव श्री सुनील भट्ट टीम सहित उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ ज्योति प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसे सीपीए के अध्यक्ष श्री सरोज चौहान ने संपन्न किया। एक्सपो के दौरान माझा फोटोग्राफर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सचिन बजाज एवं महासचिव श्री योगेश कुमार ने चंडीगढ़ फोटोग्राफर्स एसोसिएशन की टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया।

सीपीए टीम को स्मृति-चिन्ह ट्रॉफी भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजकों ने सीपीए की पूरी टीम का धन्यवाद प्रकट करते हुए उनके योगदान की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन फोटोग्राफी और वीडियो के क्षेत्र में नई तकनीक व ज्ञान के आदान-प्रदान का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

# हंसी ठहाकों के बीच तीन दिवसीय फल्गु लोककला महोत्सव संपन्न

## सिया के राम में राम कथा की गीतकार चरणजीत की विशेष प्रस्तुति

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 14 सितंबर।** कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा एवं फल्गु मंदिर सुधार समिति के संयुक्त तत्वावधान में फल्गु तीर्थ पर तीन दिवसीय लोककला महोत्सव का हंसी ठहाकों के बीच आज समापन हो गया। तीसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर कुलदीप चंद अग्निहोत्री कार्यकारी उपाध्यक्ष हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, अध्यक्ष सुभाष गर्ग सुप्रसिद्ध समाजसेवी कैथल, विशिष्ट अतिथि कर्म सिंह समाज सेवी दिल्ली, डॉ. पवन वर्मा निदेशक आकाशवाणी केंद्र हिसार और विख्यात समाजसेवी विजय सिंगला ने दीप प्रज्वलन से किया। इसके बाद अतिथियों और कवियों का स्वागत आयोजक समिति की ओर से फूल माला, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कवयित्री अनामिका वालिया शर्मा ने सरस्वती वंदना और कविताओं से देश प्रेम का संदेश देते हुए खूब तालियां बटोरी। उनके बाद सुप्रसिद्ध हरियाणवी हास्य कलाकार संजीत कौशिक ने अपने हरियाणवी हास्य-मखौल से उपस्थित श्रोताओं को हंसाकर लोटपोट कर दिया। हरियाणवी कवि प्रदीप सिंह ने समाज पर व्यंग्य करते हुए अपनी कविता बाबू भगवान है से श्रोताओं को प्रभावित किया। हास्य कलाकार आजाद दूहन के मंच पर आते ही उपस्थिति श्रोताओं ने उनकी जोरदार अभिनंदन किया। दिनेश शर्मा दिनेश ने फल्गु तीर्थ पर अपना मुक्तक पढ़ा। हास्य विनीत पाण्डेय ने कहा कि जिओ तो जिंदादिली से। कार्यक्रम के अंत में अंतरराष्ट्रीय गीतकार चरणजीत चरण ने सिया के राम पर विषय पर केंद्रित रामायण के सीता अपहरण से रावण वध तक के प्रसंग पर आधारित अपना विशेष काव्य पाठ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अध्यक्ष सुभाष गर्ग ने सुंदर प्रस्तुति के लिए सभी कवियों और कलाकारों को साधुवाद दिया। डॉ. पवन शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को संस्कृति के साथ जोड़े रखने का बेहतरीन साधन हैं। महोत्सव के संयोजक दिनेश शर्मा ने सभी आमंत्रित अतिथियों, कवियों, कलाकारों और उपस्थित दर्शकों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में दिल्ली से विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में वरिष्ठ टीवी पत्रकार पवन कुमार शर्मा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों में क्षीरधारा करनाल से विकास गर्ग, आशा, दिल्ली से प्रवीण सिंह, दीपक गुप्ता, पंकज वर्मा, प्रवीण कुमार के अतिरिक्त संजीव राणा, कपिल वर्मा, तरसेम, हर्ष राणा के साथ-साथ सैंकड़ों दर्शक उपस्थित रहे।

# महाराजा सूरजमल जाट वेलफेयर सोसाइटी द्वारा नागरिक सम्मान समारोह आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 14 सितंबर।** महाराजा सूरजमल जाट वेलफेयर सोसाइटी द्वारा रविवार को रियासत पैलेस के ऑडिटोरियम हाल में नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोसाइटी के प्रधान भीम सिंह ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन संयोजक राजकमल ढांडा व डा. राजेश भनवाला ने किया। मंच संचालन का कार्य डा. करमबीर सिंह चाहल व जेपी जागलान ने संभाला। डा. मनोज कुमार भांभू, प्राचार्य राजकीय कॉलेज कैथल भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस अवसर पर समाज में फैली कुरीतियों, बढ़ते अत्याचारों के प्रति जागरूकता लाने, शिक्षा व खेलों को प्रोत्साहित करने और समाज के प्रति निष्ठा बढ़ाने जैसे विषयों पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इंटरनेशनल जाट धर्मशाला के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योखंड ने भी समाज को संबोधित किया और युवाओं को प्रेरित किया। युवाओं ने यह संकल्प लिया कि वे बुजुर्गों की परंपराओं को आशीर्वाद की तरह संजोएंगे, उन्हें आगे बढ़ाएंगे और समाज को जागरूक व संगठित करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के दौरान सोसाइटी के अब तक किए गए सामाजिक कार्यों का भी उल्लेख किया गया।

# इंस्पेक्टर हरिओम शर्मा की टीम को बड़ी कामयाबी : दो अलग अलग मामलो में बटन वाले चाकू रखने के मामले में दो आरोपियों को किया काबू

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी







**चंडीगढ़।** यूटी नार्थ ईस्ट डिविजन की थाना मौली जागरा पुलिस ने दो अलग अलग मामलो में बटन वाले चाकू रखने के मामले में दो आरोपियों को अलग अलग जगहों से गिरफ्तार किया है।और पुलिस ने मामले में बटन वाले चाकू भी बरामद कर लिए। जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना मौली जागरा के प्रभारी इंस्पेक्टर हरिओम शर्मा की टीम शनिवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। समय करीब 8.45 मिनट का होगा। जब पुलिस विकास नगर पेट्रोल पंप स्लिप रोड के पास पहुंची तो पुलिस ने देखा कि एक शख्स पंचकूला की और से पैदल उनकी और आ रहा है।और तेजी से चलने लगा। जब पुलिस को मामले में शक हुआ तो तलाशी के दौरान पुलिस को उसके कब्जे से एक बटन वाला चाकू बरामद हुआ। आरोपी ने अपना नाम मौली कॉम्प्लेक्स के रहने वाले शुभम बताया।पुलिस ने तुरंत मामले में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

**केस नंबर-2 :** जानकारी के अनुसार पता चला कि चंडीगढ़ पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना मौली जागरा के प्रभारी इंस्पेक्टर हरिओम शर्मा की टीम शनिवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। समय करीब 9.50 मिनट का होगा। जैसे ही पुलिस विकास नगर से सुंदर नगर के पास स्लिप रोड की ओर पहुंची तो उन्होंने देखा कि एक युवक पैदल उनकी ओर बढ़ रहा था।और तेजी से चलने लगा। पुलिस को शक हुआ तो उसे रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को उसके कब्जे से एक बटन वाला चाकू बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी की पहचान राजीव कॉलोनी पंचकूला के रहने वाले मोनू के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ एक मामला दर्ज पाया गया है। आरोपी को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



# निबंध प्रतियोगिता में स्नेहा रही प्रथम

**कैथल (अप्रस)।** युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा द्वारा राजकीय आईटीआई कैथल में जिला स्तरीय हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना व एनसीसी के सभी छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान अधीक्षक सोहन लाल द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य भूमिका के तौर पर एनएसएस अधिकारी शमशेर सिंह मलिक रहे। कार्यक्रम में सेमिनार व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल व हिन्दी वक्ता के तौर पर डा. अशोक अत्री प्रोफेसर आरकेएसडी कॉलेज कैथल व अमरजीत मोण प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ कन्या विद्यालय करोड़ा रहे। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्नेहा, द्वितीय स्थान मुस्कान तथा तृतीय स्थान जैस्मिन ने प्राप्त किया। सभी विजेता छात्राओं को जिला स्तरीय इनाम राशि के तौर पर प्रथम रुपये 1100 द्वितीय 750 रुपए व तृतीय रुपये 500 की राशि बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की जाएगी।

# श्रीमती कस्तूरी देवी : त्याग, सेवा और संस्कारों की जीवित प्रतिमूर्ति

## एक आदर्श मातृशक्ति और समाज सेविका की जीवनगाथा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 सितंबर।** गांव धर्मखेड़ी, जिला हिसार की पावन धरती पर 3 जून 1959 को बहू बनकर आई और अपने दाम्पत्य जीवन की शुरुआत करने वाली हरियाणा की बेटी श्रीमती कस्तूरी देवी का सम्पूर्ण जीवन त्याग, सादगी, सेवा और उच्च संस्कारों से परिपूर्ण रहा।

3 जून 1944 को जन्मी कस्तूरी देवी जी ने अपने जीवन के हर क्षण को परिवार और समाज के उत्थान में समर्पित किया। हाल ही में उनके स्वर्गवास ने न केवल परिवार, बल्कि पूरे समाज को शोकाकुल कर दिया है।

**पति का सहयोग और परिवार की नींव:** उनके पति श्री रघुबीर सिंह खर्ब, हेड मास्टर पद से सेवानिवृत्त होकर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे चुके हैं। गृहिणी होते हुए भी कस्तूरी देवी जी ने अपने पति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर परिवार को आगे बढ़ाने में अमूल्य भूमिका निभाई। उनकी सादगी और समझदारी ने पूरे परिवार को मजबूत नींव प्रदान की।

**परिवार एवं संतान की उपलब्धियाँ:** कस्तूरी देवी जी ने अपने बच्चों को परिश्रम, ईमानदारी और शिक्षा का महत्व सिखाया। आज उनके तीनों पुत्र और दो पुत्रियाँ अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त कर चुके हैं-

वीरेंद्र खर्ब- डीएसपी, हरियाणा पुलिस, कुलदीप खर्ब- डिप्टी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी, विजिलेंस व एंटी क्रप्शन ब्यूरो पंचकूला, नरेंद्र खर्ब- व्याख्याता, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जींद, शीला देवी- सुसंस्कारित विवाहिता, सुमन देवी- सुसंस्कारित विवाहिता, उनके पौत्र-पौत्रियाँ आज वकालत, चिकित्सा और अभियांत्रिकी जैसे क्षेत्रों में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। यह सब संभव हो पाया उनके द्वारा दिए गए दृढ़ संस्कारों और जीवन मूल्यों के कारण।

**संस्कारों और समाज सेवा की धरोहर:** कस्तूरी देवी जी का सम्पूर्ण जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि एक माँ केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं होती, बल्कि वह समाज की धुरी भी होती है। उनकी सरलता, सहनशीलता और मातृवत स्नेह ने न केवल अपने परिवार को, बल्कि पूरे गांव व रिश्तेदारी को ऊँचाइयों तक पहुँचने की प्रेरणा दी।

गांव के बुज़ुर्ग रोशन ने एक संस्मरण साझा करते हुए कहा- उनकी बहू गिन्नी, अपने पिता की तेहरवी करके चिड़ी गांव से बच्चों के साथ अकेली धर्मखेड़ी लौट रही थी। यह देखकर कस्तूरी देवी जी का दिल पसीज गया और उन्होंने उसे दिलासा देकर उसका हौसला बढ़ाया। तभी से उस बहू ने उन्हें अपनी सगी दादी जैसा मान लिया।

गिन्नी अपनी दो मासूम बच्चों के साथ अकेली मायूस अपने घर लौट रही थी। यह देख कस्तूरी देवी जी का हृदय द्रवित हो उठा और वे उसे दिलासा देने उसके घर गईं। लंबे समय तक उन्होंने उसे माँ की तरह सहारा दिया, जिसके कारण उस बहू ने उन्हें दिल से अपनी दादी मान लिया।

ऐसे अनेक अनुभव गांव वालों ने चौपाल और पंचायत में साझा किए, जो यह दर्शाते हैं कि कस्तूरी देवी जी का जीवन केवल एक परिवार तक सीमित नहीं था, बल्कि वे पूरे समाज की माँ थीं।

**श्रद्धांजलि:** 11 सितम्बर 2025 को उनकी तेहरवी सम्पन्न हुई, जिसमें परिजनों, रिश्तेदारों और समाज के अनेक लोगों ने भाग लेकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

ईश्वर से प्रार्थना है कि श्रीमती कस्तूरी देवी जी की आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें। उनका जीवन, त्याग और संस्कार सदैव समाज को प्रेरित करते रहेंगे।

▲ अधिकतम 32 डिग्री से.
डिग्री से. 26 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 6.07 बजे
सूर्यास्त 6.29 बजे
सोना 24 कैरेट : 1,12,955.00
सेंसेक्स : 81,904.70
अमेरिका : 88.27
कैनेडियन : 63.70
आस्ट्रेलिया : 58.56

# क्षमा केवल शब्द नहीं, बल्कि आत्मा की महानता है : सत्यपाल जैन

## क्षमावाणी पर्व श्री दिगंबर जैन मंदिर में श्रद्धापूर्वक मनाया गया, जयपुर से पधारे विपिन जैन ने पक्षी मुक्ति पर सारगर्भित व्याख्यान दिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 सितंबर।** दिगंबर जैन मंदिर, चंडीगढ़ में आज क्षमावाणी पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आत्मचिंतन के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद सत्यपाल जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एडवोकेट अजय जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारम्भ सत्यपाल जैन ,समस्त कार्यकारिणी एवं समाज के विशिष्ठ व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। तत्पश्चात मंगलाचरण गया गया। कार्य क्रम प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक चला।

कार्यक्रम के दौरान जयपुर से पधारे विपिन जैन ने पक्षी मुक्ति पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने पक्षियों की स्वतंत्रता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों और युवाओं के लिए %पक्षी मुक्ति% विषय पर एक चित्रकला प्रतियोगिता की घोषणा की और भागीदारी फॉर्म वितरित किए। विपिन जी ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रण दिलवाया की हम कभी किसी पक्षी को पिंजरे में नहीं रखेंगे।

मुख्य अतिथि सत्यपाल जैन ने क्षमावाणी पर्व के आध्यात्मिक महत्व पर संबोधन देते हुए कहा कि क्षमा केवल शब्द नहीं, बल्कि आत्मा की महानता है। क्षमा ही आत्मा का आभूषण है और इसी के माध्यम से हम वैर, द्वेष और अहंकार से मुक्ति पा सकते हैं।

मंदिर समिति के सभी सदस्य धर्म बहादुर जैन, एडवोकेट आदर्श जैन , संत कुमार जैन , एडवोकेट राजा बहादुर सिंह जैन ,आशीष जैन , शरद जैन ,नीरज जैन ,करुण जैन ,रमेश जैन , इन्दर मल जैन, डॉ आशीष जैन, दामोदर दस जैन , कैलाश जैन एवं अन्य इस पावन अवसर पर उपस्थित रहे और कार्यक्रम की सफलता में योगदान दिया।

पंचकूला दिगम्बर जैन समाज से किशोरी लाल जैन , प्रदीप जैन एवं कई अन्य सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के अंतर्गत उन आठ श्रद्धालुओं को सम्मानित किया गया , जिन्होंने दशलक्षण पर्व में दस दिन के व्रत किये थे। नमिता जैन, प्रीति जैन मोहाली , कविता जैन, सोनिया जैन, रानी जैन , अमित जैन ने पुरे 10 दिन के व्रत किये जिसमे भोजन तो दूर पानी भी नहीं लिया जाता। जनित जैन , आदित्य जैन ने क्रमशः 5,7 दिन के व्रत किये। समाज की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ भी किया गया, जिससे समाज की गतिविधियां अब डिजिटल रूप से भी जनसाधारण तक पहुंच सकेंगी। यह वेब साइट नितिन जैन मोहाली व नीरज जैन द्वारा बनाई गयी। साथ ही, समाज के सदस्यों के लिए विशेष पहचान पत्र भी बनवाकर वितरित किए गए , कार्ड वितरण अध्यक्ष धर्म बहादुर जैन को कार्ड देकर आरम्भ किया गया। विपिन जैन के निर्देशन में बच्चों ने धार्मिक नृत्य एवं भजन प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का समापन मंगल पाठ एवं ÷मिच्छामी दुक्कड़म÷ व क्षमा की भावना के साथ हुआ। तत्पश्चात सभी ने सात्विक भोजन ग्रहण किया। ट्राईसिटी से 500 से अधिक लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# आशीष मुनि जी ने नवकार सम्मेलन में प्रवचनों से जैन समाज का किया मार्ग प्रशस्त

पंचकूला में जैन समाज के अनुयाई का गुरुदेवों के दर्शन एवं प्रवचन का लाभ लेने को उमड़ा जन सैलाब

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**पंचकूला।** नवकार आशीष सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में पंचकूला स्थित जिनेन्द्र गुरुकुल स्कूल में नवकार सम्मेलन का आयोजन धूमधाम से किया गया। उत्तर भारतीय प्रवर्तक शासनसूर्य पूज्य श्री शांतिस्वरूप जी म.सा के सुशिष्य श्रमण संघीय सलाहकार भीष्म पितामह तपस्वी रत्न पूज्य श्री सुमतिप्रकाश जी म. सा के सुशिष्य वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर डॉ. पूज्य श्री विशाल मुनि जी म. सा के गुरु भ्राता, युग प्रधानाचार्य सम्राट पूज्य श्री शिव मुनि जी म.सा के आज्ञानुवर्ती, उत्तर भारतीय प्रवर्तक पूज्य गुरुदेव श्री आशीष मुनि जी म.सा, तत्व चिंतक श्री उत्तम मुनि जी म.सा, स्वाध्याय रसिक श्री विराग मुनि जी म.सा ठाणे-3 के पावन सान्निध्य में मनाया गया। श्री आशीष मुनि जी ने अपने प्रवचनों से जैन समाज का मार्ग प्रशस्त किया।

श्री एस.एस जैन सभा, के संरक्षक नेम कुमार ओसवाल, संरक्षक, जयपाल जैन, प्रधान एस.एन जैन, उपप्रधान डॉ कैलाश जैन, महासचिव सेक्टर 17, पंचकूला मौजूद रहे।

प्रातः 8.15 बजे से 8.50 बजे तक भक्तामर संपूट हुआ जिसमें श्रीमती साधना जैन धर्मपत्नी संजीव जैन, मेरठ, उत्तर प्रदेश से पधारे। इसके पश्चात णमो जिणाणं जिय भयाणं का जाप प्रातः 8.45 बजे से 9.20 बजे तक किया गया। प्रातः 9.30 बजे सम्मेलन में मनधीर जैन (पूर्व प्रधान) सुंदर नगर, लुधियाना, की ओर से इसके पश्चात ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि के तौर पुनीत जैन, अति विशिष्ट अतिथि सत्यभूषण जैन भी मौजूद थे। आनंद कुमार, राजेश कुमार, मनोज कुमार बोरा (एमजेबी ग्रुप), के.जी.एफ, बंगलुरू, की तरफ से 3 सोने के तथा 11 चांदी के सिक्के वितरित किए। गणमान्य अतिथियों में पंचकूला की पूर्व मेयर उपिंदर कौर आहलूवालिया, पूर्व आयुक्त अंबाला से राजनीतिक राजिंदर पाल गुप्ता और पूर्व सहायक आयुक्त अधिकारी कराधान, पंजाब विजय कुमार गर्ग ने शिरकत की। उन्होंने लक्की ड्रा का लाभार्थी परिवार को सम्मानित किय।

श्री एसएस जैन सभा पंचकूला के प्रधान एसएन जैन ने बताया कि हर वर्ष चातुर्मास में सभा की ओर से मिल कर सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। इस बार नवकार आशीष सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष शीतल भंडारी, पूर्व अध्यक्ष महावीरजी रातडिया, उपाध्यक्ष महेन्द्रजी गोलछा चेन्नई और मंत्री विनोद कांकरिया नासिक से समारोह में पधारे। ट्रस्ट के सह महामंत्री निलेश जे भंडारी नासिक, कोषाध्यक्ष रवि लूणावत पुणे और सह कोषाध्यक्ष जितेंद्र लोढ़ा नासिक ने सम्मेलन में शिरकत की।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला का मोबाइल झपटा, मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 11 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत से बाइक पर सवार दो शातिर आरोपी एक महिला का मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची थाना 11 पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता गांव खुडा लहौरा की रहने वाली पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया कि वह 12 सितंबर को अपने किसी काम से आकर घर की तरफ जा रही थी। जैसे ही वह धनास लेक से खुडा लहौरा को जाने वाले ब्रिज के पास पहुंची तो इसी दौरान मोटर साइकिल पर सवार दो आरोपी आए ।और पीड़िता महिला का मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हेरोइन समेत आरोपी युवक को किया काबू

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना मलोया पुलिस ने हेरोइन समेत आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है ।पकड़े गए आरोपी की पहचान डीएमसी कॉलोनी के रहने वाले अनुज कुमार के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 5.27 ग्राम हेरोइन बरामद की। जानकारी के अनुसार पता चला कि चंडीगढ़ पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना पुलिस की टीम शनिवार शाम करीब साढ़े 5 बजे एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस डीएमसी स्थित त्रिकोना पार्क के पास पहुंची तो पुलिस ने शक के आधार पर उक्त आरोपी को रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को आरोपी युवक के कब्जे से 5.27 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### पलसोरा पुलिस चौकी ने हेरोइन समेत आरोपी किया गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (रंजीत शम्मी)।** सेक्टर 56 स्थित पलसोरा पुलिस चौकी ने हेरोइन समेत आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान शाही माजरा मोहाली निवासी राकेश कुमार के रूप में हुई है ।पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से 7.55 ग्राम हेरोइन बरामद की। जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस की एसएसपी कंवरदीप कौर के दिशा निर्देशों के चलते सैक्टर 56 पलसोरा चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह की टीम शनिवार को एरिए में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस सैक्टर 56 स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के पास पहुंची तो पुलिस ने शक के आधार पर उक्त आरोपी को रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को उसके कब्जे से 7.55 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया ।पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को न्यायकि हिरासत में भेज दिया।

### श्री सरस्वती दशहरा कमेटी के प्रतिमधिमंडल ने शहर के सांसद, मेयर को निमंत्रण दिया

**चंडीगढ़ (रंजीत शम्मी )।** रविवार को श्री सरस्वती दशहरा कमेटी सैक्टर 24 सी के प्रधान संदीप दहिया और चेयरमैन दर्शन कुमार कुंदरा के नेतृव में शहर के सांसद मनीष तिवारी,मेयर हरप्रीत कौर बबला और चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की से भेंट कर उन्हें दशहरे पर्व का निमंत्रण दिया। उन्होंने दशहरे पर्व पर आना का भरोसा दिलाया ।श्री सरस्वती दशहरा कमेटी सैक्टर 24 सी 37 वा दशहरा सर्व धर्म सम्मेलन के रूप में बड़ी धूमधाम से मानने जा रही है। दशहरा कमेटी सैक्टर 24 के इस प्रतिनिधिमंडल में सेकेट्री जनरल प्रेम शम्मी,सीनियर उप प्रधान हरभजन सिंह जेई,सचिव जनक राज,और अन्य सदस्य मौजूद थे।

# सांसद मनीष तिवारी को बाढ़ से हुए नुकसान को लेकर प्रशासक को लिखना पड़ा पत्र

कहा पटियाला की राव के पार डड्डूमाजरा की जमीनें मिट्टी और प्रदूषित पानी के खेतों में घुसने से बुरी तरह प्रभावित, गिरदावरी जरूरी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 सितंबर।** चंडीगढ़ के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक और पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को चंडीगढ़ के गाँव डड्डूमाजरा और धनास में बाढ़ से हुए नुकसान के संबंध में एक पत्र लिखा है। इस दौरान उन्होंने बाढ़ से हुए नुकसान की गिरदावरी कराने की मांग करने समेत समस्या के स्थायी समाधान को जरूरी बताया है।

तिवारी ने पत्र में लिखा है कि उन्हें हाल ही में चंडीगढ़ के डड्डूमाजरा और धनास दोनों गांवों का दौरा करने का अवसर मिला, जो पटियाला की राव में आई बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि पटियाला की राव के उस पार स्थित डड्डूमाजरा गाँव की ज़मीनें मिट्टी और प्रदूषित पानी के खेतों में घुसने से बुरी तरह प्रभावित हुई हैं।

तिवारी ने जिक्र किया कि इस दौरान उन्हें चंडीगढ़ के पश्चिमी तट पर पटियाला की राव के एक सुंदर और सुव्यवस्थित स्थान बनने की संभावनाओं का विस्तार से अध्ययन करने का अवसर भी मिला। जिसे लेकर उन्होंने कहा आप जानते ही हैं कि उन्होंने वर्ष 2019 से 2024 तक श्री आनंदपुर साहिब संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। इस दौरान, नयागांव सहित चंडीगढ़ के आसपास का क्षेत्र उनके पुराने निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा था।

**पटियाला की राव की वार्षिक बाढ़ का स्थायी समाधान संभव:** मनीष तिवारी ने कहा कि पटियाला की राव की वार्षिक बाढ़ का स्थायी समाधान संभव है, जिससे इसके दोनों किनारों पर रहने वाले लोगों को स्थायी राहत व सहायता मिल सकेगी। इस नाले की जल निकासी नयागांव से डड्डूमाजरा पुल और उसके आगे तक उचित तरीके से की जा सकती है। इसी प्रकार, खरपतवार और झाड़ियों को भी साफ किया जा सकता है, व मलबा, वनस्पति और अन्य ठोस अपशिष्ट जैसी सभी बाधाओं को हटाकर इसके मार्ग को चौड़ा किया जा सकता है, जो वर्तमान में पटियाला की राव के मार्ग में बाधा डाल रहे हैं। इससे प्राकृतिक प्रवाह बहाल होगा।

### जमा हुई सारी गाद और कीचड़ को हटाया जाना चाहिए

सांसद ने इस बात पर भी जोर दिया कि पटियाला की राव जलमार्ग की जल-वहन क्षमता बढ़ाने के लिए नयागांव से लेकर चंडीगढ़ क्षेत्र से नदी के निकलने वाले बिंदु तक गाद को हटाया जा सकता है। इसके लिए, जमा हुई सारी गाद और कीचड़ को हटाया जाना चाहिए व पानी के रास्ते में आने वाली रुकावटों को दूर करने के लिए रास्ते के तटबंधों को पक्का किया जाना चाहिए। इसके किनारों और ढलानों को मज़बूत किया जाना चाहिए। पटियाला की राव के दोनों किनारों पर सजावटी रोशनी के साथ सुंदर पैदल रास्ते विकसित किए जा सकते हैं। इसके अलावा, धनास गांव को पंजाब के तोगा गांव से जोड़ने वाले पुल को ऊंचा किया जाना चाहिए, ताकि गांव वाले पंजाब की ओर नदी के दूसरे किनारे पर स्थित अपनी ज़मीनों तक पहुँच सकें। उन्होंने एक पीईआरटी चार्ट तैयार करने और उसे साझा करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया व इसकी प्रभावशीलता की निगरानी के लिए हर पखवाड़े पर प्रगति रिपोर्ट तैयार की जानी चाहिए।

मनीष तिवारी ने पटियाला की राव की बाढ़ प्रभावित ज़मीन की तुरंत गिरदावरी करवाने की भी मांग की, ताकि किसानों को हुए नुकसान का मुआवज़ा मिल सके। इसके अलावा, डड्डूमाजरा के कूड़े के ढेर से रिसने वाले पानी के जमाव के कारण बने दलदल, जो धनास के निवासियों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गया है, को प्रभावी ढंग से और बिना किसी देरी के निकाला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि इस आधार पर कार्य किया जाए और परियोजना को प्राथमिकता दी जाए, तो जल्द से जल्द एक स्थायी और टिकाऊ समाधान लागू किया जा सकता है।

### चंडीगढ़ प्रशासन को हर साल केंद्रीय बजट से 6,100 करोड़ रुपये

चंडीगढ़ प्रशासन को हर साल केंद्रीय बजट से 6,100 करोड़ रुपये मिलते हैं और लगभग 10,000 से 12,000 करोड़ रुपये चंडीगढ़ स्थित विभिन्न केंद्र प्रायोजित सरकारी संस्थानों, जैसे पीजीआई, पंजाब विश्वविद्यालय, पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठनों और अन्य रक्षा संस्थानों को जाते हैं। फिर भी, वह अपनी सांसद निधि से उचित राशि का योगदान देंगे। कृपया चंडीगढ़ प्रशासन को इस परियोजना को शुरू करने और लागू करने के निर्देश दें।

# चोरी के मामले में चालक और फ्लैक्स बोर्ड डिजाइनर का काम करने वाले दो काबू

पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से तीन डिब्बे रेड टूथपेस्ट और बाइक को भी अपने कब्जे में लिया

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी




**चंडीगढ़।** यूटी नार्थ ईस्ट डिविजन की थाना मनी माजरा पुलिस ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियो की पहचान गांव दड़वा रहने वाले ड्राइवर नरेश दुबे और फ्लैक्स बोर्ड डिजाइनर काम करने वाले राजबीर के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के कब्जे से तीन डिब्बे रेड टूथपेस्ट और वारदात में इस्तेमाल बाइक को भी अपने कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार पता चला कि थाना पुलिस को गुप्त सूचना और टेक्निकल तकनीक के जरिए सूचना मिली थी कि एरिया से चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी सक्रिय है। मामले को गंभीरता से लेते हुए और चंडीगढ़ पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनिंदर सिंह की टीम ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने तुरंत उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

**क्या था मामला:** जानकारी के अनुसार शनिवार को सूचना मिली थी कि समाधि गेट मनीमाजरा में एक चोर पकड़ा गया है। इस सूचना पर पुलिस दल मौके पर पहुँचा, जहाँ शिकायतकर्ता पंकज गुप्ता ने एक लिखित शिकायत दर्ज कराई।जिसमें उन्होंने बताया कि वह दुकान समाधि गेट मनीमाजरा में माँ मनसा देवी एंटरप्राइजेज नामक एक सौंदर्य प्रसाधन की दुकान चलाता हैं। आज वह अपनी दुकान पर गए और दुकान के पीछे स्थित गोदाम में गए। सामान की जाँच करने पर उन्होंने पाया कि कुछ डिब्बे गायब थे। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की जाँच की और पाया कि 11 सितंबर 2025 को लगभग 3ः00 बजे दोपहर दो अज्ञात युवक मोटरसाइकिल पर आए। एक युवक गोदाम के बाहर रहा।जबकि दूसरा गोदाम में घुस गया और डाबर रेड टूथपेस्ट के तीन डिब्बे चुराकर भाग गया। आज, वही व्यक्ति मोटरसाइकिल पर उसकी दुकान के पास घूम रहे थे, उसने उन्हें पहचान लिया और नरेश दुबे नामक एक युवक को पकड़ लिया, जबकि दूसरा लड़का भाग गया।पुलिस जांच के दौरान आरोपी नरेश दुबे से आगे की जांच और पूछताछ के दौरान, अन्य आरोपी राजबीर 14 सितंबर 2025 को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी का सामान यानी डाबर रेड टूथपेस्ट के तीन डिब्बे बरामद किए गए हैं। आगे की जांच के दौरान, अपराध में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को भी अपने कब्जे में लिया। दोनों आरोपियों को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपियों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# वार्ड नंबर 31 में भूख हड़ताल, सड़क व सीवरेज समस्या को लेकर वार्डवासियों का रोष





अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 14 सितंबर।** वार्ड नंबर 31 की सड़कों की खस्ता हालत, सीवरेज व्यवस्था की बदहाली और गांव कजहेड़ी के दीप नगर एरिया में पानी की पाइपलाइन बदलवाने की मांग को लेकर रविवार को वार्डवासियों ने भूख हड़ताल की।

इस भूख हड़ताल का नेतृत्व आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ के अल्पसंख्यक विंग के उपप्रधान शकील मोहम्मद ने किया। उन्होंने कहा कि वार्ड 31 के गांव कजहेड़ी, सेक्टर-52 और 61 की सड़कें जगह-जगह गड्ढों से भरी पड़ी हैं। इस बारे में छुश्व से लेकर प्रधानमंत्री तक शिकायतें की गई, लेकिन किसी ने समस्या का समाधान नहीं किया। यही हाल सीवरेज का है—पूरे वार्ड में ऐसी कोई गली नहीं जहां सीवरेज का पानी ओवरफ्लो न हो रहा हो।

गांव कजहेड़ी के अवतार सिंह ने बताया कि दीप नगर एरिया में पिछले 30 सालों से पानी की पाइपलाइन नहीं बदली गई है। जबकि सभी घरों में पानी के मीटर लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह इलाका सुप्रीम कोर्ट के आदेश से छोड़ा गया था, फिर भी आज तक समस्याएँ जस की तस बनी हुई हैं।

भूख हड़ताल में वार्डवासी अवतार सिंह, ममता कैंथ, राकेश, विशाल, राज कोर, बबली सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ के पदाधिकारियों में जनरल सेक्रेटरी सन्नी ओलख, पी.पी. घई, पार्षद हरदीप सिंह तथा पार्टी के सह प्रभारी और पंजाब वाटर सप्लाई एवं सीवरेज बोर्ड के चेयरमैन श्री सन्नी आहलुवालिया भी उपस्थित रहे। वार्डवासियों ने चंडीगढ़ प्रशासन को अल्टीमेटम दिया कि यदि समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो नगर निगम कार्यालय का घेराव किया जाएगा और आमरण अनशन पर बैठने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

### हिमाचली एकजुटता के लिए संस्थाओं का वर्ल्ड हिमाचली ऑर्गेनाईजेशन को समर्थन

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हिमाचलियों के हितों को लेकर वर्ल्ड हिमाचली ऑर्गेनाईजेशन ने संस्थाओं के एकीकरण और आपसी तालमेल के लिए अभियान शुरू किया है। इसी कड़ी में संस्था के वाइस चेयरमैन रविंद्र पठानिया और महामंत्री सुरेश राणा ने खरड़ स्थित हिमाचली जनहित महासभा के पदाधिकारियों से मुलाकात कर समर्थन मांगा। महासभा के अध्यक्ष जगदेव पटियाल और महामंत्री पृथ्वी राज शुक्ला ने संस्था के रोडमैप का समर्थन करते हुए सहयोग का आश्वासन दिया। इससे पहले अध्यक्ष अमित राणा ने दिल्ली स्थित पालमपुर सुधार सभा और हिमाचल कल्याण सभा से भी समर्थन प्राप्त किया था।

# भारत-पाकिस्तान मैच के विरोध में आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़, 14 सितंबर। भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने आज सेक्टर-16 क्रिकेट स्टेडियम चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। आप नेताओं ने मांग की कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देता है, तब तक भारत को उसके साथ क्रिकेट नहीं खेलना चाहिए।

आप के प्रदेश सचिव ललित मोहन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने हमला कर 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या की। उनके परिजन अब भी शोक में डूबे हैं। पूरा देश जानता है कि आतंकवादियों को सबसे बड़ी शरण पाकिस्तान देता है। इसके बावजूद भारत सरकार पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलने की अनुमति दे रही है, जो देशवासियों के साथ विश्वासघात है।

ललित मोहन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्होंने वादा किया था कि जिन महिलाओं का सिंदूर उजड़ा है, उनका बदला सरकार लेगी। लेकिन अब उन्हीं हत्यारों को पनाह देने वाले देश के साथ क्रिकेट खेलकर सरकार किस प्रकार का बदला ले रही है? यह बेहद शर्मनाक कदम है।

प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पार्षद जसबीर सिंह लाडी ने कहा कि भाजपा सरकार देशवासियों की भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है। सभी लोग मांग कर रहे हैं कि आज का मैच रद्द होना चाहिए, परंतु केंद्र सरकार इसके विपरीत निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि जब सरकार खुद कहती है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ, तो फिर पाकिस्तान के साथ मैच करवाने की क्या मजबूरी है?

प्रदेश महासचिव सन्नी औलख ने भी सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि पाकिस्तान जब तक आतंकवाद को पनाह देना बंद नहीं करता, तब तक उसके साथ किसी भी प्रकार का क्रिकेट मैच नहीं होना चाहिए।

# चिकित्सा शिविर लगाना समाज के लिए नेक कार्य : संजय टंडन

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 14 सितंबर।** स्थानीय लोगों के निःशुल्क चिकित्सा जांच को लेकर स्वयंसेवी संस्था सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट द्वारा सेक्टर 45 के सामुदायिक केंद्र पर निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने विशेष रूप से इसमें भाग लिया।

शिविर की जानकारी प्रदान करते हुए संस्था के संयोजक परीक्षित राणा ने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य की जांच हेतु पी जी आई के विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने अपने सहयोगी डॉक्टर टीम के साथ लोगों की जांच की और उनको सम्बंधित बीमारी के उपचार हेतु दवाइयां भी लिखीं। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा इस शिविर में निःशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया।

चिकित्सा शिविर में उपस्थित सभी डॉक्टर्स, मरीजों और संस्था के सदस्यों का हौसला बढ़ाते हुए मुख्यातिथि संजय टंडन ने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक जन कल्याण के कार्यों को करने से समाज में जरूरतमंदों को सहायता उपलब्ध करवाना एक नेक कार्य है। समय समय पर अपने शरीर की जांच से हम समय रहते उपचार करवा सकते हैं। इस प्रकार से शिविरों से जो लोग अस्पतालों में नहीं जा पाते उनके लिए बहुत आसान हो जाता है। उन्होंने शिविर के सफल आयोजन पर सर्व कल्याणकारी संस्था के अभिषेक राणा और उनकी समस्त टीम को शुभकामनाएं प्रदान की। इस मौके पर उनके साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष रविंद्र मलिक, जिला महामंत्री एल. डी. शर्मा जी, मंडल अध्यक्ष मुकेश शास्त्री तथा मंडल नंबर 34 के सभी पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

# पंजाब का हौसला आसमान से भी ऊंचा, वह फिर उठ रहा

पंजाब ने बीते कई वर्षों में पहली बार बाढ़ का जैसा संकट झेला है, वह बेहद चुनौतीपूर्ण और दर्दनाक है। राज्य के सीमावर्ती जिलों के गांव और शहर पानी-पानी हो गए। सरहदी इलाकों में तो बाढ़ का पानी उतरने में अभी और ज्यादा समय लगने वाला है। राज्य की अर्थव्यवस्था का आधार कृषि है, लेकिन इस बार सभी फसलें तबाह हो गईं। खेतों में भरा पानी किसान की आंख के पानी से कम है। मीडिया में जिस प्रकार की रिपोर्ट सामने आ रही है, उसके मुताबिक पंजाब को बहुत बड़े पैमाने पर मदद की जरूरत है। बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने राज्य का हवाई सर्वेक्षण किया है और मदद जारी करवाई है। निश्चित रूप से केंद्र सरकार का यह प्रयास सराहनीय है और समय अनुसार है। हालांकि पंजाब को फिर से अपने पैरों पर खड़ा होने में जहां और मुआवजे की जरूरत है, वहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी इसके प्रयास किए जाने की आवश्यकता है कि देश की धड?न पंजाब की मुसीबत और मुश्किलें जल्द खत्म हो सकें।

**गौरतलब है कि राज्य के शहरों और गांवों में बाढ़ के पानी के बाद अब जमा गाद और गंदगी को साफ करने की चुनौती है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पूर्ण समर्पण भाव से राज्य की जनता की मदद के लिए अपना शत प्रतिशत दिया। हालांकि बीच में उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया और उन्हें अस्पताल में रहना पड़ा। लेकिन जैसे ही उनका स्वास्थ्य ठीक हुआ, वे पुनः उसी रफ्तार से राज्य के कल्याण के लिए जुट गए हैं। यह भी कितना विचित्र है कि राज्य में मुख्यमंत्री को बदलने की अफवाहें भी उड़ाई गई। निश्चित रूप से राजनीति इसी का नाम है, क्योंकि यहां किसी की मेहनत और उसके जज्बे को पूरा समर्थन नहीं मिलता। धारा के विपरीत जाकर अपने फर्ज को निभाना पड़ता है और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी यही किया। अस्पताल में रहते हुए वे कैबिनेट बैठक करते रहे और वहीं से फाइलों को निपटाते हुए अधिकारियों को निर्देशित करते रहे।**

गौरतलब है कि राज्य के शहरों और गांवों में बाढ़ के पानी के बाद अब जमा गाद और गंदगी को साफ करने की चुनौती है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पूर्ण समर्पण भाव से राज्य की जनता की मदद के लिए अपना शत प्रतिशत दिया। हालांकि बीच में उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया और उन्हें अस्पताल में रहना पड़ा। लेकिन जैसे ही उनका स्वास्थ्य ठीक हुआ, वे पुनः उसी रफ्तार से राज्य के कल्याण के लिए जुट गए हैं। यह भी कितना विचित्र है कि राज्य में मुख्यमंत्री को बदलने की अफवाहें भी उड़ाई गई। निश्चित रूप से राजनीति इसी का नाम है, क्योंकि यहां किसी की मेहनत और उसके जज्बे को पूरा समर्थन नहीं मिलता। धारा के विपरीत जाकर अपने फर्ज को निभाना पड़ता है और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी यही किया। अस्पताल में रहते हुए वे कैबिनेट बैठक करते रहे और वहीं से फाइलों को निपटाते हुए अधिकारियों को निर्देशित करते रहे। मुख्यमंत्री मान ने अब घोषणा की है कि राज्य के गांवों में अगले दस दिनों के अंदर गाद को साफ कर दिया जाएगा। सरकार ने राज्य के 2300 गांवों और वार्डों में सौ करोड़ की राशि से सफाई अभियान शुरू किया है। इस बीच गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाने की भी घोषणा की गई है, जिनमें लोगों का इलाज किया जाएगा। मुख्यमंत्री मान का यह कथन सर्वथा उचित है कि पंजाब जब देश के लिए तत्पर है तो अब देश को पंजाब की मदद के लिए आगे आना चाहिए।

बेशक, राज्य को भारी मदद की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री मान को केंद्र से अनेक अपेक्षाएं हैं और इसी वजह से उन्हें मुआवजा राशि कम प्रतीत हुई है। यही कारण है कि वे कह रहे हैं कि पंजाब केंद्र से भीख नहीं मांग रहा। जाहिर है, पंजाब एक दाता राज्य है। जब देश में कहीं भी जरूरत होती है तो पंजाब और पंजाबी सदैव आगे रहते हैं। देश के कोने-कोने में पंजाब के लोगों के द्वारा उद्योग स्थापित किए जाते हैं। अब जब पंजाब को सहारा चाहिए तो देश को आगे आना होगा। हालांकि पंजाब के पड़ोसी राज्य हरियाणा ने मुश्किल की इस घड़ी में राज्य की हर संभव मदद के लिए कदम बढ़ाए हैं। वैसे पंजाब के संबंध में एसआरडीएफ के 12 हजार करोड़ रुपये होने के कैग की रिपोर्ट का सच भी सामने आना जरूरी है। राज्य सरकार का तर्क है कि केंद्र को उसे राहत पैकेज देना चाहिए लेकिन ऐसे तथ्य सामने आ रहे हैं कि राज्य ने अपने यहां मौजूद फंड का निवेश नहीं किया अपितु उसे दूसरे मद में खर्च कर दिया। यह कोई नहीं जानता है कि आपदा कब आ जाए। बीते वर्षों में पहली बार हुआ है, जब बाढ़ ने राज्य को डुबो दिया, ऐसे में अगर राज्य की तैयारियों पर सवाल उठे हैं तो उनका निवारण होना भी जरूरी है।

राज्य में अवैध खनन का मुद्दा भी पुरजोर तरीके से उठा है। कहा गया है कि इसी कारण से बाढ़ का प्रकोप ज्यादा हुआ। निश्चित रूप से राज्य सरकार को इन सभी कारणों की समीक्षा करनी होगी। आपात स्थिति के लिए तैयार रहना भी राज्य की जिम्मेदारी है। इस समय सरकार की ओर से ग्रामीणों और किसानों की मदद सर्वोपरि होनी चाहिए। राज्य के किसानों को हुए नुकसान की भरपाई होनी चाहिए वहीं जनसामान्य के घर-दुकान आदि को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के भी हर संभव प्रयास होने चाहिए। बेशक, राजनीतिक नेतृत्व घोषणा कर देता है लेकिन उन्हें नौकरशाही ही जमीन पर उतारती है। तब सरकार को बीच की जटिलताओं को खत्म करना होगा और प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंचना होगा।

# नरेंद्र मोदी और कार्यकर्ता निर्माण संगठन की असली ताकत

'संगठन की शक्ति वहीं खिलती है, जहाँ कार्यकर्ता तपस्वी बनकर खड़े होते हैं।' यही दर्शन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीवन यात्रा और उनके सामाजिक-संगठनिक दृष्टिकोण का मूल मंत्र रहा है। नरेंद्र मोदी ने हमेशा कार्यकर्ताओं को संगठन का हृदय माना और उन्हें तैयार करना, प्रशिक्षित करना और सशक्त बनाना अपने प्राथमिक कार्यों में रखा। उनका मानना था कि संगठन केवल ढाँचा नहीं है, बल्कि उस ढांचे में कार्यकर्ताओं की क्षमता, अनुशासन और समर्पण ही असली ताकत हैं।



नरेंद्र मोदी आरएसएस के प्रचारक बने 1970 के शुरुआती दौर में। 1977 में आपातकाल के बाद, जब वे विभाग प्रचारक के रूप में एक कुशल संगठनकर्ता बनकर उभरे, तब उनकी कार्यशैली का मुख्य आधार कार्यकर्ता निर्माण रहा। 1980 के दशक में गुजरात में संगठन का विस्तार बहुत सीमित था। उस समय किसी एक तालुका में शाखा स्थापित करना भी बड़ी उपलब्धि मानी जाती थी। लेकिन युवा नरेंद्र मोदी की दृष्टि अलग थी। उनका मानना था – 'हर गाँव में शाखा होनी चाहिए।' इसके लिए वह हर शाखा की जिम्मेदारी एक कार्यकर्ता को देते और समय-समय पर उसकी प्रगति की जानकारी लेते। कौन मुख्य शिक्षक है, क्या गतिविधियाँ हुई, कौन शाखा में अनुपस्थित रहा और क्यों–इन सब विवरणों पर बारीकी से ध्यान रखा जाता।

संघ के 60 वर्ष पूरे होने पर 1985 में कर्णावती (अहमदाबाद) में एक विशाल शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में लगभग 5000 कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। शिविर की पूर्व तैयारी में मोदी गाँव-गाँव जाकर युवाओं से संपर्क करते और उन्हें गणवेश खरीदने हेतु प्रेरित करते। परिणामस्वरूप, सैकड़ों नए युवा न केवल शिविर में पहुँचे बल्कि संगठन से स्थायी रूप से जुड़ भी गए। इसने गुजरात संघ में एक नई ऊर्जा डालने का काम किया, और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के निर्माण की भी शुरुआत हुई।

मोदी कार्यकर्ताओं को योजनाबद्ध और व्यवस्थित रूप से काम करना सिखाते थे। उदाहरण के लिए, 1980 के दशक की शुरुआत में राजकोट के पी.डी. मालवीय कॉलेज में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग में भाग लेने वाले कार्यकर्ता अभी भी याद करते हैं कि उन्होंने स्थानीय लोगों से सर्वे कर संगठन की छवि समझने और परिणामों को सांख्यिकीय विधियों के माध्यम से प्रस्तुत करने का नया प्रयोग कराया। यह केवल सीख ही नहीं, बल्कि संगठन को मज़बूत बनाने के लिए आधुनिक तरीकों और योजनाबद्ध सोच का संदेश भी था।

नरेंद्र मोदी कार्यकर्ताओं को आचरण और शिष्टाचार के व्यावहारिक उदाहरणों से प्रेरित करते थे। छोटी आदतें, जैसे सुव्यवस्थित रहना, दरवाज़ा खटखटाकर प्रवेश करना, घरवालों का आत्मीयता से कुशल-क्षेम पूछना – यह सब उन्हें जिम्मेदार और सम्मानित कार्यकर्ता बनाते थे। उनके प्रशिक्षण से कार्यकर्ता न केवल संगठन के सदस्य बने, बल्कि समाज में आदर्श प्रतिनिधि भी बने। मोदी कठिन परिस्थितियों एवं दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के समय कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों को व्यक्तिगत नैतिक सहयोग दिया करते थे, जिसे अनेक कार्यकर्ता आज भी कृतज्ञता के साथ याद करते हैं।

1987 में भाजपा गुजरात के संगठन मंत्री बनकर उन्होंने यही कार्यकर्ता निर्माण राजनीतिक क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के लिए भी करने शुरू किया। 1980 के दशक में गुजरात भाजपा के संगठन पर्व के माध्यम से हजारों नए कार्यकर्ता संगठन से जुड़े।

अनुशासन और जवाबदेही मोदी की कार्यशैली का मूल था। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सबक दिया कि अनुशासन, समर्पण और जवाबदेही संगठन की मजबूती की नींव हैं। वे खुद बैठकों में एक मिनट भी देर नहीं करते थे, और अगर कोई देर से आता, तो उन्हें बाहर रहकर बैठक में भाग लेने को कहते थे।

मोदी ने संगठन में सामाजिक संतुलन और चुनावी रणनीति दोनों में नई दिशा दी। पदाधिकारियों के चयन में सामाजिक संतुलन सुनिश्चित की और 1987 के अहमदाबाद नगर निगम चुनावों में 'बूथ जीतो' रणनीति से कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर सक्रिय और लक्ष्य केंद्रित बनाया।

साथ ही, मोदी व्यक्तिगत आचरण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को आत्मविश्वास और क्षमता बढ़ाते थे। पहली बार पार्टी में शामिल हुए कार्यकर्ता को उन्होंने भरोसा दिलाया और बूथ संगठन, सदस्यता विवरण और सामूहिकता के महत्व की व्याख्या विस्तार से करते थे। परिणामस्वरूप, केवल कुछ महीनों में लाखों नए सदस्य जुड़े और मजबूत कार्यकर्ता खड़े हुए।। भाजपा संगठन मंत्री रहते हुए उन्होंने ÷टिफिन बैठक÷ जैसी पहल से कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों को संगठन से भावनात्मक रूप से जोड़ा।

संगठन निर्माण में मोदी केवल ढाँचे और रणनीति तक सीमित नहीं रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संवेदनशील और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता बनने की शिक्षा दी। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को कनिष्ठों के साथ सहयोग और जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। आलोचना पर संतुलित प्रतिक्रिया और प्रशंसा पर संयम, ये सब मोदी की कार्यकर्ता-निर्माण की मूल रणनीति का हिस्सा थे। नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण स्पष्ट था – संगठन की असली ताकत कार्यकर्ताओं में है। अनुशासन, समर्पण और सेवा की भावना से भरे ऐसे कार्यकर्ता किसी भी परिस्थिति में राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हैं। यही कारण है कि आज संगठन केवल राजनीतिक शक्ति नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक चेतना बन चुका है। मोदी की कार्यकर्ता-निर्माण की यात्रा आने वाली पीढ़ियों के लिए यह संदेश देती है कि यदि जड़ों को सींचा जाए, तो शाखाएँ अपने आप फलती-फूलती हैं और वृक्ष युगों तक अडिग खड़ा रहता है।

**लेखक- श्री बी एल संतोष भारतीय जानता पार्टी के राष्ट्रीय महा सचिव हैं। ये लेखक के निजी विचार हैं**

## हरियाणा की डायरीः साप्ताहिक कॉलम

## लाइब्रेरी में स्पीकर का ओचक निरीक्षण



**लेखकः चंद्रशेखर धरणी स्वतंत्र पत्रकार**

घरौंडा की लाइब्रेरी में स्पीकर हरविंदर कल्याण ने ओचक निरीक्षण किया।जिससे नगरपालिका में हड़कंप मच गया। लाइब्रेरी में अध्यन कर रहे विद्यार्थियों से स्पीकर हरविंद्र कल्याण मिले। लाइब्रेरी में और क्या बेहतर हो सकता है विद्यार्थियों से जाना। विद्यार्थियों की मांग पर स्पीकर ने दिए छुट्टी के दिन लाइब्रेरी खुले की बात कही।उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को लेकर लाईब्रेरी में किसी भी तरह की लापरवाही या कोताही बर्दाशत नहीं की जाएगी। स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने लाइब्रेरी की सीटिंग कैपेसिटी बढ़ाने, कम्प्यूटर लगवाने, इंटरनेट जैसी सुविधाएं देने के लिए भी कहा। इस ओचक निरीक्षण के माध्यम से स्पीकर ने आधिकारियों व कर्मचारियों को संदेश भी दिया कि वह भविष्य में भी कभी कहीं इसी प्रकार आ जा सकते हैं,लोगों के अनुरूप काम करें।

### केंद्रीय मंत्री से मुलाकात की गुज्जर ने

हरियाणा के पूर्व मंत्री कंवर पाल गुज्जर के नेतृत्व में हरियाणा के यमुनानगर के यमुना के लगते इलाके को पक्का करने की मांग को लेकर इलाके के लोगों ने की केंद्रीय रेल जल संसाधन मंत्री वी.सोमन्ना से मुलाकात की । पूर्व कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर बोले उत्तर प्रदेश में यमुना के साथ लगते इलाकों को किया है पक्का, हरियाणा में हो रहा है लगातार भूमि कटाव, सीडब्ल्यूसी की अनुमति लेकर हरियाणा के इलाकों को भी जो यमुना के साथ लगते हैं पक्का करवाने की अनुमति दिलाई जाए।

### बड़ौली ने कांग्रेस पार्टी पर तंज कसा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कांग्रेस पार्टी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव में अगर किसी को वोट डालनी नहीं आए तो उसमें हम क्या करें। कांग्रेस को पहले अपने लोगों को ट्रेनिंग देनी चाहिए थी। श्री बड़ौली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा चुनाव से पहले अपने सांसदों को वोट डालने की ट्रेनिंग देती है। पीएम मोदी ने भी खुद चुनाव से पहले यह ट्रेनिंग ली। कांग्रेस को सीखना चाहिए। हरियाणा की नायब सरकार बाढ़ से पीड़ित पंजाब, हिमाचल और जम्मू कश्मीर राज्य की सहायता कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तीनों राज्यों को 5-5 करोड़ रुपये की सहायता राशि भी दी है। कांग्रेस को आरोप लगाने से पहले देखना चाहिए जहां उनकी सरकारें हैं वे आपदा के दौरान क्या करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में लोगों की मदद कर रहे हैं।कांग्रेस के संगठन पर चुटकी लेते हुए कहा कि कांग्रेस का संगठन परिवारवाद, भाई भतीजावाद के दम पर बनाया गया है। कांग्रेस पार्टी कभी परिवारवाद से बाहर आ ही नहीं सकती।

### हिमाचल में किसकी लापरवाही से हुआ नुकसानः बेदी

प्रदेश में आई बाढ़ रुपी प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के चलते राजनीतिक आरोपों प्रत्यारोपों का दौर भी जारी है। पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, कुमारी शैलजा रणदीप सुरजेवाला, जननायक जनता पार्टी की ओर से पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला सहित तमाम विपक्षी दल प्रदेश में आई बाढ़ को लेकर नायाब सरकार पर हमलावर हैं। वही नायाब कैबिनेट के तेज तर्रार मंत्री कृष्ण बेदी ने रणदीप सुरजेवाला सहित कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में तो कांग्रेस की सरकार है। वहां पर भी कुदरत ने इतना कहर बरपाया है उसको कैसे नहीं रोक पाए। जबकि नायाब सरकार के कुशल आपदा प्रबंधन के कारण पहली बार इतनी रिकॉर्ड स्तर पर बरसात और पानी आने की वजह से बहुत कम ही नुकसान हुआ है जो कि आज तक के प्रदेश इतिहास के बाढ़ प्रबंधन में सबसे अच्छा रहा।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### टेलीफोन सलाहकार समिति गठित सजपा व जद को प्रतिनिधित्व नहीं

चंडीगढ़। 27 सदस्यों की टेलीफोन सलाहकार समिति का गठन कर दिया गया है। आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि इसमें इंकाइयों की तो भरमार है लेकिन हरमोहन धवन सहित उनकी पार्टी सजपा व जनता दल के किसी भी सदस्य को शामिल नहीं किया गया। जिला प्रबंधक टेलीफोन गुरदीप सिंह समिति के चेयरमैन तथा डिवीजन अभियंता प्रशासनिक टेलीफोन गुरचरण सिंह सदस्य सचिव होंगे। पवन बंसल व विनोद शर्मा दोनों सांसद के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों में पंजाब के संयुक्त एस. अग्रवाल, वकीलों में अनूपम गुप्ता व एएस मचाकी, व्यापारियों एवं उद्योगपतियों में हरिकृष्ण, पीवी बहल, दौलतराम शर्मा, सतीश गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ताओं में जगन्नाथ कौशल, संगीता उमत, होशियार सिंह, बन्नोराम, श्रेष्ठा नेहता, मनजीत सिंह चौहान, मनीष तिवारी, अमरीक सिंह, इन्द्रजीत सिंह, ज्ञानचंद गुप्ता (भाजपा), शशि गांधी, जोगिन्द्र सिंह साहनी, निहाल कौर, पुष्पा शर्मा, जगदीप चौधरी सुजन सिंह निब्बर, पत्रकारों में प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रभजोत सिंह को शामिल किया गया है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1812- नेपोलियन के नेतृत्व में फ्रांसीसी सेना मास्को के क्रैमलिन पहुंची।
1860- एम विश्वेश्वरैया का जन्म।
1876- भारतीय उपन्यासकार शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का जन्म।
1909- द्रविड़ मुनेत्र कषगम के संस्थापकों में से एक सी एन अन्नादुरई का जन्म।
1916- प्रथम विश्व युद्ध में पहली बार सोम्मे की लड़ाई में टैंक का इस्तेमाल किया गया।
1927- प्रसिद्ध कवि एवं साहित्यकार सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का जन्म।
1948 - स्वतंत्र भारत का पहला पोत 'आईएनएस दिल्ली' बंबई (अब मुंबई) के बंदरगाह पर पहुंचा।
1959 - भारत की राष्ट्रीय प्रसारण सेवा दूरदर्शन की शुरुआत।
1971- दुनिया को हरा भरा और शांति पूर्ण बनाने के संकल्प के साथ ग्रीन पीस की स्थापना।
1978- अर्मेनिया की अरैरट एरेवन ने पहली विदेशी टीम के तौर पर मोहन बागान के साथ संयुक्त रूप से आई.एफ.ए. शील्ड जीती।
1981- वानुआतु संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य बना।
1982- लेबनान के निर्वाचित राष्ट्रपति बशीर गेमायेल की पदासीन होने से पहले ही बम विस्फोट में हत्या।
2001- अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति को अफगानिस्तान पर सैनिक कार्यवाही की मंजूरी दी।
2002: न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के अवसर पर भारत, चीन एवं रूस के विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित।
2003: सिंगापुर के मुद्दे पर विकासशील देशों के भड़क उठने से डब्ल्यूटीओ वार्ता विफल।

## बोल ब्यूटीफुल

**केजेएस ढिल्लोंः** अगर आप एशिया कप के मैच देख रहे हैं तो उससे पहले एक पल के लिए जरा उन निर्दोष लोगों के बारे में सोचना, जिनकी पहलगाम में निर्मम हत्या कर दी गई थी। उन सैनिकों के बारे में भी जिन्होंने आतंकियों से आपकी सुरक्षा करने और शांति बनाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी। मैं तो एशिया कप का बहिष्कार कर रहा हूं। जय हिन्द



**अमिताभ अग्निहोत्रीः** विपक्षी दलों के मोर्चे आइएनडीआईए के दो बड़े मुद्दे थे। एक-धनखड़ सामने आएं और दूसरा-मोदी मणिपुर जाएं। इस पितृ पक्ष में दोनों ही मुद्दे खत्म हो गए।

# पतन से प्रगति तक : पीएम मोदी कैसे गढ़ रहे हैं नया शहरी भारत

दैनिक अर्थ प्रकाश

रोम एक दिन में नहीं बना था, वैसे ही नया शहरी भारत भी एक दिन में नहीं बनेगा। लेकिन जब हम अपने शहरों से और अधिक की अपेक्षा करते हैं, तो हमें यह भी देखना चाहिए कि हम पहले ही कितनी दूरी तय कर चुके हैं? आजादी के दशकों बाद तक, भारत के शहर एक उपेक्षित विचार थे। नेहरू की सोवियत शैली की केंद्रीकृत सोच ने हमें शास्त्री भवन और उद्योग भवन जैसे कंक्रीट के विशाल भवन दिए, जो 1990 के दशक तक ही ढहने लगे थे और सेवा के बजाय नौकरशाही के स्मारक बनकर रह गए।

2010 के दशक तक दिल्ली की हालत बहुत खराब थी। सड़कों पर गड्ढे थे, सरकारी इमारतें पुरानी, बदरंग और टपकती छतों वाली थीं और एनसीआर की बाहरी सड़कों पर हमेशा जाम लगा रहता था। एक्सप्रेसवे बहुत कम थे, मेट्रो कुछ ही शहरों तक सीमित थी और बुनियादी ढांचा तेजी से टूट-फूट का शिकार हो रहा था। दुनिया का नेतृत्व करने का सपना देखने वाले देश की राजधानी उपेक्षा और बदहाल स्थिति का प्रतीक बन चुकी थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हालात को बदल दिया। उन्होंने शहरों को बोझ नहीं माना, बल्कि उन्हें विकास के इंजन और राष्ट्रीय गर्व का प्रतीक बनाया। यह बदलाव आज हर जगह दिखाई देता है। सेंट्रल विस्टा के पुनर्निर्माण ने कर्तव्य पथ को जनता की जगह बना दिया, नई संसद को भविष्य के अनुरूप संस्थान में बदल दिया और कर्तव्य भवन को सुचारु प्रशासनिक केंद्र बना दिया। जहां पहले जर्जर हालत थी, वहां अब महत्वाकांक्षा और आत्मविश्वास दिखता है।

इस बदलाव का पैमाना आंकड़ों से समझा जा सकता है। 2004 से 2014 के बीच शहरी क्षेत्र में केंद्र सरकार का कुल निवेश लगभग 1.57 लाख करोड़ था। 2014 के बाद से यह 16 गुना बढ़कर लगभग 28.5 लाख करोड़ हो गया है। 2025-26 के बजट में ही आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय को 96,777 करोड़ दिए गए, जिसमें एक-तिहाई हिस्सा मेट्रो के लिए और एक-चौथाई आवास के लिए रखा गया। इतना बड़ा वित्तीय निवेश स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ और इससे अभूतपूर्व रूप से शहरी ढांचे का स्वरूप बदल रहा है।

भारत की व्यापक आर्थिक और डिजिटल प्रगति ने इस रफ्तार को और तेज कर दिया है। आज हम लगभग 4.2 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, जहां डिजिटल व्यवस्था रोजमर्रा की जिंदगी को चला रही है। यूपीआई ने अभी हाल ही में एक महीने में 20 अरब लेन-देन का आंकड़ा पार किया और हर महीने 24 लाख करोड़ से ज़्यादा के लेन-देन संभाल रहा है। अब 90 करोड़ से अधिक भारतीय इंटरनेट से जुड़े हुए हैं और 56 करोड़ जनधन खाते जैम त्रिमूर्ति (जनधन, आधार, मोबाइल) का आधार हैं, जिसके ज़रिये सब्सिडी सीधे और पारदर्शी रूप से दी जाती है। यह पैमाना, औपचारिकता और फिनटेक अपनाने का मॉडल पूरी तरह भारतीय है और इसका असर सबसे गहरा शहरी क्षेत्रों पर दिखाई देता है।

मेट्रो क्रांति जमीन पर हुए बदलाव को सबसे अच्छी तरह दिखाती है। 2014 में भारत में सिर्फ़ 5 शहरों में लगभग 248 किलोमीटर मेट्रो लाइन चल रही थी। आज यह बढ़कर 23 से अधिक शहरों में 1,000 किलोमीटर से ज़्यादा हो गई है, जो हर दिन एक करोड़ से अधिक यात्रियों को ढोती है। पुणे, नागपुर, सूरत और आगरा जैसे शहरों में नए कॉरिडोर बन रहे हैं, जिससे सफ़र तेज़, सुरक्षित और प्रदूषण-रहित हो रहा है। यह सिर्फ़ लोहे और कंक्रीट का ढांचा नहीं है, बल्कि इसमें लोगों का समय बचना, हवा का साफ़ होना और नागरिकों को करोड़ों घंटे की अतिरिक्त उत्पादकता मिलना शामिल है।

शहरी कनेक्टिविटी की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। एनसीआर के जाम से भरे इलाकों को नई बनी यूईआर-II (दिल्ली की तीसरी रिंग रोड) से राहत मिल रही है, जो एनएच-44, एनएच-9 और द्वारका एक्सप्रेसवे को जोड़कर पुराने जाम के बिंदुओं को आसान बना रही है। भारत की पहली क्षेत्रीय तेज़ यातायात प्रणाली–दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस (नमो भारत)–पहले ही बड़े हिस्से पर चल रही है और पूरा संचालन जल्द ही शुरू होने वाला है, जिससे पूरा सफ़र एक घंटे से कम समय में तय होगा। ये तेज़ और एकीकृत परिवहन प्रणालियां नए भारत के लिए एक नई महानगरीय सोच को आकार दे रही हैं।

एक्सप्रेसवे अब शहरों के बीच की आवाजाही का नया चेहरा बन रहे हैं। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, बेंगलुरु-मैसूरु एक्सप्रेसवे, दिल्ली- मेरठ एक्सेस-नियंत्रित कॉरिडोर और मुंबई कोस्टल रोड ने दूरी घटा दी है और बड़े वाहनों को शहर की गलियों से बाहर



निकालकर हवा को साफ़ किया है। मुंबई में देश का सबसे लंबा समुद्री पुल अटल सेतु अब टापू जैसे शहर को मुख्य भूमि से सीधे जोड़ता है। मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल, भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना, तेज़ी से आगे बढ़ रही है और पश्चिम भारत में विकास का नया केंद्र बनने जा रही है।

समावेशन भी हमेशा प्राथमिकता में रहा है। पीएम स्वनिधि योजना ने 68 लाख से ज़्यादा रेहड़ी-पटरी वालों को बिना गारंटी वाला कर्ज़ और डिजिटल सुविधा दी है, जिससे छोटे उद्यमियों को रोज़गार फिर से खड़ा करने और औपचारिक अर्थव्यवस्था से जुड़ने का मौका मिला है। पीएम आवास योजना (शहरी) के तहत 120 लाख से अधिक मकानों की मंजूरी दी गई, जिनमें से लगभग 94 लाख पूरे हो चुके हैं। लाखों परिवार, जो पहले झुग्गियों में रहते थे, अब सुरक्षित पक्के घरों में रह रहे हैं। ये केवल आंकड़े नहीं, बल्कि बदली हुई ज़िंदगियां और नयी उम्मीदें हैं।

ऊर्जा सुधार ने शहरी जीवन को और सुविधाजनक बनाया है। जहां पहले रसोई महंगे और अनिश्चित गैस सिलेंडर बुकिंग पर निर्भर थी, अब पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) आम होती जा रही है, जो अधिक सुरक्षित, साफ़ और सुविधाजनक है। सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन 2014 में सिर्फ़ 57 क्षेत्रों तक सीमित था, जो अब बढ़कर 300 से अधिक हो गया है। घरेलू पीएनजी कनेक्शन 25 लाख से बढ़कर 1.5 करोड़ से ऊपर पहुंच गए हैं, जबकि हज़ारों सीएनजी स्टेशन सार्वजनिक परिवहन को और स्वच्छ बना रहे हैं। अब लाखों शहरी घरों में नल घुमाकर ईंधन मिलना हकीकत बन चुका है। भारत ने अब दुनिया की मेज़बानी करने का आत्मविश्वास हासिल कर लिया है। भारत मंडपम ने सफलतापूर्वक जी 20 नेताओं का शिखर सम्मेलन आयोजित किया। यशोभूमि अब दुनिया के सबसे बड़े सम्मेलन परिसरों में शामिल है, जहां एक साथ हज़ारों प्रतिनिधियों का स्वागत किया जा सकता है। इंडिया एनर्जी वीक ने बेंगलुरु, गोवा और नई दिल्ली में दुनिया की ऊर्जा कंपनियों और विशेषज्ञों को आकर्षित किया, जिससे यह साबित हुआ कि हमारे शहर बड़े पैमाने पर और बेहतरीन ढंग से दुनिया की मेज़बानी कर सकते हैं। यह सब तब अकल्पनीय था जब हमारे नागरिक ढांचे की पहचान टूटे-फूटे हॉल और खस्ताहाल स्टेडियम हुआ करते थे।

परिवहन का आधुनिकीकरण बड़े पैमाने और तेज़ी से हो रहा है। 2014 में जहां सिर्फ़ 74 हवाईअड्डे चालू थे, आज वह संख्या बढ़कर लगभग 160 हो गई है। यह संभव हुआ है उड़ान योजना और लगातार निवेश की वजह से। वंदे भारत ट्रेनें अब 140 से अधिक रूटों पर चल रही हैं, जिससे अलग-अलग क्षेत्रों में यात्रा का समय काफी घटा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1,300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का नवीनीकरण किया जा रहा है, जिनमें से सौ से ज़्यादा का उद्घाटन हो चुका है। दिल्ली में विस्तारित टर्मिनल-1 ने आईजीआई हवाईअड्डे की क्षमता 10 करोड़ यात्रियों से अधिक कर दी है, जिससे हमारी राजधानी दुनिया के बड़े हवाई केंद्रों की सूची में शामिल हो गई है।

समझदारी भरी कर नीति ने उपभोक्ताओं और विकास दोनों को सहारा दिया है। हाल ही में हुई जीएसटी सुधार के तहत ज़्यादातर वस्तुओं और सेवाओं को 5त्न और 18त्न की दरों में रखा गया है। ऊंचे टैक्स सिर्फ़ कुछ नशे और विलासिता की चीज़ों पर ही लगाए गए हैं। रोज़मर्रा की ज़रूरी चीज़ों से लेकर कई घरेलू सामानों पर टैक्स घटा है, छोटे कार और दोपहिया वाहन अब कम जीएसटी पर मिलते हैं। कई दवाइयां और मेडिकल उपकरण भी सस्ते हो गए हैं। शहरी परिवारों के लिए इसका मतलब हैकि महीने के खर्च कम होना, खपत बढ़ना और निवेश व रोज़गार का सकारात्मक चक्र चलना।

मैंने लंबे समय तक एक राजनयिक के रूप में विदेशों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और वहां मैंने देखा कि कैसे शहर किसी देश का चेहरा बन जाते हैं? वियना की रिंगस्ट्रासे, न्यूयॉर्क की ऊंची इमारतें या पेरिस की चौड़ी सड़कें- ये सब राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा का प्रतीक थीं। तब मुझे साफ़ समझ आया कि दुनिया की नज़रें सबसे पहले किसी देश के शहरों पर जाती हैं। यही विश्वास मेरे शहरी कार्य मंत्रालय के काम का आधार बना कि दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, अहमदाबाद और हमारे दूसरे शहर एक उभरते भारत का आत्मविश्वास, आधुनिकता और आकांक्षाएं दिखाएं। जैसे मेरे राजनयिक करियर ने मुझे सिखाया कि भारत की छवि दुनिया में कैसे प्रस्तुत करनी है, वैसे ही मंत्री के रूप में मेरा काम रहा है कि हमारे शहर उस छवि के लायक बनें।

यह है बदलाव की यात्रा- आज़ादी के बाद की उपेक्षा से मोदी युग के आधुनिकीकरण तक। शास्त्री भवन की जर्जरता से कर्तव्य भवन की महत्वाकांक्षा तक। गड्ढों वाली सड़कों से एक्सप्रेसवे और हाई-स्पीड कॉरिडोर तक। धुएं से भरे रसोईघरों से पाइप्ड नेचुरल गैस तक। झुग्गियों से लाखों पक्के घरों तक। टूटे-फूटे हॉल से विश्वस्तरीय सम्मेलन केंद्रों तक। संकोच करती राजधानी से आत्मविश्वासी वैश्विक मेज़बान तक।

पाटलिपुत्र और नालंदा जैसे भारत के प्राचीन शहर कभी शहरी सभ्यता की उच्चता के प्रतीक थे। आज, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय शहर फिर उसी राह पर हैं, आधुनिक लेकिन मानवीय, महत्वाकांक्षी होते हुए भी समावेशी, वैश्विक दृष्टिकोण वाले होते हुए भी जड़ों और मूल्यों से जुड़े हुए। नया शहरी भारत एक दिन में नहीं बन रहा है, बल्कि यह हर दिन बन रहा है- ईंट दर ईंट, ट्रेन दर ट्रेन, घर दर घर। और यह पहले से ही करोड़ों लोगों की ज़िंदगी बदल रहा है।

**लेखक- हरदीप एस पुरी (केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हैं।)**

हिमाचल में भारी बारिश के बाद कई इलाकों में जमीन धंसने लगी है, जिससे घर गिरने की कगार पर

# गांव की जमीन लगी धंसने, 25 मकानों में आई दरारें

**बेघर हुए परिवार, अब लगा रहे मदद की गुहार**

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 14 सितंबर।** हिमाचल प्रदेश में मानसून सीजन में हुई भारी बारिश के चलते हजारों करोड़ रुपए की संपत्ति नष्ट हो गई। वहीं, अब लोगों को भारी बारिश से तो हल्की राहत मिली है, लेकिन मौसम साफ होने के बाद भी लोगों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। जिला कुल्लू के उपमंडल सैंज घाटी में भी इस साल बारिश ने जमकर तबाही मचाई है। जिसके चलते कई लोग बेघर हो गए हैं। और अब राहत शिविरों में रहने को मजबूर हो गए हैं। कई लोग अपने रिश्तेदारों के यहां रुके हुए हैं। मौसम साफ होते ही लोगों में हालात सामान्य होने की उम्मीद जगी, लेकिन अब कई ग्रामीण इलाकों में जमीन धंसने के मामले सामने आ रहे हैं। जिससे लोगों की दिक्कतें और ज्यादा बढ़ गई हैं।

सैंज घाटी में लैंडस्लाइड के चलते जमीन धंसने के मामले सामने आए हैं। सैंज विद्युत गृह के साथ लगते मातला व जाखला गांवों के करीब सभी घरों में लैंडस्लाइड के कारण दरारें आ गई हैं। दोनों गांवों को 25 से ज्यादा घरों पर गिरने का खतरा बढ़ गया है। जमीन धंसने के कारण स्थानीय देवता का मंदिर और प्राइमरी स्कूल भी चपेट में आ गया है। ऐसे में किसी बड़े खतरे की आशंका के चलते लोगों ने घरों को खाली कर दिया है। अब इन 25 प्रभावित परिवारों ने भी सैंज के तहसील कार्यालय पहुंच कर तहसीलदार सैंज से मदद की गुहार लगाई है। मातला गांव के रहने वाले बुजुर्ग ज्ञानचंद ने बताया, ÷घर गिरने के डर के चलते पूरा परिवार घर को छोड़कर खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया है। जमीन की अगर हालात देखी जाए, तो वो कभी भी धंस सकती है। मौसम साफ होने के बाद भी हम सुरक्षित नहीं है। फिलहाल हमारा परिवार एनएचपीसी की डंपिंग साइट पर रह रहा है, लेकिन इसके बाद हमारा क्या होगा। बस इस बात की चिंता हमें खाई जा रही है। ये पूरा इलाका ही असुरक्षित हो गया है। सरकार को चाहिए की वो इस भूमि को अपने कब्जे में लें और इसके बदले में सभी प्रभावित ग्रामीणों को किसी और जगह पर बसाने का प्रावधान किया जाना चाहिए। आपदा प्रभावित महिला यान दासी का कहना है कि गांवों में कई दिनों से लैंडस्लाइड हो रहा है। जिससे उनके घर गिरने की कगार पर पहुंच गए हैं। जमीन, बगीचे और गौशालाएं तबाह हो चुकी हैं। अब नया घर बनाने के लिए कोई सुरक्षित स्थान नहीं बचा है। यान दासी ने बताया कि वो अपने पशुओं को लेकर भी चिंतित हैं, क्योंकि जिस जगह से वो पशुओं के लिए घास लाती थी, वो जगह भी सुरक्षित नहीं बची है। ऐसे में किस तरह से वो अपने परिवार का गुजारा करेंगे।

**बड़ी-बड़ी चट्टानें कभी भी खिसक सकती हैं**

गांव के साथ लगती पहाड़ी पर बड़ी-बड़ी चट्टानें कभी भी खिसक सकती हैं। लोग अपने घरों को छोड़ चुके हैं। और फिलहाल अपने आसपास के ग्रामीण इलाकों में लोगों के घरों में रह रहे हैं। कुछ परिवार डंपिंग साइट पर रह रहे हैं। प्रशासन को चाहिए कि वो उनके लिए राशन की व्यवस्था करें और उन्हें दूसरी जगह पर बसाने के लिए जल्द कार्य करें। वहीं, सुचेहन पंचायत की प्रधान सीताबंती ने बताया कि प्रशासन द्वारा एनएचपीसी के मातला डंपिंग स्थल में राहत शिविर स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। तहसीलदार सैंज नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि प्रभावितों को टेंट बनाने के लिए तिरपालों का प्रावधान किया गया है।

# राज्यपाल शिव प्राप्त शुक्ल ने चंबा में वितरित की 600 से अधिक राहत किट

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंबा।** हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने रविवार को राज्यपाल पंचायत भवन बनीखेत में आपदा प्रभावित लोगों को राहत सामग्री वितरित की तथा दोपहर बाद डलहौजी से चंबा रवाना हुए।

इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्राप्त शुक्ल ने कहा कि हिमाचल में आई आपदा से चंबा, मंडी और कुल्लू जिला में भारी नुकसान हुआ है। पर प्रदेश का पूरा समाज एकत्र होकर जन सेवा के लिए अग्रिम भूमिका में आगे आया है, सामाजिक संगठनों द्वारा हजारों राहत कीटों का वितरण हुआ। प्रदेश में जिन लोगों ने अपने प्रिय जनों को खो दिया और अपनी जमीन ने खो दिया उनको भी विस्थापित करने का कार्य चल रहा है।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन परमार ने बताया कि अपने दौरे के दौरान राज्यपाल ने 600 से अधिक परिवारों के राहत सामग्री का वितरण किया, राहत सामग्री में एक महीने का राशन और रोजमर्रा की सभी वस्तुएं वितरित की गई है।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने आपदाग्रस्त लोगों से बात चित की और उनकी समस्याओं को भी सुना।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में बरसात के दौरान बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन से हुए नुकसान का जायजा लेने आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे के तुरंत बाद राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) के तहत हिमाचल प्रदेश को 198 करोड़ रुपये की अग्रिम किस्त जारी हो गई है। यह राशि प्रदेश में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्यों के लिए उपयोग होगी। प्रधानमंत्री ने हिमाचल दौरे के दौरान एसडीआरएफ के तहत मिलने वाली राशि को अग्रिम तौर पर जारी करने के अतिरिक्त 1500 करोड़ रुपये की राहत की घोषणा की थी। यह राशि नवंबर-दिसंबर में जारी होती है, लेकिन नुकसान को देखते हुए अग्रिम जारी की गई है।

# पीएम ने 1500 करोड़ की त्वरित सहायता हिमाचल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए जारी की : राज्य मंत्री

अर्थ प्रकाश/संवाददाता



**चंबा।** केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने हिमाचल प्रदेश प्रवास के दौरान भरमौर विधानसभा जिला चंबा में जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों की विभागवार बैठक लेकर स्थानीय जनसमस्याओं के निराकरण हेतु उन्हें दिशा निर्देश दिए, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जो जो हानिया हुई है इसे पुनः सुदृढ़ करने तथा धरातल पर जन जन तक लाभ पहुंचाने के लिए हम दृढ़ संकल्पित है।

बैठक उपरांत भरमौर विधायक जनकराज तथा समस्त जिला अधिकारियों ने बाढ़ आपदा से हुई हानि तथा उससे निपटने हेतु तैयार की गई रिपोर्ट मुझे सौंपी है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री ने 1500 करोड़ रुपए की त्वरित सहायता हिमाचल प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों हेतु जारी की है।

मेरे आत्मीय भाइयों बहनों,इस आपदा के समय में केंद्र सरकार आपके साथ खड़ी है। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिला अंतर्गत भरमौर में बाढ़ प्रभावित जनता से भेंट कर उनकी कुशलक्षेम जान, समाजसेवी तथा वरिष्ठजनों के साथ बैठक कर बाढ़ से हुई हानि की जानकारी ली, बाढ़ आपदा से प्रभावित होने के उपरांत आपदा से बाहर निकलकर भी चंबा के भाई बहनों में जो जोश है, जनसेवा और अन्य बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद का जज्बा है मै उसे प्रणाम करता हूं।

# बैंकों एवं उपभोक्ताओं के मध्य सहयोग एवं समन्वय आवश्यक : संजय मल्होत्रा

**सोलन में वित्तीय समावेशन संतृप्ति कार्यक्रम आयोजित**

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि वित्तीय समावेशन की पूर्णता के लिए बैंकों और उपभोक्ताओं के मध्य सहयोग एवं समन्वय आवश्यक है। संजय मल्होत्रा आज सोलन में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आयोजित वित्तीय समावेशन संतृप्ति कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे।

संजय मल्होत्रा ने कहा कि वित्तीय समावेशन एवं वित्तीय साक्षरता एक दूसरे के पूरक हैं और भारतीय रि?र्व बैंक यह सुनिश्चित बना रहा है कि लोग वित्तीय रूप से साक्षर हों ताकि वित्तीय समावेशन का लक्ष्य पूर्ण हो सके और लोगों का धन सुरक्षित रहे।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा कि देश में बैंक अब अधिक से अधिक लोगों तक सुविधाएं एवं सेवाएं पहुंचाना सुनिश्चित बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक विभिन्न बैंकों के सहयोग से देश में वित्तीय समावेशन शिविर आयोजित कर रहा है। इन शिविरों में जहां वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है वहीं री-केवाईसी जैसे आवश्यक उत्तरदायित्व को पूर्ण करने पर बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन के लिए आवश्यक है कि बैंक उपभोक्ता तक पहुंचें। वर्तमान में देश में लगभग 1.65 लाख वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से लोगों को सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। हिमाचल प्रदेश में यह सुनिश्चित बनाया जा रहा है कि 500 जनसंख्या वाली बस्ती के पांच किलोमीटर के दायरे में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध हो।

उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन की दिशा में पहला पग बैंक खाता है और आज देश में लगभग 250 करोड़ बैंक खाते खुल गए हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपने धन और बैंक खातों को सुरक्षित रखने के लिए री-केवाईसी अवश्य करवाएं। उन्होंने आग्रह किया कि उपभोक्ता जन सुरक्षा योजनाओं में नामांकन करना सुनिश्चित बनाएं ताकि उन्हें बैंकिंग एवं बैंकों के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही बीमा योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सचेत रहकर ही सुरक्षित रहा जा सकता है और वित्तीय रूप से नागरिकों को सुरक्षित रखना वित्तीय समावेशन संतृप्ति कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

संजय मल्होत्रा ने कहा कि बैंकों द्वारा री-केवाईसी और जन सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देने के लिए प्रदेश में अभी तक 2361 शिविर आयोजित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सोलन जिला में लगभग 25 हजार बैंक उपभोक्ताओं का री-केवाईसी किया जा चुका है। हिमाचल जैसे पूर्ण साक्षर राज्य सहित देश में बैंकों द्वारा उपभोक्ताओं को डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं।

**11 करोड़ खातों का री-केवाईसी करवाई**

संजय मल्होत्रा ने कहा कि देश में लगभग 55 करोड़ जन धन खातों में से 11 करोड़ खातों का री-केवाईसी करवाई गई है। उन्होंने कहा कि अन्य जन धन खातों की री-केवाईसी का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन की अन्य योजनाएं जैसे अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री दुर्घटना बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना व अन्य योजनाओं का लाभ लोगों को घर-द्वार पर पहुंचाना बैंकों का लक्ष्य है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए बैंकों द्वारा पूरे देश में इन योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए समय-समय पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने मीडिया कर्मियों से आग्रह किया कि सभी उपभोक्ताओं को बैंकों द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर लगने वाले शिविरों के बारे में जागरूक करें ताकि उपभोक्ता इससे लाभान्वित हो सकें।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर 15 और 16 सितंबर को हमीरपुर में

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर 15 और 16 सितंबर, 2025 को हमीरपुर जिले के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न आपदा प्रभावित गाँवों का दौरा करेंगे और अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे।

15 सितंबर (सोमवार) को, अनुराग सिंह ठाकुर सुबह 9:30 बजे बसंत रिसोर्ट, हमीरपुर में ÷छिन्ज (कुश्ती) समितियों के जिला स्तरीय सम्मेलन÷ में भाग लेकर अपने कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। सम्मेलन के बाद, वे सड़क मार्ग से बड़सर विधानसभा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे। वे जनैहण, समताना, पथलियार, बन्नी और पहलु गाँवों का दौरा करेंगे और प्रभावित परिवारों तथा स्थानीय प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे। शाम को अनुराग ठाकुर हमीर भवन में व्यापार प्रकोष्ठ और स्थानीय व्यापारियों से बातचीत करेंगे, जिसमें हमीरपुर से संबंधित व्यापारिक और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

# प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में सुखविंदर सिंह की टीम प्रथम

**राजकीय महाविद्यालय अर्की के वाणिज्य विभाग में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन**

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय अर्की के वाणिज्य विभाग में दिनांक 13 सितंबर, 2025 को प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉक्टर अरुण कुमार एवं डॉक्टर पारुल बेरी की देखरेख में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के तीनों वर्षों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बीकॉम अंतिम वर्ष के छात्र सुखविंदर सिंह की टीम प्रथम स्थान पर रही । सुखविंदर सिंह की टीम को 1000 रुपये नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 600 रुपये तथा तृतीय स्थान पर प्राप्त करने वाली टीम को 400 रुपयेके नगद पुरस्कार प्रदान किया गये।

महाविद्यालय प्राचार्या सुनीता शर्मा ने कॉमर्स विभाग के प्राध्यापक डॉक्टर अरुण डॉक्टर एवं पारुल बेरी को इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा भविष्य में उनकी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी होती है।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला की शिकायत पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज

**ऊना।** थाना हरोली के तहत एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने गौरव पुत्र जगदेव सिंह निवासी गांव डीटा, डाकघर बिदड़वाल, तहसील हरोली, जिला ऊना के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि 13 सितम्बर की रात करीब 3 बजे आरोपी उसके नए घर की खिड़कियों से झांक रहा था और बाद में खिड़कियों व दरवाजों को तोड़ने का प्रयास किया। इस दौरान महिला ने फोन पर अपने पति, बहन और पंचायत प्रधान को घटना की जानकारी दी तो आरोपी वहां से चला गया। सुबह आरोपी दोबारा महिला के घर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए लज्जा भंग कर धक्का देकर घर में घुस गया। घर का सामान बिखेरा और तोड़फोड़ की। बाद में जब महिला की बहन और पंचायत प्रधान मौके पर पहुंचे तो आरोपी बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल पर आया और महिला पर हमला कर दिया। इस दौरान महिला के कपड़े फट गए और उसे चोटें आईं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पाइनग्रोव ने जीता भूपिंदर मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट

**सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल ने अदम्य साहस, शानदार टीमवर्क और बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए भूपिंदर मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का खिताब अपने नाम किया।प्रतियोगिता का आरंभ पाइनग्रोव ने द लॉरेंस स्कूल, सनावर (टीम् ) पर 3-0 की शानदार जीत से की, जिसमें रेहान वर्मा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इसके बाद शेरवुड कॉलेज, नैनीताल को 3-0 से हराकर अर्पित शर्मा ने यह सम्मान प्राप्त किया।सेमीफ़ाइनल मुकाबले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पाइनग्रोव ने मॉडर्न स्कूल, वसंत विहार को 6-1 से शानदार मात दी तथा अरमान चौहान काबेहतरीन खेल प्रदर्शन टीम को फ़ाइनल तकपहुँचाने में सहायक सिद्ध हुआ।निर्णायक मुकाबले में बिशप कॉटन स्कूल, शिमला के विरुद्ध पाइनग्रोव ने दमदार खेल दिखाते हुए 1-0 से नजदीकी जीत हासिल की। इस मैच में विवेक कुमार शॉ को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।टूर्नामेंट में उत्कृष्ट रक्षण के लिए महेंद्र छेत्री को बेस्ट डिफेंडर ऑफ द टूर्नामेंट और शानदार ऑल-राउंड खेल के लिए अर्पित शर्मा को बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट से सम्मानित किया गया।अपनी ऽकभी हार न मानने वाली भावनाऽ और एकजुट प्रयास के बल पर पाइनग्रोव स्कूल ने यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी गर्व के साथ अपने नाम की।

### हिमाचल के माउंट रियो परगियल पर फहराया तिरंगा

**किन्नौर।** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में भारतीय सेना और नागरिकों ने ऑपरेशन सद्भावना के तहत किन्नौर के माउंट रियो परगियल का सफल आरोहण किया। अभियान 23 अगस्त 2025 को पूह से शुरू हुआ। एवीएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, उत्तर भारत एरिया, लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा ने इसका शुभारंभ किया। अभियान में 17 नागरिक और सेना के जवान शामिल थे। सैन्य दल ने मार्गदर्शन और सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाली। आरोहण से पहले टीम को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसमें रॉक क्लाइम्बिंग, जुमरिंग, रैपलिंग और बेस सुरक्षा शामिल थी। टीम ने नाको से यात्रा शुरू की। फिर बेस कैंप, एडवांस बेस कैंप और समिट कैंप की यात्रा की। रास्ते में कई बार प्रतिकूल मौसम का सामना करना पड़ा। लेकिन टीम ने हार नहीं मानी और शिखर पर पहुंचकर तिरंगा फहराया।

# नियम तोड़ने पर 541 वाहनों के चालान

**ऊना।** पुलिस ने यातायात नियमों की अवहेलना करने पर 13 सितम्बर को 541 वाहनों के चालान किए। इनमें से 119 चालानों का मौके पर निपटारा किया गया और कुल 72,900 रुपये जुर्माने के रूप में वसूल किए गए। पुलिस ने चालकों से यातायात नियमों की पालना करने की अपील की है।

जिला पुलिस अधीक्षक अमित यादव बताया की ऊना ने सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 13 सितम्बर को 12 लोगों के चालान किए। इनसे जुर्माने के रूप में 1,500 रुपये वसूले गए।

पुलिस ने कहा है कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना कानूनन अपराध है और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

**संज्ञान** | अनुराग सिंह ठाकुर समीरपुर में एनएचएआई अधिकारियों के साथ की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक

# जनता को हो रही असुविधाओं के जल्द निस्तारण के लिए दिशा-निर्देश

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज समीरपुर में एनएचएआई अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग-3 निर्माण परियोजना की धीमी प्रगति को लेकर अधिकारियों से बात की और जनता को हो रही असुविधाओं के जल्द निस्तारण के लिए दिशा-निर्देश दिये।

बैठक के दौरान, अनुराग सिंह ठाकुर ने इस अनुचित देरी के कारण आम जनता को हो रही असुविधा पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि इस तरह की धीमी प्रगति अस्वीकार्य है और इसका तुरंत समाधान किया जाना चाहिए। अनुराग ठाकुर ने कुछ हफ्ते पहले अपने पिछले दौरे के दौरान विभाग को दिए गए निर्देशों की समीक्षा की और इस बात पर जोर दिया कि सभी लंबित मुद्दों का तत्काल समाधान किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-3 का 40 किलोमीटर लंबा हिस्सा पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ेगा और हमीरपुर जिले के पाँच गाँवों - थाना दरोगन, बराड़ा, चोलथरा, कोहलुसिद्ध और अवाहदेवी को बाईपास करेगा। यह राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना 265 किलोमीटर लंबे एक बड़े गलियारे का हिस्सा है, जिसमें से 141 किलोमीटर का काम पहले ही पूरा हो चुका है। केंद्र ने इस महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे के विकास के लिए 1,470 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।

अनुराग ठाकुर ने राष्ट्रीय राजमार्ग-3 (अटारी-लेह राजमार्ग) के हमीरपुर-सरकाघाट खंड पर काम की धीमी गति पर विशेष रूप से चिंता व्यक्त की, जो लंबे समय से स्थानीय निवासियों को प्रभावित करने वाला एक मुद्दा रहा है। उन्होंने दोहराया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बिल्कुल अस्वीकार्य है और संबंधित अधिकारियों को काम में तत्काल तेजी लाने के निर्देश दिए।

### 2 अक्टूबर को शालीमार ग्राउंड में गगन चुंबी 180 फुट के रावण के पुतले में रिमोट कंट्रोल से फटेंगे बम

# इस बार मेघनाथ और कुंभकरण के भी पुतलों का होगा दहन

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



*शालीमार ग्राउंड में तैयार होते रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले।*



**पंचकूला।** 2 अक्टूबर पंचकूला में गगनचुंबी 180 फुट का रावण अकेला नहीं जलेगा। उसके साथ 100-100 फुट के मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों का भी दहन होगा। जी हां, आदर्श राम लीला कमेटी की ओर से इन दिनों सेक्टर 5 स्थित शालीमार ग्राउंड में इन तीनों पुतलों की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। उत्साह को और बढ़ाते हुए, पहली बार इस मैदान पर, जहां पहले केवल विशाल रावण का पुतला जलता था, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले स्थापित किए जाएंगे। तीनों पुतलों में लगभग 5,000 पटाखे इस्तेमाल किए जाएंगे? इनमें रावण के लिए 3,000 और बाकी दो पुतलों के लिए 1,000-1000 पटाखे जलाए जाएंगे। रावण के पुतले में रिमोट कंट्रोल से बम फटेंगे और मेघनाथ और कुंभकरण को आग में दहन किया जाएगा। तीनों पुतलों पर कुल 50 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाने के लिए पुतलों को पूरी तरह से नया रूप देने में कुल तीन महीने लगेंगे।

**तीन पुतले जलने की मांग कर रहे थे दर्शक :** माता मनसा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट, दशहरा समिति के संदीप गुप्ता ने बताया कि ट्राइसिटी में हमारे पास सबसे बड़ा 180 फुट का रावण का पुतला है। साथ ही, पहली बार तीनों पुतले वहां होंगे। दर्शकों में काफ़ी उत्साह है, जो मांग कर रहे थे कि तीनों पुतले वहां होने चाहिए। इसलिए, इस बार हमारे पास ये पुतले हैं। इस पर लगभग 50 लाख रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा, इस बार पटाखे फोड़ने का और भी शानदार प्रदर्शन होगा।

**पिछले साल हवा से ढह गया था 180 फुट का पुतला :** पिछले साल, पंचकूला में 155 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया था। शुरुआत में इसे 181 फुट ऊंचा बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया था, लेकिन तेज हवाओं के कारण इसके ढह जाने के बाद इसकी ऊंचाई 26 फुट कम हो गई।

### तीन महीनों से आगरा की टीम बना रही पुतले

आगरा के 25 मुस्लिम कारीगरों की एक टीम इस काम को अंजाम दे रही है। रईसुद्दीन ने बताया कि हम दो महीने से ज़्यादा समय से यहां तंबू के नीचे रह रहे हैं और हमारा खाना माता मनसा देवी मंदिर से आता है। हमने पहले दिल्ली और अन्य जगहों पर रावण के पुतले बनाए हैं। हमें देश के अलग-अलग हिस्सों में काम मिला हुआ है। हम एक ठेकेदार के अधीन काम कर रहे हैं। यह दो समुदायों के बीच सद्भाव का संदेश दे रहा है। मुख्य कारीगर ने आगे कहा कि हमारा लगभग सारा काम हिंदुओं के लिए है। हमारा खून एक ही है। उनके पास गीता है, हमारे पास कुरान है। दोनों एक ही संदेश देते हैं।

# आत्मनिर्भर भारत में होगी पंजाब की अहम भूमिका : सतनाम संधू

**पीएचडीसीसीआई के स्टूडेंट आर्किटेक्चर डिजाइन कंपीटिशन में युवाओं का किया उत्साहवर्धन**




**चण्डीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में पंजाब की भूमिका सबसे अहम होगी। वर्ष 2047 तक पंजाब को देश का विकसित राज्य बनाने के लिए उद्यमियों को चाहिए वह स्वदेशी उत्पादों का ब?ावा दे।

उक्त विचार राज्य सभा सांसद एवं शिक्षाविद सतनाम सिंह संधू ने आज पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित 11वें इन्स-आउट के समापन अवसर पर उपस्थित उद्यमियों तथा आर्किटेक्चर सेक्टर के विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह देश तभी आत्मनिर्भर बनेगा जब पंजाब पूरी तरह से विकसित होगा।

पंजाब में देश का नेतृत्व करने की क्षमता है। संधू ने स्थापित उद्योगपतियों से आह्वान किया कि वह स्टार्टप को ब?ावा दे। इससे स्वदेशी वस्तुओं का उत्पादन ब?ेगा। जिससे रोजगार के अवसर ब?ेंगे। संधू ने पीएचडीसीसीआई प्रबंधकों की इस आयोजन के लिए सराहना करते हुए कहा कि शहर के विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर स्वदेशी उत्पाद मेला लगाएं ताकि आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत में पंजाब की भागेदारी ब? सके। इससे पहले आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए पीएचडीसीसीआई के सीईओ एवं सैक्टरी जनरल रणजीत

ने कहा कि चैंबर 120 साल पुराना संगठन है ओर 25 राज्यों में इसकी शाखाएं हैं। चैंबर द्वारा सरकार उद्योगों के बीच मे ब्रिज का काम किया जा रहा है।

पीएचडीसीसीआई चण्डीग? चेप्टर के चेयर मधुसूदन विज ने कहा कि तीन दिनों के दौरान यहां इमारत निर्माण के क्षेत्र में आ रही नई तकनीक और बदलाव, ग्रीन एनर्जी समेत कई विषयों पर सेमिनार का आयोजन किया गया है।

इस अवसर सांसद सतनाम संधू ने स्टूडेंट आर्किटेक्चर डिजाइन कंपीटिशन आर्कस्पायर के प्रथम विजेता चितकारा यूनिवर्सिटी की टीम को प्रथम, चण्डीग? की यूनिवर्सिटी की टीम को द्वितीय तथा इंडो ग्लोबल कॉलेज की टीम को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया।

# स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन का 13वां त्रैवार्षिक महासम्मेलन सम्पन्न



अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई

**पंचकूला, 14 सितम्बर।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन, चंडीगढ़ सर्कल का 13वाँ त्रैवार्षिक महासम्मेलन रविवार, 14 सितम्बर 2025 को पंचकुला के इंदरधनुष ऑडिटोरियम, सेक्टर 5 में भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ से आए 2000 से अधिक एसबीआई अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कृष्ण शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक, एसबीआई चंडीगढ़ सर्कल ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और उद्घाटन संबोधन दिया। उन्होंने संघ द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत बनाने में अधिकारियों की भूमिका पर बल दिया।

कॉम. रुपम राय, महासचिव, एआईएसबीओएफ एवं एआईबीओसी ने मुख्य वक्ता के रूप में विचार रखे। उन्होंने बैंक अधिकारियों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर प्रकाश डाला और उपस्थित प्रतिनिधियों को नवीनतम प्रगति से अवगत कराया।

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वालों में कॉम. अरुण कृष्ण बिशोई, अध्यक्ष एआईएसबीओएफ सहित अन्य गणमान्य अतिथि भी शामिल रहे। इस अवसर पर एसबीआई के महाप्रबंधक श्री मनमीत एस. छाबड़ा (उत्तर-पश्चिम-1) तथा श्री नीरज भारती (उत्तर-पश्चिम-2) ने भी सभा को संबोधित किया।

# पीयू और एसडी कॉलेज की असिसटेंट प्रोफेसर्स की पुस्तक का विमोचन

**समारोह में राज्यसभा सांसद और वीसी ने की विशेष रूप से शिरकत**

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़।** राज्यसभा सांसद एवं चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू तथा सरदार बेअंत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी, गुरदासपुर के वाइस-चांसलर डॉ. एसके मिश्रा ने एक समारोह में पंजाब यूनिवर्सिटी और एसडी कॉलेज के असिसटेंट प्रोफेसर्स द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया जिसका शीर्षक हाउसिंग एंड रीहैबिलिटेशन इन हरियाणाःएन इवेल्युशन ऑफ पॉलिसीज एंड प्रोग्राम्स है।

मानव मंगल ग्रुप ऑफ स्कूल्स और डॉ. जीसी मिश्रा मेमोरियल एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित छठे टीचर्स एक्सीलेंस अवार्ड्स 2025 समारोह के दौरान संधू और डॉ. मिश्रा ने पुस्तक का विमोचन किया।

यह पुस्तक पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) के पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की असिसटेंट प्रोफेसर डॉ. पूर्वा मिश्रा तथा गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, सेक्टर-32, चंडीगढ़ के पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की असिसटेंट प्रोफेसर डॉ. शीना चड्ढा द्वारा लिखी गई है। पुस्तक में हरियाणा में लागू की गई आवास और पुनर्वास नीतियों व कार्यक्रमों का आलोचनात्मक मूल्यांकन किया गया है।

पुस्तक में उन पहलों पर प्रकाश डाला गया है जिनका उद्देश्य आवास की उपलब्धता और वहनीयता बढ़ाना है, साथ ही भूमि की बढ़ती कीमतों और अपर्याप्त क्रियान्वयन जैसी चुनौतियों का समाधान करना है। इसमें 2013 की किफायती आवास योजना, 2014 की बीपीएल योजना (ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स हेतु), 2016 की एचबीएच योजना (पूर्व सैनिक एवं अर्धसैनिक बलों के लिए) तथा 2007 की आउस्टीज योजना (भूमि अधिग्रहण पीड़ितों के पुनर्वास हेतु) जैसी योजनाओं को शामिल किया गया है।

लेखकों ने बताया कि हालाकि सरकार ने कई प्रयास किए हैं, फिर भी शहरी क्षेत्रों में आवास की भारी कमी, खाली पड़े मकान और जर्जर ढांचे यह संकेत देते हैं कि और अधिक प्रभावी तथा समावेशी रणनीतियों की आवश्यकता है। पुस्तक में फरीदाबाद और पंचकूला में लागू आशियाना योजना का केस स्टडी भी प्रस्तुत किया गया है, जो बीपीएल परिवारों को किफायती आवास उपलब्ध कराने का प्रयास है। सफलता के बावजूद इस योजना को कानूनी विवादों, अतिक्रमण और धनराशि जारी करने में देरी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

# गुरप्रताप सिंह पडियाला ने हैंडबॉल क्लब कुराली के शो मैच का किया उद्घाटन



अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** स्थानीय हैंडबॉल क्लब ने आज खरड़ के सिंहपुरा रोड स्थित खेल स्टेडियम में हैंडबॉल शो मैच का आयोजन किया। मैचों का उद्घाटन प्रसिद्ध समाजसेवी और वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुरप्रताप सिंह पडियाला ने किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रबंधन के प्रयासों की सराहना की और क्लब के सदस्यों को हर महीने की तरह इस बार भी बड़ी आर्थिक सहायता प्रदान की। संबोधित करते हुए गुरप्रताप सिंह पडियाला ने कहा कि आज के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना समय की मांग है। खेलों से जहां युवा स्वस्थ रहते हैं, वहीं उनका ध्यान नशे से भी दूर रहता है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के सभी क्लबों से इसी तरह के खेल महोत्सव आयोजित करने की अपील की ताकि नशे के चंगुल में फंसी युवा पीढ़ी को बचाया जा सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे इस व्यक्तिगत जिम्मेदारी को निभाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेंगे।

उन्होंने सरकारों से खेलों को बढ़ावा देने के लिए और अधिक सुविधाएं प्रदान करने की भी अपील की ताकि ग्रामीण स्तर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर, क्लब प्रबंधन ने हर महीने भारी वित्तीय सहायता प्रदान की और विशेष सम्मान भी दिया। इस दौरान, कुराली फुटबॉल क्लब और आर्मी चंडीमंदिर टीम के बीच एक शो मैच खेला गया।

# घग्गर बाढ़ का समाधान डांगराना, छामला नदियों पर डैम बनने से ही संभव : विजय

अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** शिवालिक विकास मंच प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा कांग्रेस कमेटी पूर्व प्रदेश सचिव विजय बंसल एडवोकेट ने कालका क्षेत्र से निकलने वाली घग्गर नदी की बा? से हरियाणा एवं पंजाब को होने वाले नुकसान की समस्या के स्थाई समाधान के लिए पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन भेजकर घग्गर बाढ़ की समस्या के स्थाई समाधान के लिए कालका की डांगराना, दीवान वाला और छामला नदियों पर डैम बनाने की मांग की है। गौरतलब है की गत दिवस पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने घग्गर नदी से जुड़ी बाढ़ की स्थिति की समस्या के निरीक्षण के दौरान कहा था कि इसके समाधान के लिए पंजाब और हरियाणा दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री की बैठक करवाई जाएगी क्योंकि



घग्गर नदी दोनों राज्यों को प्रभावित करती है। इसी के मध्य नजर विजय बंसल एडवोकेट ने पंजाब के राज्यपाल और हरियाणा के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

विजय बंसल एडवोकेट ने बताया कि उपरोक्त तीनों नदियां घग्गर नदी में जाकर मिलती हैं यदि तीनों नदियां दीवान वाला, डांगराना, छामला पर बांध बना दिए जाएं तो इससे न केवल कालका के ग्रामीण क्षेत्र में सिंचाई और पेयजल की समस्या का समाधान होगा बल्कि बारिश के मौसम में घग्गर नदी में आने वाली बाढ़ की समस्या का भी स्थाई समाधान होगा।

विजय बंसल एडवोकेट ने बताया कि वर्ष 2007 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने कौशल्या डांगराना, दीवान वाला और छमला नदियों पर डैम निर्माण को मंजूरी दी थी जिसमें से कौशल्या नदी पर बांध का निर्माण किया जा चुका है जबकि दीवान वाला, डांगराना और छमला नदियों पर बांध निर्माण का मामला वर्ष 2008 से केंद्रीय घग्गर स्टैंडिंग कमेटी के पास लंबित पड़ा है। विजय बंसल ने दोहराया कि जब तक उपरोक्त तीनों नदियों में डैम का निर्माण नहीं हो जाता तब तक ना तो बाढ़ की समस्या का समाधान हो सकता है ना ही सेम की समस्या का समाधान हो सकता है। इसलिए पंजाब एवं हरियाणा दोनों राज्यों को मिलकर बांध निर्माण पर जोर देना चाहिए।

विजय बंसल ने बताया कि इतना ही नहीं वर्ष 2012 में तत्कालीन केंद्रीय जल संसाधन मंत्री पवन बंसल को मिलकर तीनो नदियों पर बांध बनाने की मांग की थी।

विजय बंसल एडवोकेट ने बताया कि केवल बांध निर्माण से ही बाढ़ जैसी समस्या का समाधान नहीं होगा बल्कि कालका क्षेत्र की नदियों में अवैध रूप से किए जा रहे खनन पर भी प्रतिबंध लगाना होगा। विजय बंसल ने ज्ञापन में कहा कि दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री को बैठकर घग्गर नदी की बाढ़ का मुख्य कारण दीवान वाला, डांगराना, छामला नदियों के पानी का प्रबंध करने के लिए बांध बनाने और खनन पर प्रतिबंध लगाने के मुख्य बिंदुओं पर विचार कर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

# शातिर चोर क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में, 9 मोबाइल व 1 लैपटॉप बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** क्राइम ब्रांच-26 की टीम ने चोरी की कई वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 सितंबर को पुलिस को एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि 5 सितंबर को अग्रवाल भवन, सेक्टर-16 में काम करते समय उसके बैग से किसी ने मोबाइल फोन चोरी कर लिया था। इस संबंध में थाना सेक्टर-14 में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान क्राइम ब्रांच-26 के इंचार्ज इंस्पेक्टर दिलीप सिंह और उनकी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर उसी दिन कार्रवाई करते हुए आरोपी अकरम उर्फ अल्ताफ निवासी जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश, हाल किराएदार बुढ़नपुर, पंचकूला उम्र 33 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार द्वारा की गई।

डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि आरोपी से पूछताछ के दौरान पुलिस ने चोरी के कुल 9 मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया है, जिन्हें उसने अलग-अलग स्थानों से चोरी किया था। बरामद सामान की पहचान कर इसे संबंधित मालिकों को लौटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### नवरात्रों से पहले कालका रेलवे रोड होगी दुरुस्त



**कालका।** नवरात्रों से पहले कालका रेलवे रोड की जर्जर सड़कों को ठीक करने का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। नगर परिषद कालका के चेयरमैन कृष्ण लाल लाम्बा ने बताया कि ठेकेदार को मौके पर बुलाकर सड़क की खराब हालत दिखाई गई।ठेकेदार को निर्देश दिए कि सड़क की मरम्मत का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं और आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। नगर परिषद अध्यक्ष कृष्णा लांम्बा ने बताया कि हमारा प्रयास है कि नवरात्रों से पहले रेलवे रोड की सड़कें बेहतर स्थिति में हों। इस मौके पर स्थानीय निवासी और दुकानदार भी मौजूद रहे। उन्होंने नगर परिषद के इस कदम का स्वागत किया और इसे राहत की दिशा में अहम प्रयास बताया।

### अवैध शराब समेत एक गिरफ्तार

जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)। जीरकपुर पुलिस ने शनिवार देर शाम गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए चंडीगढ़ की शराब की अवैध बिक्री का पर्दाफाश किया। आबकारी निरीक्षक गुरप्रीत सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने पटियाला रोड स्थित छत लाईटा के पास नाकाबंदी की हुई थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सताबगढ़ गांव के बाहर झुग्गियों के पास एक दुकान में चंडीगढ़ की शराब बेची जा रही है। तलाशी में अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) निवासी और फिलहाल सताबगढ़ गांव में रहने वाले अबरार कुरैशी से 120 अधिया देसी शराब (एम्पायर नंबर-1 मोटा संतरा, बैच नंबर 02 जून 25) बरामद हुई। यह शराब सिर्फ चंडीगढ़ में बिक्री के लिए अधिकृत है। पूछताछ में अबरार ने कबूल किया कि वह चंडीगढ़ से सस्ती दर पर शराब लाकर महंगे दामों पर बेचता था। पुलिस ने मौके से शराब और आरोपी को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। आबकारी निरीक्षक गुरप्रीत सिंह ने बताया कि आरोपी बिना लाइसेंस और परमिट के शराब रखकर बेच रहा था। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 61/1/14 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मेडिकल कैंप में 479 लोगों को मिली सुविधा

**कालका।** पंडित केदारनाथ शर्मा हॉस्पिटल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ़ से कालका विधानसभा में नि-शुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। पुरानी गोगामाड़ी भारत नगर वार्ड नंबर 29 , कालका में यह कैम्प लगाया गया। कैंप में डॉ सुरेंद्र नैन (स्क्ष्म्स्रद्बद्गद्द्ग) कालका सिविल हॉस्पिटल, डॉ दिनेश पूनिया (शहह्लद्धश) सिविल हॉस्पिटल सेक्टर-6 पंचकुला, डॉ संजय सिंगला (श्व4द्गह्ल), डॉ आयुषी गुप्ता (श्व4द्गह्ल) व बाकि टीम ने लोगों की जांच की। कैंप में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने निः शुल्क मेडिकल कैम्प का लाभ लिया। कैम्प में 479 से अधिक मरीज़ पहुँचे। जिनमे से सामान्य रोग के 179, हड्डी रोग के 96, नेत्र रोग के 109, और खून की जाँच करवाने के लिए 95 मरीज़ पहुंचे।

# शिक्षा विभाग में ग्रुप डी कर्मचारियों को आ रही समस्याएं, सांसद को सौंपा ज्ञापन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 सितंबर।** यूटी के शिक्षा विभाग में ग्रुप डी के कर्मचारियों को पेश आ रही समस्याओं के सम्बन्ध में रविवार को ऑल ग्रुप डी वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी से मिले। शिक्षा विभाग के द्वारा डायरेक्ट डीसी रेट कर्मचारियों को ठेकेदारी पर्था पर करने से रोकने का मांग पत्र सांसद को सौंपा और शिक्षा विभाग में आ रही ग्रुप डी कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया।

मनीष तिवारी ने सभी समस्याओं को सुनकर शिक्षा विभाग के अफसरों से बातचीत करके सुलझाने का आश्वासन दिया। उन्होंने डायरेक्ट डीसी रेट कर्मचारियों को ठेकेदारी पर जाने से रोकने का आश्वासन दिया। यूनियन के प्रधान संजय कुमार दूहन ने शिक्षा विभाग को चेताया कि अगर शिक्षा विभाग कर्मचारियों का शोषण करेगा तो कर्मचारी विभाग के खिलाफ शांतिपूर्वक बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा और अगर शिक्षा विभाग अपनी मनमानी करता है और कर्मचारियों का शोषण करता है तो यूनियन शिक्षा विभाग का घेराव करेगी और पुतला फूक प्रदर्शन करेगी। यूनियन के उपप्रधान उमाशंकर यादव जी ने कहा प्रशासन कर्मचारियों को समान काम समान वेतन देने की बजाय कर्मचारियों का शोषण करने की कोशिश कर रहा है जो बहुत निंदनीय है । कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए यूनियन हर प्रकार से संघर्ष करेगी।

**जागरूक**

### थाना और चौकी स्तर पर साइबर सुरक्षा के प्रति लोगों को किया जा रहा जागरूक

# मोबाइल पर संदिग्ध एपीके फाइल न करें डाउनलोड

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला, 14 सितंबर।** पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज के मार्गदर्शन और डीसीपी सृष्टि गुप्ता के नेतृत्व में थाना और चौकी स्तर पर साइबर सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान नागरिकों को समझाया जा रहा है कि मोबाइल पर भेजी जाने वाली संदिग्ध एपीके फाइल के जरिये साइबर ठग फोन का नियंत्रण अपने हाथ में ले सकते हैं और बैंकिंग विवरण, संपर्क सूची, फोटो व लोकेशन जैसी संवेदनशील जानकारी चुरा सकते हैं।

चंडीमंदिर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामपाल ने थाना में क्षेत्र के लोगों से मिलकर बताया कि साइबर ठग अक्सर अनजान लिंक या फर्जी मोबाइल एप्लिकेशन डाउनलोड कराने के बहाने लोगों को निशाना बनाते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध फाइल या लिंक को तुरंत डिलीट करें और कभी भी उसे ओपन न करें। भरोसेमंद एप्लीकेशन हमेशा गूगल प्ले स्टोर या एप्पल ऐप स्टोर से ही डाउनलोड करें तथा मोबाइल में प्ले प्रोटेक्ट जैसे सुरक्षा फीचर हमेशा चालू रखें। लोगों को डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराध से भी सतर्क रहने की सलाह दी गई। ठग अक्सर खुद को पुलिस, सीबीआई, आरबीआई या किसी सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर वीडियो कॉल के माध्यम से डराने और पैसे मांगने का प्रयास करते हैं। ऐसी स्थिति में किसी भी कॉल पर विश्वास न करें, तुरंत कॉल काट दें और इसकी सूचना 1930 साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी पुलिस को दें। नागरिकों को यह भी सलाह दी गई कि वे कभी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, न ही किसी अजनबी को स्क्रीन शेयरिंग की अनुमति दें और धमकी भरे कॉल या संदेशों पर भरोसा न करें।

डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने कहा कि साइबर ठग अब तकनीक के जरिये नए-नए तरीकों से लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। ऐसे में सतर्क रहना ही सबसे बड़ा बचाव है। याद रखे अगर कॉल, लिंक या एप संदिग्ध लगे तो उसे तुरंत ब्लॉक करें, शेयर न करें और तुरंत 1930 पर कॉल करे। जागरूक नागरिक ही साइबर अपराध पर रोक लगाने में हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं।

# मंत्री राजेश नागर ने राशन गबन पर दिखाई सख्ती, जांच के आदेश जारी

## स्कूल की बाउंड्रीवाल जल्द बनेगी, मंत्री ने दिलाया आश्वासन

अर्थ प्रकाश/ दयाराम वशिष्ठ



फरीदाबाद। मंत्री राजेश नागर ने आज अपने निवास पर आयोजित खुले दरबार में एक बार फिर लोगों का दिल जीत लिया। उन्होंने राशन में गबन की शिकायत को सख्ती से लेते हुए जांच के आदेश दिए।

जिला पलवल के गांव मालपुरी रूपड़ाका से आए शिकायतकर्ता ने बताया कि उनके यहां डिपो होल्डर राशन में गबन करते पकड़ा गया था लेकिन उसपर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मंत्री राजेश नागर ने इस पर बड़ी सख्त जांच उपरांत कार्रवाई के आदेश अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की जनहित योजनाओं के साथ किसी प्रकार की गड़बड़ वह बर्दाश्त नहीं करेंगे।

इसी प्रकार आरडब्ल्यूए सेक्टर 30 ने स्थानीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग रखी। उन्होंने मंत्री को बताया कि इस दीवार का निर्माण स्कूल और पार्क में अवांछित तत्वों की रोकथाम के लिए जरूरी है। जिसपर नागर ने तुरंत प्रभाव से काम करने की बात कही। इसके अलावा धीरज नगर से सटे गिरदावर एनक्लेव के लोगों ने स्थानीय सुविधाओं की मांग का ज्ञापन दिया। मंत्री राजेश नागर ने सरकार के निर्देशानुसार इस पर काम करने की बात कही।

मंत्री राजेश नागर ने बताया कि खुले दरबार के रूप में स्वजनों से मिलना उन्हें बहुत अच्छा लगता है। मैं इनकी सेवा के लिए हमेशा उपलब्ध रहने का प्रयास करता हूं। उन्होंने बताया कि अपने निवास पर हर रविवार को खुला दरबार लगाने का उद्देश्य यही है कि जो व्यक्ति चंडीगढ़ नहीं आ सकते, वो यहां सरलता से मिलकर अपनी बात रख लेते हैं।

## पार्षद अनूप दहिया को जान से मारने की धमकी, पुलिस से शिकायत



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

खरखौदा। ईंट भट्ठा ठेकेदार व वार्ड 7 पार्षद अनूप दहिया को जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पार्षद अनूप ने अपने अन्य पार्षदों के साथ मिलकर एक लिखित शिकायत पुलिस कमिश्नर को दी है।

उनका कहना है कि दो दिन पहले नगर निगम कमिश्नर नगरपालिका में आए थे, पार्षदों ने अवैध कब्जों की शिकायत उनके सामने की थी। एक अवैध कब्जाधारक को यह अच्छी नहीं लगी और उसने पार्षद को जान से मारने की धमकी दे डाली। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई है। जिसकी पुलिस द्वारा जांच की जाएगी। रविवार को पार्षदों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कार्यवाही की मांग की है। इस मौके पर पार्षद नवीन दहिया, प्रमोद इंदौरा, जसवीर, रविंदर, सीताराम सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## नशामुक्त जागरूकता अभियान के तहत पुलिस टीम का गांवों का दौरा

कुरुक्षेत्र (अप्रस)। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में जिला को नशामुक्त बनाने को लेकर पुलिस टीम के लगातार कार्य कर रही है। पुलिस की नशामुक्त टीम गांव दर गांव नशामुक्ति का सन्देश पहुंचा रही है। जिला पुलिस के ग्राम प्रहरी नोडल ऑफिसर उप निरीक्षक ऋषिपाल की टीम नशामुक्ति का सन्देश लेकर सम्भालखी व हल्दाहेडी आदि का दौरा कर नशामुक्त अभियान को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ग्राम प्रहरी नोडल ऑफिसर उप निरीक्षक ऋषिपाल की टीम ने गांव सम्भालखी व हल्दाहेडी आदि में ग्रामीणों तथा निवासियों को नशा न करने के प्रति जागरूक किया। गांवों के ग्रामीणों और युवाओं को नशे से दूर रखने बारे विचार-विमर्श किया। आमजन से बात करते हुए ने उप निरीक्षक ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर तालमेल के साथ कार्य करे तो नशे जैसी बुराई पर नियत्रंण पाया जा सकता है। उन्होंने बैठक में मौजूद व्यक्तियों को कहा कि यदि आपके गांव में कोई व्यक्ति नशा करता है या नशा बेचता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस थाना में दें।

## महिपाल छौक्कर ने एमिनेट पर्सन नियुक्त होने पर शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार



अर्थ प्रकाश/म्मनदीप कुमार

समालखा। भाजपा के वरिष्ठ सदस्य महिपाल छौक्कर को सीएम विंडो निगरानी समिति का हल्का समालखा से एनीमेंट पर्सन नियुक्त किया गया। जिसे देर रात तक उन्के घर पर बधाई देने वालों का ताँता लगा रहा। वहीं महिपाल छौक्कर ने बताया कि मुझ पर जिम्मेदारी सौंपकर विधायक मनमोहन भड़ाना सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जों मान बढ़ाया है। पार्टी ने जों विश्वास उन पर दिखाया है, उस पर खरा उतरने के लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे। वहीं सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों पर भी निष्पक्ष व त्वरित कार्रवाई होगी। नवनियुक्त सीएम विंडो सदस्य महिपाल छौक्कर नें बताया कि विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों के संबंध में आमजन से फीडबैक लिया जाएगा और सभी को शिकायतों का तत्परता से समाधान कराया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर शिकायतों के समाधान में कोई लापरवाही नहीं होनी बरती जाएगी। आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए समाधान कराया जाएगा। सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों को लेकर लापरवाही करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की रिपोर्ट सरकार को दी जाएगी।

# रक्त का कोई विकल्प नहीं है इसे कृत्रिम रूप से नहीं बनाया जा सकता: पुनीत त्यागी

मां भारती रक्तवाहिनी ने फर्स्ट स्टेप स्कूल में लगाया रक्तदान शिविर

शिविर में 57 यूनिट रक्त किया एकत्रित



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। मां भारती रक्तवाहिनी द्वारा रविवार को 209वें रक्तदान शिविर का आयोजन फर्स्ट स्टेप स्कूल बीसवामील सोनीपत में किया गया। रक्त संकलन के लिए सिविल हस्पताल सोनीपत की टीम ने समय पर पहुंचकर रक्तदान शिविर शुरू किया। शिविर में रक्तदाताओं का हौंसला काबिल ए तारीफ़ रहा। इस शिविर में कुल 57 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया गया।

रक्तदान शिविर के अतिथि पुनीत त्यागी ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है इसे कृत्रिम रूप से नहीं बनाया जा सकता। यह हमारे दान करने से ही किसी जरूरतमंद को मिल पाता है। मां भारती रक्तवाहिनी सोनीपत में इस पुण्य कार्य को नियमित व सुचारू रूप से कर रही है। संस्था हर सप्ताह किसी न किसी गांव में रक्तदान शिविर आयोजित कर सरकारी व आर्मी ब्लड बैंक की रक्त संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करती है। इस संस्था का उद्देश्य है कि रक्त की कमी से किसी की जान न जाए।रक्तदान शिविर में प्रशांत सरपंच सेवली, लाला सरपंच जाखौली, मनोज ढाका, जगदीश ढाका, पुनीत राई, धर्मसिंह त्यागी, अमित सहरावत, कुलदीप ढाका, फर्स्ट स्टेप स्कूल से स्टॉफ सत्यवती, राहुल ढाका, अनुराग, जगबीर ढाका, सतबीर सेवली, मां भारती रक्तवाहिनी से सुमेर सरोहा, रविंद्र शर्मा, राहुल राणा, राहुल भारद्वाज, नरेश भारद्वाज, सतनारायण, विकास, सुधीर कुमासपुर व समिति प्रधान विपिन कुमार गौड़ व फर्स्ट स्टेप स्कूल के संचालक ने दूसरा रक्तदान व मां भारती रक्तवाहिनी के अध्यक्ष विपिन कुमार ने 57 वां रक्तदान किया।

## आरएएफ टीम ने हथियार, मुनेशन की प्रदर्शनी लगाकर जिला पुलिस के जवानों को दिया प्रशिक्षण

कुरुक्षेत्र (अप्रस)। आरएएफ 194 बटालियन के जवानों ने परिचित अभ्यास के अन्तिम दिन 14 सितम्बर 2025 को जिला पुलिस लाइन में कम घातक हथियार, मुनेशन की प्रदर्शनी लगाकर जिला पुलिस के जवानों को दिया प्रशिक्षण दिया। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरएएफ की एक टीम ने 10 से 14 सितम्बर तक जिला कुरुक्षेत्र के विभिन्न थाना एरिया में जाकर वहां की भौगोलिक स्थिति व क्षेत्र के बारे जानकारी हासिल की। इसके साथ ही टीम ने पूर्व में घटित हुए दंगों व अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की ताकि भविष्य में होने वाली कानून एंव व्यवस्था ड्यूटी की आशंकाओं में आसानी से तैनात होकर स्थिति पर नियंत्रण कर सके। इसी क्रम में अभ्यास के अन्तिम दिन रविवार को आरएएफ टीम ने कम घातक हथियार व मुनेशन से भीड़ को नियंत्रित तथा तितर-बितर करने की उपयोगी विस्तृत जानकारी जिला पुलिस के जवानों को दी। आरएएफ टीम ने आधुनिक हथियार, उपकरण और उपयोग में आने वाले आधुनिक तकनीक से युक्त वाहनों की जानकारी भी दी। आरएएफ उप कमांडेंट श्री मीठा लाल मीणा ने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य, भविष्य में होने वाले दंगा व दंगा जैसी स्थिती से आसानी से निपटा जा सके और आरएएफ व पुलिस के बीच अच्छा तालमेल बनाना है।

## 17 सितंबर से 02 अक्तूबर तक जिला में मनाया जाएगा सेवा पखवाड़ा: विधायक निखिल मदान



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। विधायक निखिल मदान ने कहा कि जिला में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसके तहत विभिन्न जनसेवा एवं सामाजिक कल्याण से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम, पौधारोपण अभियान, जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। विधायक ने कहा कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य समाज में सेवा भाव को बढ़ावा देना है, ताकि अधिक से अधिक लोग समाजहित में अपनी भागीदारी निभा सकें। साथ ही उन्होंने जिले के सभी नागरिकों, समाजसेवी संगठनों एवं युवा वर्ग से आह्वान किया कि वे इन कार्यमों में बढ़-चढ़कर भाग लें और सेवा पखवाड़ा को सफल बनाएं।इस दौरान शहर स्थित कच्चे क्वार्टर, सेक्टर-14 व 15 मार्केट, गीता भवन चौक मार्केट, कपड़ा मार्केट के अलावा अन्य सभी मुख्य मार्केटों में लगने वाले जाम को दूर करने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि टूटी सड़कों तथा जाम जैसी समस्या के लिए नगर निगम के मोबाईल नंबर 9053018140 पर व्हाट्सएप कर सकते हैं।

## श्रीरघुनाथ मंदिर का दो दिवसीय वर्षीकोत्सव 4 अक्तूबर से मनाया जाएगा



अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा।** शहर के मॉडल टाउन स्थित श्री रघुनाथ मंदिर परिसर में संस्था सदस्यों की बैठक प्रदुमन गुलयानी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी कार्यकर्मो को लेकर रूप रेखा तैयार की गई। इस दौरान बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया गया कि श्री सनातन धर्म रघुनाथ मंदिर का दो दिवसीय वर्षीकोत्सव 4 से 6 अक्टूबर को धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। श्री रघुनाथ मंदिर उत्सव कमेटी के अध्यक्ष पूर्व पार्षद कुलभूषण अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को मंदिर परिसर में रघुनाथ मंदिर उत्सव कमेटी की बैठक हुई। जिसमें गणेश महोत्सव के उपरांत समीक्षा बैठक भी की गई और उसके साथ-साथ मंदिर के वार्षिक उत्सव की तैयारी भी आरंभ कर दी गई है। जिसमें बताया गया कि 4 से 6 अक्टूबर तक श्री रघुनाथ मंदिर का वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा, जिसमें हरिद्वार कनखल से संतोषी माता जी आएंगे, 4 अक्टूबर को शाम को माता जी को ढोल बाजे के साथ डांडिया खेलते हुए मंदिर में लाया जाएगा, शाम को सत्संग प्रवचन होगा, उसके बाद 5 और 6 अक्टूबर को सुबह और शाम सत्संग प्रवचन होगा। प्रवचन के उपरांत सभी के सहयोग से भंडारा किया जाएगा। इस अवसर पर इंद्रलाल कुमार, सुभाष मल्होत्रा, वेद कुमार, अविनाश चंद्र शर्मा, राजेंद्र टंडन, बलवंत राय मल्होत्रा, नारायण दास भाटिया, विकास साहू, हरिओम सखुजा, बजरंग सेवा मंडल के अध्यक्ष विनोद मल्होत्रा, डॉ संजीव शर्मा,राजवीर तंवर अजय मल्होत्रा, मन्नू छाबड़ा व अमनदीप सिंह मौजूद रहें।

भारत पाकिस्तान मैच का बहिष्कार

## सरकार को लोगों की भावनाओं को समझना चाहिए था: अतुल महाजन

अर्थ प्रकाश/ रवि पाहुजा



**अम्बाला छावनी।** अंबाला छावनी के विजय रतन चौक पर वरिष्ठ युवा कांग्रेसी नेता अतुल महाजन ने स्थानीय लोगों के साथ भारत पाकिस्तान मैच का बहिष्कार किया । उन्होंने कहा कि अंबाला में कहीं भी कोई भी इस मैच को ना देखें और हम मांग करते हैं कि इस मैच को बीसीसीआई द्वारा रद्द कर दिया जाए हमारी भावनाओं को भी ध्यान में रखा जाए इसके साथ ही साथ अंबाला व पूरे भारत के नागरिकों से अपील की है कि वह भी इस मैच का पूर्ण रूप से बहिष्कार करें उन्होंने अंबाला वासियों से भी अपील की है कि वह अंबाला में कहीं भी बड़ी स्क्रीन वह मैच का सीधा प्रसारण ना दिखाएं।

अतुल महाजन ने कहा कि पुलवामा में हमारे देश के नागरिकों को मारा और हालांकि सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत मारे गए नागरिकों का बदला लिया गया लेकिन इसके बावजूद भी इंडिया-पाकिस्तान का मैच करवाया जा रहा है जो कि गलत है अतुल महाजन ने कहा कि इंडिया पाकिस्तान का मैच कभी भी नहीं होना चाहिए।

अतुल ने कहा कि सरकार को लोगों से ज्यादा सट्टेबाजो की ज्यादा चिंता है क्योंकि सुना है सबसे ज्यादा सट्टा भारत पाकिस्तान मैच पर ही लगता है इसका जीता जागता सबूत ये भी है कि जब पूरा भारत क्रोना की मार झेल रहा था तो सरकार और जय शाह आईपीएल मैच करवाने पर ध्यान दे रही थी।

उन्होंने आम जनता से भी अपील की की इंडिया और पाकिस्तान का मैच को लेकर सारा हिंदुस्तान विरोध करने पर उतर रहा है।

## अवैध पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

खरखौदा। पुलिस ने खांडा गांव से एक युवक को अवैध पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि खांडा गांव के लीलावती स्कूल के पास एक युवक अवैध पिस्तौल लिए हुए हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को काबू करके उसकी तलाशी ली तो उसके पास एक अवैध पिस्तौल व एक गोली बरामद की। युवक की पहचान चोलका निवासी साहिल के रूप में हुई है। पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस पर रक्तदान कर दे उनको जन्मदिन की सौगात: धर्मवीर भड़ाना

चामुंडा फार्म हाउस पाली में बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन, विजेता टीम को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



फरीदाबाद। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना ने युवाओं से अपील की कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष पर जिला कार्यालय अटल कमल सेक्टर 15 में आयोजित रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर भाग ले और उनको जन्मदिवस की सौगात दें। धर्मवीर भड़ाना रविवार को गांव पाली स्थित चामुंडा फार्म हाउस में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रहे थे। तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ, जिसमें अन्ना की टीम विजय रही। धर्मवीर भड़ाना ने विजेता टीम को 11000 का नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में 14 टीमों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष श्री भड़ाना ने युवा साथियों से अपील की, कि आने वाली 17 तारीख को देश के यशस्वी एवं लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी के सेक्टर 15 स्थित जिला कार्यालय अटल कमल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में सभी युवा साथियों बढ़ चढ़कर भाग ले और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रक्तदान कर उनके जन्म दिवस की सौगात दें। श्री भड़ाना ने कहा कि हमारे देश का सौभाग्य है कि हमें ऐसा तपस्वी, निष्ठावान एवं देश हित में अपना दिन रात एक करने वाला प्रधानमंत्री मिला है। उनके नेतृत्व में देश नित नई ऊंचाईयों को छू रहा है। मोदी जी ने देश के सबसे पीछे की पंक्ति में खड़े लोगों के हित को ध्यान में रखकर कार्य किया है। आज हमारा देश वैश्विक एवं आर्थिक दृष्टि से विकसित देशों के श्रेणी की तरफ बढ़ रहा है। अतः हमारा फर्ज बनता है कि उनके जन्मदिवस को यादगार बनाया जाए।

इस मौके पर उनके साथ रघुवर सरपंच, जगत भड़ाना, कविराज भड़ाना, अन्ना भड़ाना, अनूप भड़ाना, रामनिवास भड़ाना, मनोज भड़ाना, के वी भड़ाना, श्यामवीर भड़ाना, सुरेंद्र भड़ाना, राकेश भड़ाना, योगेश भड़ाना, विनोद भडाना, अजीत पाल भड़ाना, मलखान भड़ाना, मेंबर चित्रेश शर्मा, तीर्थ शर्मा, लोकेश आदि मौजूद रहे।


अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें PH. : 0172-2638515, 98883-03520 Email : arthparkashadvt29@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

I Sunita Rani w/o Late Shri Ramesh Kumar R/O House no. 3342, Sector 27 D, Chandigarh do hereby Disown my Son Rishu and his wife Anjali from my all movable/ immovable properties. They are out of my control. If anybody deal with them will do so at own cost / Responsibility.
एपी-4657

मैं, रमेश चन्दर पुत्र हरी चंद वासी मकान नं 744/ए वार्ड नं.10, गली नं.15, भारत नगर हिसार ने अपना नाम बदलकर रमेश कुमार रखा है।

मैं, कुलविंदर कौर पत्नी अमरजीत सिंह वासी गांव व डाक Sonkra जिला करनाल मेरे पुराने पासपोर्ट G4905217 में मेरी माता का नाम राज कुमार गलत दर्ज है जबकि असल में मेरी माता का नाम राज कौर है।

मैं, मिनाक्षी मोदी पत्नी अमित गुप्ता वासी मकान नं. 47 इंदिरा कॉलोनी लिबर्टी हाउस करनाल ने अपना नाम बदलकर मिनाक्षी गुप्ता रखा है।
एपी-4658

मैं, Karam Bir Singh पुत्र मियां सिंह निवासी गांव जखोली जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम Karam Bir Singh से बदलकर Karambir Singh रखता हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-4659

मैं, योगेश कुमार खटकड़ पुत्र नंबर 2591340H रैंक हवलदार सतवीर सिंह गांव बधाना जिला जींद हरियाणा,मैंने अपना नाम योगेश कुमार खटकड़ से बदल कर योगेश खटकड़ कर लिया है एफीडेविट 10.09.2025 नोटरी पब्लिक जींद कोर्ट।

मैं, राज रानी पत्नी नंबर 2591340H रैंक हवलदार सतवीर सिंह गांव बधाना जिला जींद हरियाणा,मैंने अपना नाम राज रानी से बदलकर सुनीता कर लिया है एफिडेविट 10.09.2025 नोटरी पब्लिक जींद कोर्ट
एपी-4660

मैं, लव (आधार न. 5878 4346 1207) पुत्र विजय निवासी गाँव कथूरा, तह. गोहाना, जिला सोनीपत, हरियाणा घोषणा करता हूं कि मेरे पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज़ों में मेरा नाम लव है। अब मैं अपना उपनाम लव जोड़ना चाहता हूं। भविष्य में मुझे लव लव के नाम से जाना जाएगा। अब लव लव एक ही व्यक्ति है।

मैं, अशोक कुमार पुत्र अमर नाथ निवासी वार्ड नं. 5, वीपीओ कटौहड खुर्द, तहसील अंब, जिला। ऊना (हिमाचल प्रदेश) घोषित करता है कि अशोक कुमार शर्मा और अशोक कुमार दोनों नाम एक ही व्यक्ति हैं।
एपी-4662

अर्थ प्रकाश
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन
लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

**बेदखली सूचना**

मैं, कुलदीप सिंह (आधार नम्बर 4197 4425 4847) पुत्र मंगल सिंह निवासी दबखेडी (425), जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र निर्मल सिंह व पुत्रवधु इंद्रजीत कौर कहने सुनने से बाहर हैं व लड़ाई झगड़ा करते हैं को मैं अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इनसे किसी भी तरह का लेनदेन या व्यवहार रखने वाला अपने स्वयं का जिम्मेदार होगा। मेरे या मेरे परिवार की इसमें कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-4661

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।




## न्यूज़ ब्रीफ

### हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** आई. बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पानीपत में हिंदी विभाग के तत्वावधान में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक ऑनलाइन राष्ट्र स्तरीय हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के लिए निम्नलिखित विषय निर्धारित किए गए थे– हिंदी भाषा में रोजगार उन्मुखता, वैश्वीकरण एवं हिंदी, त्रिभाषी सूत्र में हिंदी की स्थिति, हिंदी भाषा और संस्कृति, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और हिंदी इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के कुल 24 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में विजेता इस प्रकार रहे प्रथम स्थान: सृष्टि मेहता (एस. डी. कॉलेज, अंबाला) द्वितीय स्थान: सुमित आनंद (आई. बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पानीपत) तृतीय स्थान: मुस्कान (एल. बी. एस. महिला आयुर्वेदिक कॉलेज) सांत्वना पुरस्कार: प्रगति सेजवार (जी. एम. एन. कॉलेज, अंबाला) प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि हिंदी विश्व की प्रमुख भाषाओं में से एक है। यह विश्व की प्राचीन, समृद्ध एवं सरल भाषाओं में गिनी जाती है और साथ ही हमारी राजभाषा भी है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमें गौरव प्रदान करती है। उन्होंने यह भी कहा कि आज हिंदी भाषा के क्षेत्र में रोजगार के नए–नए अवसर निरंतर बढ़ रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों में हिंदी अधिकारी, अनुवादक, हिंदी सहायक जैसे पद उपलब्ध हैं। इसके अलावा, मीडिया क्षेत्र में संपादक, रिपोर्टर, स्क्रिप्ट राइटर, संवाद लेखक, गीतकार आदि के रूप में भी हिंदी भाषी युवाओं के लिए अनेक संभावनाएं हैं। अत: हमें हिंदी भाषा को सर्वसम्मति व समर्पण भाव से अपनाना चाहिए।

### यशपाल प्रजापति बने सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन



**पुण्डरी (अप्रस/कृष्ण प्रजापति)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं नगर परिषद कैथल के पूर्व चेयरमैन यशपाल प्रजापति को संगठन द्वारा सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर खुशी जताते हुए प्रजापति ने कहा कि उनकी प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों को ऐतिहासिक करार दिया और संगठन के सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार प्रकट किया। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

# साहा इंडस्ट्रियल एरिया विस्तार की प्रक्रिया फिर होगी शुरू, 2600 एकड़ भूमि का होगा अधिग्रहण: अनिल विज

- हरियाणा में औद्योगिक विकास को मिलेगी नई गति, साहा में इंडस्ट्रियल एरिया के साथ स्थापित होगा लॉजिस्टिक पार्क – अनिल विज
- अंबाला छावनी को मिलेगा बड़ा औद्योगिक हब, फ्रेट टर्मिनल भी निर्माणाधीन– विज
- हजारों युवाओं को मिलेगा रोजगार, उद्योगों को मिलेगी नई सुविधाएं – विज



अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा

**अंबाला, 14 सितंबर।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी क्षेत्र में औद्योगिक विकास को नई गति देने के लिए सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं। इसी क्रम में साहा इंडस्ट्रियल एरिया के साथ लगती लगभग 2600 एकड़ भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया शीघ्र ही पुनः प्रारंभ की जाएगी।

उन्होंने बताया कि प्रस्तावित भूमि पर नया इंडस्ट्रियल एरिया और लॉजिस्टिक पार्क विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही, पास ही रेलवे द्वारा फ्रेट टर्मिनल बनाने की प्रक्रिया भी प्रगति पर है। इंडस्ट्रियल एरिया, लॉजिस्टिक पार्क और फ्रेट टर्मिनल एक साथ विकसित होने से न केवल उद्यमों को समग्र सुविधाएं उपलब्ध होंगी बल्कि क्षेत्रीय औद्योगिक ढांचा मजबूत होगा और प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से हजारों नए रोजगार अवसर भी सृजित होंगे।

ऊर्जा मंत्री ने इस संबंध में अंबाला के उपायुक्त को मौके पर ही 2600 एकड़ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पुनः शुरू करने के निर्देश दिए। श्री विज ने कहा कि चुनावों के कारण यह प्रक्रिया पूर्व में रुकी हुई थी, जिसे अब शीघ्र गति से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कई किसान इस भूमि को सरकार को देने के इच्छुक हैं और इसके लिए पूर्व में ई-भूमि पोर्टल पर आवेदन भी किए गए थे।

इस मौके पर उद्यमियों ने मंत्री से आग्रह किया कि यदि सरकार उन्हें साहा इंडस्ट्रियल एरिया के पास उद्योग स्थापित करने के लिए भूमि उपलब्ध कराए तो वे अपने उद्योग स्थापित करने के लिए तैयार हैं। इस पर मंत्री ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार उनके हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है।

इस अवसर पर जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन हरभजन सिंह, एचएसआईआईडीसी के एक्सईएन बलदेव, बिजली निगम, नगर परिषद, पुलिस सहित कई अधिकारी तथा उद्योगपति सुभाष धीमान, सुरेंद्र सहगल गोपी, कमलजीत जैन, कपिल वर्मा, अखिल गुप्ता, भाजपा नेता अजय बवेजा आदि उपस्थित रहे।

### उद्योगों को मिलेगी नई ऊर्जा

श्री विज ने कहा कि साहा में इंडस्ट्रियल एरिया, लॉजिस्टिक पार्क और फ्रेट टर्मिनल का आपसी तालमेल क्षेत्रीय उद्योगों के लिए वरदान साबित होगा। इससे उत्पादन, परिवहन और निर्यात संबंधी गतिविधियों को नई गति मिलेगी और निवेशकों को अत्यधिक सुविधा होगी।

### उद्योगपतियों ने मंत्री के प्रयासों की सराहना की

उद्यमियों ने बताया कि श्री अनिल विज के प्रयासों से इंडस्ट्रियल एरिया में विभिन्न विभागों द्वारा तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। हाल ही में मंत्री के निर्देश पर ब?ी संख्या में सफाई कर्मी, जनस्वास्थ्य विभाग की मशीनें, बिजली निगम के कर्मचारी तथा अन्य विभागों की टीमें लगातार कार्य कर रही हैं।

### मंत्री ने सफाई कर्मियों का उत्साह बढ़ाया

मौके पर पहुंचे श्री विज ने सफाई कर्मियों से सीधे संवाद किया और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि भारी बारिश और पानी जमाव से हुए नुकसान की भरपाई के लिए कर्मी जिस मेहनत और लगन से कार्य कर रहे हैं, वह सराहनीय है। इस दौरान उपस्थित सफाई कर्मियों ने 'अनिल विज जिंदाबाद' के नारे भी लगाए।

### बिजली और अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों से जानकारी ली कि अब तक 43 फैक्ट्रियों में बिजली आपूर्ति बहाल हो चुकी है और रविवार तक 95 प्रतिशत तक आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जब तक इंडस्ट्रियल एरिया में सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह व्यवस्थित नहीं हो जातीं, तब तक यहां वॉर रूम सक्रिय रहेगा, जहां विभिन्न विभागों की टीमें समन्वय के साथ कार्य करेंगी।

## जिले में धान की पराली जलाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध: जिलाधीश

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया

**जींद, 14 सितंबर।** जिलाधीश एवं उपायुक्त मो. इमरान रज़ा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए जिला में धान की फसल कटाई के उपरांत पराली जलाने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया है।

उन्होंने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार धान की कटाई का कार्य शीघ्र प्रारम्भ होने वाला है। इस दौरान किसानों द्वारा पराली जलाने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे वायु प्रदूषण, जन-स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव तथा सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। पराली जलाने से भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती है तथा मित्र कीटों की हानि के कारण फसल उत्पादन पर भी विपरीत असर पड़ता है। इसलिए पराली जलाना अपराध की श्रेणी मे आता है इसमें सजा व जुर्माने दोनों का प्रावधान है। और साथ ही, राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने भी फसल अवशेष जलाने पर प्रतिबंध संबंधी स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। हरियाणा सरकार द्वारा इन आदेशों की सख्ती से पालना के निर्देश समय-समय पर दिए जाते रहे हैं।

जिलाधीश ने बताया कि आदेश जनहित व स्वास्थ्य कारणों से आपातकालीन परिस्थितियों में एकपक्षीय पारित किया गया है और यह जनसामान्य के लिए बाध्यकारी होगा। यदि कोई व्यक्ति इस आदेश की अवहेलना करता है तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा-223 के साथ-साथ बचाव एवं प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम, 1981 के तहत कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाए। साथ ही, राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा निर्धारित पर्यावरण शुल्क भी दोषी व्यक्ति से वसूल किया जाएगा।

## विधायक ने हल्के के गांव जालपाड़ और रसलापुर में किया धन्यवादी दौरा

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा।** विधायक मनमोहन भड़ाना द्वारा हलके में जारी धन्यवादी दौरों के तहत रविवार को हलके के जालपाड़ और रसलापुर गांव में ग्रामीणों नें कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें उन्होंने ग्रामीणों का धन्यवाद करते हुए उनकी समस्याओं को भी सुना। विधायक भड़ाना ने कहा कि चुनाव में हल्के के गांव रसलापुर और जालपाड़ गांव के लोगों का उन्हें तन, मन और धन से पूरा सहयोग मिला है। आज वह उनके इसी सहयोग का धन्यवाद करने के लिए उनके बीच शामिल है। उन्होंने कहा वह ग्रामीण के सहयोग का कर्ज गांव और हलके में विकास कार्य करवाकर, युवाओं को रोजगार देकर तथा गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाकर उतारेंगे।




## जनता की आवाज़ मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का एक मजबूत जरिया बनेगी सीएम विंडो सदस्यों की नियुक्ति: हनुमान वर्मा

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति

**पुण्डरी, 14 सितंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश की राजनीति और प्रशासनिक प्रणाली में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में सीएम विंडो सदस्यों की नियुक्ति की है। इस निर्णय को भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए अभूतपूर्व सम्मान और जनता के लिए सशक्त माध्यम बताया जा रहा है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता हनुमान वर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का यह निर्णय न केवल भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं को मान-सम्मान देने वाला है, बल्कि शासन व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, संवेदनशील और उत्तरदायी भी बनाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से कार्यकर्ताओं को परिवार का अभिन्न हिस्सा मानती है और यह जिम्मेदारी उन सिपाहियों को समर्पित है, जिन्होंने वर्षों से निस्वार्थ भाव से जनता और संगठन की सेवा की है।

वर्मा ने कहा कि सीएम विंडो सदस्यों की यह नियुक्ति ग्रामीण और शहरी इलाकों में जनता की आवाज़ को सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का एक मजबूत पुल साबित होगी। यह कदम युवाओं और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा और भाजपा संगठन को और अधिक मजबूत बनाएगा। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री सैनी का यह दूरदर्शी निर्णय भाजपा परिवार के लिए स्वर्णिम अध्याय है। यह पहल जनता की शिकायतों और सुझावों को तत्काल संबोधित करने का क्रांतिकारी उपकरण बनेगी, जिससे हर हल्का विकास का एक प्रगतिशील केंद्र बनेगा।

## भाजपा एससी मोर्चा की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

## सेवा पखवाड़ा, मोदी मैराथन व बाढ़ पीड़ितों की सहायता को लेकर बने कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 14 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा हरियाणा की विस्तृत कार्यकारिणी समिति की राज्यस्तरीय बैठक रविवार को सेक्टर-25 स्थित शगुन फार्म में आयोजित हुई। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने सरकार की नीतियों पर चर्चा की और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने प्रेस वार्ता में बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर प्रदेशभर में सेवा पखवाड़ा की शुरुआत होगी, जिसमें ढाई लाख कार्यकर्ता भाग लेंगे। इस अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान और स्वच्छता कार्यक्रम 20 हजार 629 बूथों पर आयोजित होंगे।

उन्होंने कहा कि 21 सितंबर को मोदी मैराथन हर जिले में होगी, जिसमें लगभग दो हजार युवा भाग लेकर नशा-मुक्त हरियाणा का संदेश देंगे। 25 सितंबर को दीनदयाल जयंती, 2 अक्टूबर को लाल बहादुर शास्त्री और महात्मा गांधी जयंती व दशहरे पर भी विशेष कार्यक्रम होंगे।

उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर समरसता कार्यक्रम, स्वास्थ्य जांच कैंप, दिव्यांग सम्मेलन व शहीद परिवारों का सम्मान भी किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाढ़ पीड़ित किसानों को 7 से 15 हजार रुपए प्रति एकड़ तक का मुआवजा मिलेगा और 100त्न भरपाई का लक्ष्य है।

इस मौके पर विकास, पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि गरीब वर्ग के उत्थान के लिए सरकार लगातार नई योजनाएं ला रही है। उन्होंने खनन से जुड़ी प्रकाशित खबरों को निराधार बताया और कहा कि 30 जून से 15 सितंबर तक खनन कार्य बंद रहता है।

बैठक में भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, महामंत्री अमरनाथ सौधा, प्रदेश उपाध्यक्ष बांतो कटारिया, पूर्व विधायक सत्यप्रकाश जरावटा, मेयर कमल सैनी,प्रदेश सचिव प्रसन्नता चावरिया सहित प्रदेशभर से कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यकारिणी बैठक रविवार को शगुन फार्म, सेक्टर 25 में आयोजित हुई जिसमे प्रदेशभर से लगभग 600 कार्यकर्ता पहुंचे। राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, राष्ट्रीय प्रभारी राजेश लावड़िया, प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावटा, कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, प्रदेश संगठन महामंत्री फणिन्द्र नाथ शर्मा ने सेवा पखवाड़, आत्मनिर्भर और विकसित भारत, संगठनात्मक उपलब्धियां, सरकारी योजनाओ पर चर्चा की।




## सांसद खेल महोत्सव: युवाओं को मिलेगा राष्ट्रीय पहचान का मंच

## 2047 के विकसित भारत में युवाओं की होगी बड़ी भूमिका: सुभाष बराला

- दमकौरा स्टेडियम में सांसद सुभाष बराला ने खिलाड़ियों को खेल महोत्सव में भाग लेने के लिए किया प्रोत्साहित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**टोहाना, 14 सितंबर।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ होने जा रहा है। यह आयोजन युवाओं को खेलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करेगा और उनकी प्रतिभा को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का अवसर प्रदान करेगा।

सांसद सुभाष बराला रविवार को दमकौरा स्टेडियम पहुंचे और खिलाड़ियों को इस महोत्सव में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी 20 सितम्बर तक इस प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं और अपनी रुचि के अनुसार प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले सकते हैं।

सांसद बराला ने बताया कि इस महोत्सव में 12 प्रमुख खेलों वॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो, नेशनल कबड्डी, दस ओवर क्रिकेट, हॉकी, हैंडबॉल, जेवलिन थ्रो, शॉट पुट, लांग जंप, बॉक्सिंग, 100 और 400 मीटर रेस प्रतिस्पर्धा होगी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता तीन स्तरों ङ्क ग्राम/नगर स्तर, विधानसभा स्तर और लोकसभा स्तर पर आयोजित की जाएगी। ग्राम और नगर से प्रारंभ होकर विजेता टीमें ब्लॉक और विधानसभा स्तर तक पहुंचेंगी और अंततः लोकसभा स्तर पर मुकाबले होंगे।

सांसद ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव देश का सबसे बड़ा खेल आयोजन है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच देना है। इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान किया है और इसमें युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

दमकौरा स्टेडियम की भव्यता और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं की सराहना करते हुए सांसद ने कहा कि यह स्टेडियम इस क्षेत्र के साथ-साथ अन्य राज्यों के खिलाड़ियों के लिए भी प्रशिक्षण का केंद्र बन चुका है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को यहां प्रशिक्षण के लिए अवश्य भेजें ताकि उनकी खेल प्रतिभा निखर सके।

सांसद ने खिलाड़ियों से पंजीकरण करवाने के साथ-साथ अन्य युवाओं को भी इस महोत्सव से जुड़ने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों और बच्चों में इस प्रतियोगिता को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है और निश्चित ही यह महोत्सव युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की राह खोलने वाला साबित होगा।

सांसद बराला ने कहा कि आज का युवा ही कल का भारत है। खेलों के माध्यम से अनुशासन, स्वास्थ्य और आत्मविश्वास प्राप्त होता है। उन्होंने सिरसा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक खिलाड़ी और युवा से अपील करते हुए कहा कि वे इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें, पंजीकरण करवाएं और विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

# प्रदेश को शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: मुख्यमंत्री

## वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन के दृष्टिगत प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था की गई सुदृढ़

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 14 सितंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट बनाने के सपने को साकार करने के लिए प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। प्रदेश सरकार हरियाणा को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रदेश में वर्ष 2025 तक पूरी तरह लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार द्वारा प्रदेश में नई 10 आईएमटी स्थापित की जाएंगी, जिनसे प्रदेश के लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। सरकार द्वारा गत साढ़े दस वर्ष के दौरान बिना पर्ची-बिना खर्ची के एक लाख 80 हजार युवाओं को मेरिट के आधार पर सरकारी रोजगार दिया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्थानीय सैनी शिक्षण संस्था के 75 वें स्थापना वर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थितगण को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शिक्षण संस्था के समर्पण भाव से शिक्षा के क्षेत्र में दिए जा रहे सराहनीय योगदान के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शिक्षण



संस्था ने समाज में शिक्षा का प्रकाश फैलाने के गौरवपूर्ण 75 वर्ष पूर्ण कर लिए है। गत 10 मई 1941 को इसी शहर की एक चौपाल में सैनी प्राइमरी स्कूल से शुरू हुई संस्था महात्मा ज्योतिबा फुले के कर्म ही पूजा है के संदेश पर चलते हुए 75 वर्षो बाद आज एक वट वृक्ष बन चुकी है। उन्होंने अपने स्वैच्छिक कोष से संस्था के लिए 51 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की तथा सैनी शिक्षण संस्था द्वारा रखी गई सभी चार मांगों को यथासंभव पूर्ण करवाने का आश्वासन दिया। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने शिक्षण संस्था को 21 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षा सदन का लोकार्पण तथा सैनी पब्लिक स्कूल के नए भवन का शिलान्यास किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया तथा उन्हें पुष्प अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने संबोधन में कहा कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले व भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले सैनी समाज के रत्न है। उन्होंने महिला शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किया तथा कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा, विधवा विवाह, वंचित वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर आवाज बुलंद की।

### मेधावी छात्रों के लिए क्रियान्वित की जा रही अनेक छात्रवृति योजनाएं

नायब सिंह सैनी ने कहा कि राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मुफ्त कोचिंग के अलावा अनेक छात्रवृति योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। सुपर-100 कार्यक्रम के तहत 534 बच्चों ने आई.आई.टी व एन.ई.ई.टी. जैसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल की है। शिक्षा के माध्यम से समाज के पिछड़े वर्ग के लोगों को सशक्त बनाया जा सकता है। इसलिए सरकार ने शैक्षणिक संस्थानों और नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया है। सरकार ने पिछड़े वर्गों के 3 लाख रुपये तक सालाना आय वाले परिवारों के बच्चों को देश में पढ़ाई के लिए 15 लाख रुपये तथा विदेश में पढ़ाई के लिए 20 लाख रुपये तक शिक्षा ऋण सुविधा 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर दी जाती है।

### लड़कियों की कॉलेज व विश्वविद्यालय स्तर तक फीस की गई माफ

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में एक लाख 80 हजार रुपए से कम आय वाले परिवारों के विद्यार्थियों की 12वीं कक्षा तक फीस माफ की गई है तथा ऐसे परिवारों की बेटियों की कॉलेज व विश्वविद्यालय की फीस भी माफ की गई है। सरकार द्वारा गरीब परिवारों के 2650 बच्चों का मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में दाखिला करवाया गया है। निशुल्क विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना के तहत पहली से 12वीं कक्षा तक प्रदेश में 35 हजार विद्यार्थियों को निशुल्क परिवहन सुविधा तथा छात्रा परिवहन सुरक्षा योजना के तहत 9वीं से 12वीं कक्षा की 6506 छात्राओं को निशुल्क यातायात सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने संस्था के मेधावी विद्यार्थियों तथा दानवीर व्यक्तियों को सम्मानित किया।बॉक्स -शिक्षा समाज की प्रगति का आधार - रामचंद्र जांगड़ा 17 सितंबर को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में शामिल होने का दिया निमंत्रण। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि शिक्षा सभी समस्याओं का समाधान करने में सक्षम है तथा समाज की प्रगति का आधार है। सैनी समाज प्रगतिशील समाज है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली की संसद में भी तारीफ होती है। वे दिन-रात प्रदेश की जनता के हित में कार्य कर रहे है तथा नागरिकों की हर समस्या का समाधान करवा रहे है। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को स्थानीय अनाज मंडी में भगवान विश्वकर्मा जयंती के राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि होंगे। उन्होंने उपस्थितगण का आह्वान किया कि वे 17 सितंबर को राज्य स्तरीय समारोह में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे। उन्होंने सैनी शिक्षण संस्था को अपने स्वैच्छिक कोष से 21 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की।

### देश के स्वतंत्रता संग्राम में भी सैनी समाज का रहा बड़ा योगदान

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इसी प्रकार संत लिखमीदास, बल्लभगढ़ रियासत के सेनापति गुलाब चंद सैनी, बिहार में सामाजिक क्रांति के सूत्रधार बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा जैसे समाज सेवक, हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद कुशवाहा जैसे खिलाड़ी तथा चंडीगढ़ स्थित रॉक गार्डन के निर्माता पद्मश्री नेकचंद सैनी जैसे कलाकार भी इसी समाज की देन हैं। स्वतंत्रता आंदोलन में भी सैनी समाज का बड़ा योगदान रहा है। आजाद हिन्द फौज के सेनानी सरदार महंगा सिंह सैनी व अजीत सिंह सैनी तथा हरि सिंह सैनी जैसे स्वतंत्रता सेनानी भी इसी समाज ने दिए हैं।

### विद्यालय स्तर से कौशल विकास कार्यक्रमों को जोड़ा जा रहा है

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में सर्व शिक्षा अभियान के तहत सभी बच्चों का स्कूलों में नामांकन सुनिश्चित किया गया है। स्कूलों में डिजिटल शिक्षा, स्मार्ट क्लासरूम, टैबलेट वितरण और ई-लर्निंग को प्रोत्साहन दिया गया है। बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान को व्यवहार में उतारते हुए छात्राओं के लिए सुरक्षित परिवहन, छात्रवृत्ति और सैनिटेशन सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। हर ब्लॉक में उत्कृष्ट मॉडल स्कूलों की स्थापना, बच्चों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कोडिंग और डिजिटल कौशल की शिक्षा, कौशल विकास कार्यक्रमों को विद्यालय स्तर से जोड़ना और उच्च शिक्षा में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### प्रदेश में डिजिटल शिक्षा को दिया जा रहा है बढ़ावा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य के सभी 22 जिलों में अटल टिंकरिंग लैब्स स्थापित की हैं तथा 5 हजार से अधिक स्कूलों को वाई-फाई कनेक्टिविटी दी गई है।डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 10वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को 5 लाख टैबलेट, लगभग 40 हजार कक्षाओं में डिजिटल बोर्ड तथा 1201 आई.सी.टी. लैब स्थापित की हैं। प्रदेश में बच्चों की नींव मजबूत करने के लिए पहली से कक्षा तीन तक फंक्शनल लिटरेसी एवं न्युमरेसी कार्यक्रम की शुरुआत की है। हरियाणा में स्कूलों में ही नेशनल स्किल्ज क्वालीफिकेशंज फ्रेमवर्क के माध्यम से बच्चों को विभिन्न कौशलों में निपुण बनाने की व्यवस्था की है। अब तक 1001 स्कूलों में यह व्यवस्था की जा चुकी है। राज्य में 1420 राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय बनाए गए हैं। प्रदेश में 218 राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्थापित किये हैं। पीएम. स्कूल योजना के तहत प्रदेश में 250 पी.एम. विद्यालय खोले गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### दो दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन



**लाडवा (विकास कश्यप)।** मदर टेरेसा मॉडर्न पब्लिक स्कूल मथाना चौंकी में दो दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती पर दीप प्रज्ज्वलन कर वंदना करके की गई। इस कार्यशाला का संचालन प्रतिष्ठित रिसोर्स पर्सन अर्चना एवं धर्मेंद्र के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यशाला के प्रथम दिन भाषा शिक्षण की नवीन तकनीकों पर चर्चा की गई, जिसमें शिक्षकों को हिंदी अध्यापन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों एवं नवाचारों से परिचित कराया गया। रविवार को द्वितीय दिन व्यावहारिक सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों ने संवाद, समूह कार्य और प्रोजेक्ट आधारित गतिविधियों के माध्यम से भाषा शिक्षण की विधियों का प्रैक्टिकिल अनुभव किया। स्कूल की प्रधानाचार्या ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं शिक्षकों को नवीन शैक्षिक पद्धतियों से जोड़कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होती हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति ने भी इस आयोजन की सराहना की और भविष्य में ऐसे शैक्षिक कार्यक्रमों के नियमित आयोजन का आश्वासन दिया। दो दिवसीय हिंदी कार्यशाला शिक्षकों के लिए अत्यंत लाभप्रद एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुई। इस अवसर पर शिक्षकों सहित स्कूल का अन्य स्टाफ भी मौजूद था।

### गुरू रविदास जी का आरती व सत्संग का शुभारंभ



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** लाडवा के श्री गुरु रविदास आश्रम में रविवार को विशाल सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें महात्मा गुरपाल दास ने गुरु रविदास की आरती कर सत्संग का शुभारंभ किया। सत्संग में महात्मा गुरपाल दास ने आए हुए श्रद्धालुओं का गुरु रविदास की वाणी से सबका मन मोह लिया। उन्होंने कहा कि हमें सच्चाई के रास्ते पर चलना चाहिए। यदि चोरी करनी है तो गुरु के विचारों को चुराकर अपने जीवन में उतारना चाहिए। किसी से भी कभी घृणा नहीं करनी चाहिए। हमें संत महापुरुष जीने की राह दिखा कर हमारा जीवन सफल बनाने की प्रेरणा देते है। सत्संग के बाद आश्रम में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु का प्रसाद ग्रहण किया। महात्मा गुरपाल दास ने बताया कि 27 सितंबर को सतगुरु स्वामी समन दास के जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक वार्षिक सत्संग का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दूर-दूर से संत महात्मा गुरु रविदास की वाणी का प्रचार-प्रसार करेंगे। इस मौके पर संजीव सलेमपुर, इमना कटारियां, जगमाल, नरेश कुमार, धनु दास, सतपाल, दीपक, रवि, रिंकू, रूपा देवी, किरण, मनीषा, पूजा, सुदेश, उषा, अंग्रेजो रानी, अनु रानी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

### मेनपाल राणा सीएम विंडो प्रतिनिधि नियुक्त

**कलायत (अप्रस/कपिल देव रोहिल्ला)।** कलायत नगर पालिका प्रधान चुनाव में भाजपा उम्मीदवार रहे मेनपाल राणा को पार्टी संगठन ने बड़ी जिम्मेवारी के तौर पर सीएम विंडो प्रतिनिधि का पद सौंपा है। इस नियुक्ति को कार्यकर्ताओं के मनोबल और सम्मान को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। मेनपाल राणा ने कहा कि भाजपा के इस फैसले से साफ है कि पार्टी उन कार्यकर्ताओं को आगे लाने में विश्वास रखती है जिन्होंने संगठन के प्रति निष्ठा और मेहनत दिखाई। उन्होंने इसके लिए हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर, जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, जिला प्रभारी अमरपाल राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड़ और शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। मेनपाल राणा ने कहा कि यह जिम्मेदारी न केवल उनके लिए गर्व का विषय है बल्कि क्षेत्र की जनता की सेवा का एक बेहतरीन अवसर भी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बढ़ौली संगठन के हर सिपाही को मजबूती देने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। पार्टी का लक्ष्य सरकार और संगठन के माध्यम से आमजन के हितों की रक्षा करना एवं जनसेवा को प्राथमिकता देना है। राणा ने विश्वास दिलाया कि वे अपनी नई भूमिका में पूरी निष्ठा से कार्य करते हुए जन-आवाज को सरकार तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। विधानसभा क्षेत्र से जिन्हें सीएम विंडो प्रतिनिधि की कमान मिली है उसमें कलायत शहर से मेनपाल राणा, मटौर गांव से मदन मटौर, राजौंद से कपिल दीक्षित, गांव बालू से कृष्ण बालू व सिसला गांव से बबीता शामिल है। इस नियुक्ति के जरिये भाजपा ने शहरी के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में समीकरण साधे हैं। कलायत जहां विधानसभा का मुख्यालय है वहीं गांव मटौर विभिन्न राजनैतिक दलों की सियासत का दुर्ग रहा है। मटौर गांव के बेटे प्रवीण कांसल को हाल में नगर पालिका में मनोनीत पार्षद नियुक्त किया गया वहीं अब इसी गांव से मदन मटौर को स्थान मिला है।

## हरियाणा में बाढ़ से तबाही: बिनैण खाप ने मांगा 75 हजार प्रति एकड़ मुआवजा

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 14 सितंबर।** हरियाणा के कई हिस्सों में 9 अगस्त से हुई भारी बारिश ने जबरदस्त तबाही मचाई है। जींद जिले के नरवाना क्षेत्र व आसपास के गांवों में खेत अब भी 8 फुट तक पानी में डूबे हैं। फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं और रबी की बुआई संकट में है।

बिनैण खाप प्रधान रघुवीर सिंह नैन ने नरवाना के हरियाली टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस्माइलपुर, फरैण, कलोदा, भिखेवाला, दनोदा, सैथली, लितानी, हसनगढ़ आदि गांवों में सैकड़ों किसानों की फसलें और गरीबों के मकान पूरी तरह तबाह हो चुके हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर आरोप लगाया कि वे 7 सितंबर को नरवाना आए, लेकिन किसी बाढ़ग्रस्त गांव का दौरा नहीं किया और केवल फोटो खिंचवाकर लौट गए। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अब तक उन्होंने हरियाणा के लिए कोई विशेष सहायता पैकेज घोषित नहीं किया।

बर्बाद हुई फसलों पर प्रति एकड़ रुपये 75,000 मुआवजा। ढहे हुए मकानों के लिए रुपये 5 से 25 लाख तक का मुआवजा। तत्काल विशेष गिरदावरी करवाई जाए। रघुवीर नैन ने कहा कि सरकार की घोषित रुपये 3.26 करोड़ की राहत राशि बेहद नाकाफी है। अगर मांगें पूरी नहीं हुई तो 20 सितंबर को बिनैण खाप के चबूतरे पर सर्वजातीय महापंचायत होगी, जिसमें प्रदेशभर की खाप पंचायतें, किसान व मजदूर शामिल होंगे और बड़ा फैसला लिया जाएगा।

## हरियाणा परोपकारी जनमानस की भूमि, मौजूदा सरकार अंत्योदय कल्याण की अवधारणा पर कर रही काम: बेदी

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 14 सितंबर।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि हरियाणा आदिकाल से कमेरा, मेहनतकश तथा परोपकारी जनमानस की भूमि रहा है। यहां के लोग हमेशा सनातन एवं अध्यात्मवाद को मानते आए हैं और गरीब, बेसहारा व जरूरतमंद की सेवा के प्रति समर्पित रहे हैं। सिद्ध शिरोमणि बाबा मस्तनाथ जी महाराज भी समाज सेवा और परोपकार के पैरोकार रहे। उनकी शिक्षाएं आज भी कर्मशील व्यक्ति के लिए आदर्श हैं।

कैबिनेट मंत्री रविवार को जाट धर्मशाला नरवाना में रैबारी समाज कल्याण समिति द्वारा आयोजित 6वें वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। यह कार्यक्रम समाज के छात्र व खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था।

उन्होंने कहा कि सनातन में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति कार्य से पहले सर्व समाज के कल्याण की कामना करता है। इसी भावना को साकार करने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार अंत्योदय कल्याण की अवधारणा पर कार्य कर रही है। चिरायु हरियाणा, आयुष्मान भारत, और ऑनलाइन समाज कल्याण कार्यक्रमों से गरीब और जरूरतमंद लाभान्वित हो रहे हैं। सरकार ने महापुरुषों के नाम पर मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय और बड़े प्रोजेक्ट स्थापित किए हैं तथा गुरु रविदास, महर्षि वाल्मीकि, शूरसैन, भगवान परशुराम, धन्ना भगत और संत कबीर की जयंती सरकारी स्तर पर मनाई जा रही है।

समारोह में मंत्री ने शिक्षा व खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उनके आगमन पर आयोजन समिति ने पगड़ी, शॉल, पुष्पगुच्छ और मालाओं से भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर सत्यवान शर्मा, सुरेंद्र प्रजापति, सुरेंद्र हथो, भीम दनौदा, प्रमोद शर्मा, हंसराज समैन, विरेन्द्र नैन, बैशाखी राम सैनी, मांगे राम सैनी, रिछपाल शर्मा, एडवोकेट मनदीप चहल, भगवती प्रसाद बाघी, एडवोकेट राजेश शर्मा, एडवोकेट सुशील नायक, नगर पार्षद पूनम शर्मा, सुनीता भ्याण, सतप्रकाश सैनी, सुरेश दनौदा व अन्य मौजूद रहे।

## 'वाहवाही में कलम चलाई जा रही है, जनता की आवाज दबाई जा रही है'

### साहित्य सभा कैथल की मासिक गोष्ठी में कवियों ने किया व्यवस्था पर बाण

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 14 सितंबर।** साहित्य सभा कैथल की मासिक गोष्ठी का आरकेएसडी कालेज कैथल में आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रो अमृत लाल मदान ने तथा मंच संचालन हरियाली भाषा के वरिष्ठ साहित्यकार रिसाल जांगड़ा ने किया। हिन्दी दिवस की शुभकामनाओं के साथ गोष्ठी का आगाज किया गया। गोष्ठी का आरंभ राजेश भारती की गज़ल के इस शेयर से हुआ, उंगलियों पर जब नचाया वक्त ने शाह को दर-दर घुमाया वक्त ने। अनिल कौशिक ने कहा, वाचन पाठन लेखन दिनचर्या हिन्दी करें प्रयोग। श्याम सुंदर गौड ने सदा शिव भज मन निशदिन शंकर गौरी पार्वती रमा सुनाकर वाहवाही लूटी। हम सबकी प्यारी हिन्दी भारत के माथे की बिंदी थे सतीश शर्मा के शब्द। आग लगावै पहला खुद जाकै फेर बुझावै -सतपाल पाराशर आंनद। वाहवाही में कलम चलाई जा रही है, जनता की आवाज दबाई जा रही है- गंगा राम। चेहरे की मुस्कान है हिन्दी हम सबका स्वाभिमान है हिंदी-सुरेश कल्याण। मकसद करा रहा है अच्छे बुरे काम सब -ईश्वर गर्ग। मन में उंमग है तो बोलिए, हिन्दी है मदरटंग तो हिन्दी में बोलिए- रजनीश शर्मा। प्यार छीनो नहीं नाजुक फूल की माफिक बिखर जाएगा-प्रीतम लाल शर्मा । मैं हिन्दी मेरी भाषा हिन्दी, हिन्दी हिंद के माथे की बिंदी-पूजा शर्मा। इसके अतिरिक्त गोष्ठी में महेन्द्र पाल, कमलेश शर्मा, मधु गोयल, सोहन लाल सोनी, ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। अंत में अध्यक्ष अमरत लाल मदान ने अध्यक्षीय टिप्पणी और अपनी कविता जीना है तो क्यूं न उमंग में ना जीएं सुनाकर गोष्ठी का समापन किया।

## आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए कार्यकर्ता समाज को करें जागरूक: लीला राम

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के लिए भाजपा कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 14 सितंबर।** भाजपा द्वारा आयोजित कार्यशाला के अंतर्गत जिला भाजपा मुख्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लीला राम ने भाग लिया। लीला राम ने कहा कि सरकार द्वारा देश के आर्थिक तकनीकी और सामाजिक तानेबाने में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए एक पहल की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक विजन है कि देश की दिशा और दशा को बदलने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री की सोच है कि भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे का विकास करके मजबूत विज्ञान और प्रौद्योगिक क्षमताओं का निर्माण करके भारत को एक वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनाना चाहिए। भारत को आत्मनिर्भर बनाने में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके साथ ही डिजिटल इंडिया के माध्यम से भारत को बहुत कामयाबी मिली है। प्रधानमंत्री द्वारा आत्मनिर्भर भारत की शुरुआत 2020 में लॉन्च की गई थी। आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए सबसे पहले जरूरी है कि हम भारत में बने उत्पादों को प्रोत्साहित करें। आधारभूत संरचना, आधुनिक भौतिक और डिजिटल संस्थाओं का निर्माण, स्मार्ट सिटी, राजमार्ग और डिजिटल कनेक्टिविटी से करें। बहुत से कार्यों को ऑनलाइन करके डिजिटल परिवर्तन किया गया है। डिजिटल इंडिया इस प्रणाली को अपनाकर के आत्म निर्भर बना जा सकता है। इस मौके पर उनके साथ तारा चंद स्वदेशी जागरण मंच प्रमुख, संजय विभाग प्रचारक, रविंद्र धीमन जिला आईटी प्रमुख, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राव सुरेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजपाल तंवर, भाजपा जिला महामंत्री मुनीष शर्मा, आशा रानी पूर्व पार्षद, प्रवीन प्रजापति, मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र क्योडक़, मंडलाध्यक्ष आयुष गर्ग, मंडल अध्यक्ष गोपाल सैनी, मंडल अध्यक्ष सतबीर शर्मा, अक्षरा गुप्ता, सीमा शर्मा, कमलजीत कौर, जग्गा सैनी, रामकुमार नैन, हरपाल शर्मा, अवधेश कुमार कुशलपाल सैन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारत माता के सपूत सैनिक राष्ट्र का मजबूत कवच हैं: अशोक गुर्जर


**कलायत (अप्रस)।** भाजपा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कहा कि देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सैनिकों का बलिदान देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों के रूप में याद रहेगा। वीर जवानों और उनके परिवारों के कर्ज कभी चुका नहीं जा सकता। अशोक गुर्जर ने रविवार को कलायत विधानसभा के गांव रोहेड़ा के शहीद नरेंद्र सिंधु और कलायत के बेटे पंकज राणा के परिजनों से उनके आवास पर मिलकर संवेदनाएं प्रकट कीं। इस मौके पर उनके साथ भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड़ भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अशोक गुर्जर ने कहा कि सीमाओं की रक्षा में तैनात हमारे सैनिक देश की सुरक्षा के सच्चे प्रहरी हैं। वे दिन-रात अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए राष्ट का मजबूत कवच बनते हैं। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में प्रदेश सरकार पूरी तरह से सैनिक परिवारों के साथ खड़ी है।

## मिलेनियम के पच्चीस सालों में हिंदी साहित्य और लेखन गांवों की चौपालों तक पहुंचा

### हिंदी अखबारों के लोकलाइजेशन और डिजिटलीकरण ने हिंदी को जन जन तक पहुंचाया

लोकल फोर वोकल का माध्यम बनी हिंदी भाषा

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन




**करनाल, 14 सितंबर।** इस सदी में हिंदी सर्वाधिक लोगों तक पहुंची। हिंदी को जन जन तक पहुंचाने में हिंदी पत्रकारिता और सूचना क्रांति ने अहम भूमिका निभाई। इक्कीसवीं शताब्दी में जिस तरह से देश में सूचना क्रांति का आगाज हुआ उसने हिंदी को पढने वालों की सांख्या में इजाफा कर दिया। विश्व में सबसें अधिक पठनीय भाष हिंदी बन गई। हिंदी भले ही आजादी के आंदोलन में प्रमुख संपर्क भाषा रही हो लेकिन हिंदी को को आगे बढ़ाने में इतना अधिक काम नहीं हुआ। हिंदी में पत्र पत्रिकाएं भी यदा कदा प्रकाशित होती रहीं। आजादी के बाद भले ही हिंदी को राष्ट भाषा का दर्जा मिल गया लेकिन हिंदी को उसका सम्मान नहीं मिल पाया। सरकारी कार्यालयों में कोर्ट तथा समाज में हिंदी को यथोचित सम्मान नहीं मिल सका। हिंदी में प्रकाशित होने वाले पत्र पत्रिकाओं की प्रसार संख्या भी बहुत अधिक नहीं था। विश्व में न्यूयार्क टाइम्स की बादशाहत लंबे समय तक रहीं। हिंदी पत्रकारिता और लेखन साहित्य लेखन के क्षेत्र में हिंदी ने पुरानी सदी के अंत तक अपना स्थान बनाने के लिए संघर्ष किया। 19 वीं शताब्दी के अंत तक अखबारों के लोकल संस्करण आने शुरू हो गए। 2000 से पहले हिंदी में कार्यक्रम रेडियो तक सीमित होकर रह गए थे। उसके बाद हिंदी अखबारों ने इस मिलेनियम के शुरुआती दौर में हिंदी अखबारों के लोकल संस्करण राजस्थान हरियाणा उत्तरप्रदेश महाराष्ट गुजरात, जम्मू कश्मीर तक पहुंचे। वहीं पर हिंदी में निजी चैनलों की शुरूआत की गई। समाचार के हिंदी में चैनल शुरू हो गए। वहीं पर बाजार में हिंदी की प्रसार संख्सा लगातार बढ़ती गई। एक अनुमान के अनुसा हिंदी के अखबारों की प्रसासर संख्या पूर हरियाणा में एक लाख से भी कमू थी। कोविड से पहले हरियाणा में हिंदी अखबारों की प्रसार संख्या दस करोड़ को पार कर गई। इसके अलावा बाजार में भी हिंदी को सम्मान मिला। सोशल मीडिया के दौर में हिंदी को सबसे अधिक स्थान मिला। आज पूरे देश में पचास करोड़ से अधिक छोटे बढ़े सोशल मीडिया प्लेटफार्म हैं। हिंदी अखबारों से लेकर हिंदी में साहित्य लेखन गांव गांव तक पहुंच गया। डिजिटल क्रांति के दौर में हिंदी का सबसे अधिक प्रसार हुआ हैं। पिछले 80 सालों से हिंदी भाषा को संपर्क भाषा के रूप मे स्थापित करने के लिए अभियांन चल रहा है। हर साल हिंदी को स्थापित करने के लिए हर साल आज के दिन संकल्प लेते है। जब जर्मनी, चीन रूस और अन्य देशों मे वहाँ की भाषा मे मेडीकल साइंस, इंजीनियरिंग, विज्ञान, कानून की पडाई की जा सकती है तो भारत मे हिंदी मे क्यों नहीं। सन् 1949 मे सभी ने संकल्प लिया कि हिंदी को अंग्रेजी के स्थान पर स्थापित किया जाय। आज न्यायालयों मे हिंदी मे पूरी तरह से काम काज नहीं हो रहा है। हिंदी की व्याकरण , शैली को जिस तरह से नुक्सान पहुंचाया जा रहा है। लोक भाषा भले ही है लेकिन इसको अंग्रेजी परस्त सिस्टम, लार्ड मेकाले के ओरस् पुत्र अंग्रेजी प्रेम के कारण हिंदी को यथोचित सम्मान नहीं दे रहे है। मौजुदा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जिस तरह हिंदी को सम्मान दे रहे है वह स्वागत योग्य है। भारत को समझने के लिए हिंदी को समझना जरूरी है। आज हिंदी मे सबसे अधिक प्रयोग मे लेने की जरूरत है । आज हिंदी मे सबसे अधिक पत्र , पत्रिका प्रकाशित होती है । आज विश्व मे हिंदी संपर्क भाषा बन चुकी बन चुकी है। आज हिंदी मे यदि विज्ञान को अनुवादित किया जाए। आज अनुवाद की तकनीक है। आज फेस बुक, अन्य सोशल मीडिया प्लेट फार्म पर हिंदी को महत्व दिया जा रहा है। आज हमारे राष्ट पति और प्रधानमंत्री हिंदी मे काम कर रहे है तो फिर कोर्ट और बैज्ञानिको को क्या आपत्ति है। आज देश को जोडने मे हिंदी भाषा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आज भारती महाद्वीप मे सबसे अधिक हिंदी बोली और समझी जाती है। आज हिंदी भाषा मे काम करने वालो को गर्व होना चाहिए। आप अपने हस्ताक्षर हिंदी मे करे। बैंक के फार्म हिंदी मे भरे। अपने विवाह आमन्त्रण कार्ड हिंदी मे छपवाये।

## एआई, बायोटेक, ग्रीन एनर्जी व एग्रीटेक से उत्तर प्रदेश की नई वैश्विक पहचान गढ़ने की तैयारी

# योगी सरकार का लक्ष्य 2047 तक 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना

**मुख्यमंत्री डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस समारोह में हुए शामिल**

अर्थ प्रकाश/ विजय कुमार निगम



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार 'विकसित उत्तर प्रदेश,समर्थ उत्तर प्रदेश @2047' विज़न को साकार करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार कर रही है। इस रूपरेखा में तीन मिशन- समग्र विकास, आर्थिक नेतृत्व व सांस्कृतिक पुनर्जागरण तथा तीन थीम- अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति पर जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट मत है कि अगले 22 साल में उत्तर प्रदेश की ग्लोबल पहचान भविष्योन्मुखी उद्योगों पर ध्यान केंद्रित किये बगैर नहीं प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए सरकार का विशेष ध्यान एआई, बॉयोटेक, ग्रीन एनर्जी और एग्रीटेक आधारित उद्योग पर है। इसके साथ ही सरकार प्रदेश के 12 प्रमुख सेक्टर (कृषि, औद्योगिक विकास, आईटी व इमर्जिंग टेक, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, नगर व ग्राम्य विकास, सतत विकास, पशुधन, पर्यटन, अवस्थापना और सुरक्षा-सुशासन) के जरिए भविष्य के उद्योगों की रूपरेखा तैयार करने में जुटी हुई है। इस व्यापक खाके का आर्थिक लक्ष्य 2030 तक प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है।

2017 से पूर्व उत्तर प्रदेश की गिनती बीमारू और विकास की दौड़ में पिछड़े राज्य की बन चुकी थी। सुरक्षा तंत्र की कमजोरी, निवेश के लिए असुरक्षित माहौल, हाई-टेक इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी और कौशल विकास की अनुपस्थिति के कारण निवेशकों का विश्वास घटा हुआ था। पुलिस सशक्तिकरण और स्मार्ट मॉनिटरिंग का ढांचा न होने से अपराध पर नियंत्रण ढीला था। यही कारण था कि रोजगार और उद्योग दोनों ही सीमित स्तर पर ठहर गए थे। यहां तक कि अधिकांश उद्यमी अन्य राज्यों की ओर पलायन कर चुके थे।

योगी सरकार ने 2017 के बाद से कानून-व्यवस्था में बड़े पैमाने पर सुधार किए। पुलिस भर्ती और आधुनिकीकरण, स्मार्ट निगरानी नेटवर्क, कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई से प्रदेश का सुरक्षा वातावरण पूरी तरह बदल गया। 'ऑपरेशन कन्विक्शन' जैसी पहलों ने सजा दर बढ़ाई और निवेशकों के लिए विश्वासपूर्ण माहौल तैयार किया। इसका सीधा असर उद्योग और व्यापार पर पड़ा और प्रदेश निवेश का सुरक्षित गढ़ बन सका। यही वजह रही कि 2023 में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश-विदेश की नामचीन कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में 45 लाख करोड़ से अधिक के निवेश का प्रस्ताव सरकार के समक्ष रख दिया। इसमें से 15 लाख करोड़ के निवेश धरातल पर उतर भी चुके हैं।

यूपी ने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) नीति लागू करके नोएडा और लखनऊ जैसे शहरों को अंतरराष्ट्रीय कंपनियों का नया केंद्र बनाने की पहल की है। इस नीति का उद्देश्य फॉर्च्यून 500 कंपनियों को आकर्षित करना है ताकि प्रदेश में उच्च वेतन वाली नौकरियां, आरएंडडी, डेटा एनालिटिक्स और साइबर सिक्योरिटी जैसी उच्च मूल्य सेवाएं विकसित हो सकें। राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही जमीन, टैक्स छूट और बुनियादी ढांचे की सुविधा ने घरेलू और विदेशी निवेशकों का भरोसा और मजबूत किया है। प्रदेश अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), बायोटेक, अक्षय ऊर्जा, एग्रीटेक, क्वांटम, साइबर सिक्योरिटी और मेटावर्स जैसे भविष्य के उद्योगों को अपनी अर्थव्यवस्था का आधार बना रहा है। एआई से उत्पादकता बढ़ेगी, जबकि अक्षय ऊर्जा और ग्रीन टेक्नोलॉजी में नए विनिर्माण क्लस्टर और रोजगार सृजित होंगे। बायोटेक और हेल्थ-टेक पार्क राज्य को फार्मा और मेडिकल रिसर्च का हब बनाएंगे। एग्रीटेक और वर्टिकल फार्मिंग किसानों की आय बढ़ाकर ग्रामीण समृद्धि को मजबूत करेंगे।

### 6 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की राह

विशेषज्ञों का मानना है कि उच्च मूल्य सेवाएं, ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग और एग्रीटेक सुधार प्रदेश को 6 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर ले जाएंगे। जीसीसी और आईटी-एआई हब से सेवाओं का निर्यात बढ़ेगा, रिन्युएबल और ई-मोबिलिटी क्लस्टर से विनिर्माण व एक्सपोर्ट में तेजी आएगी और कृषि आधारित प्रोसेसिंग से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बायोटेक और मेडिकल आरएंडडी से विशेषीकृत रोजगार और निर्यात अवसर खुलेंगे। योगी सरकार का यह विजन रोजगार सृजन पर केंद्रित है। प्रत्यक्ष तौर पर लाखों उच्च-वेतन नौकरियां ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स और आईटी हब से मिलेंगी। वहीं, रिन्युएबल, स्मार्ट सिटी इंफ्रास्ट्रक्चर और सप्लाई चेन में लाखों मध्यम और निम्न-कुशल नौकरियां बनेंगी। ग्रामीण क्षेत्रों में एग्रीटेक और कोल्ड चेन से स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा और शहरी पलायन कम होगा। स्किल-विकास योजनाएं और प्राइवेट पार्टनरशिप इस रोजगार रोडमैप को व्यवहार्य बनाएंगी। 2047 तक उत्तर प्रदेश को 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है। इसके लिए राज्य को लगातार 16 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर बनाए रखनी होगी। इस विज़न के अंतर्गत प्रति व्यक्ति आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में प्रदेश का योगदान लगभग 20 प्रतिशत तक पहुंचेगा।

### शिक्षा, कौशल विकास व एआई पर जनता दे रही सुझाव

योगी सरकार द्वारा संचालित 'समर्थ उत्तर प्रदेशङ्कविकसित उत्तर प्रदेश @2047' अभियान निरंतर जनभागीदारी और सुझावों के साथ आगे बढ़ रहा है। रविवार तक प्रदेश के सभी 75 जनपदों में नोडल अधिकारियों एवं प्रबुद्धजनों ने भ्रमण कर छात्रों, शिक्षकों, व्यवसायियों, उद्यमियों, कृषकों, स्वयंसेवी संगठनों, श्रमिक संगठनों, मीडिया और आम जनमानस से संवाद किया। इस संवाद में न केवल विगत आठ वर्षों की विकास यात्रा साझा की गई, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने हेतु रोडमैप पर चर्चा और फीडबैक भी प्राप्त किया गया।

**करीब डेढ़ लाख से अधिक फीडबैक दर्ज:** सरकार द्वारा विकसित पोर्टल पर अब तक करीब डे? लाख फीडबैक दर्ज किए जा चुके हैं। इनमें से करीब एक लाख फीडबैक ग्रामीण क्षेत्रों से और बाकि नगरीय क्षेत्रों से प्राप्त हुए। आयु वर्ग के अनुसार करीब 50 हजार सुझाव 31 वर्ष से कम आयु वर्ग से, 75 हजार सुझाव 31-60 वर्ष वर्ग से और बाकि सुझाव 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग से आए हैं।

**शिक्षा क्षेत्र पर सबसे अधिक राय:** जनता के बीच शिक्षा अब भी सबसे बड़ा मुद्दा है। करीब 50 हजार सुझाव शिक्षा से जुड़े मिले। इसके अलावा नगरीय एवं ग्रामीण विकास से जुड़े करीब 25 हजार, स्वास्थ्य पर 15 हजार से अधिक, समाज कल्याण पर करीब 15 हजार और कृषि क्षेत्र से संबंधित 20 हजार से अधिक सुझाव दर्ज किए गए।

**इन जिलों से मिल रही उत्साही भागीदारी:** कानपुर देहात, फर्रुखाबाद, जौनपुर, बलरामपुर, प्रतापगढ़ और फिरोजाबाद जैसे जनपदों से सबसे अधिक भागीदारी रही। इन जिलों से कुल 53,996 से अधिक फीडबैक प्राप्त हुए, जो दर्शाता है कि जनता इस अभियान को गंभीरता से ले रही है।

**शिक्षा और कौशल विकास पर जोर:** अरुण कुमार द्विवेदी, दीपाली और वैशाली रैना सहित कई प्रबुद्धजनों ने सुझाव दिया कि शिक्षा को कौशल विकास के साथ जोड़ना समय की आवश्यकता है। छात्रों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्कूल पाठ्यक्रम में व्यावसायिक विषयों को शामिल करने और ई-लर्निंग पोर्टल के माध्यम से मुफ्त कौशल विकास कोर्स उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। साथ ही, शहरी क्षेत्रों में निजी शिक्षा की बढ़ती लागत से निपटने के लिए सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता और संसाधनों को बेहतर बनाने की आवश्यकता भी बताई गई।

**आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर चर्चा:** कानपुर देहात के अभिषेक कुमार और आलोक कुमार ने आईटी क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और चैटजीपीटी जैसे टूल्स की बढ़ती प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 2022 के अंत में ChatGPT की रिलीज़ के बाद से एआई शिक्षा, अनुसंधान, दवा निर्माण, आर्किटेक्चर और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। यहां तक कि नासा भी अंतरिक्ष अनुसंधान में इसके उपयोग की संभावनाओं पर काम कर रहा है।

**एआई के प्रति सावधानी की आवश्यकता:** हालांकि एआई को लेकर लोगों में उत्साह है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि इस तकनीक पर पूर्ण विश्वास स्थापित होने में समय लगेगा। इसे और अधिक परीक्षण एवं विकास की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में इसे सुरक्षित और उपयोगी रूप से लागू किया जा सके। अभियान से साफ है कि जनता विकास की राह में केवल दर्शक नहीं, बल्कि सक्रिय भागीदार बन रही है। शिक्षा, कौशल विकास और आधुनिक तकनीक को अपनाने की दिशा में लोगों के सुझाव सरकार की भविष्य की नीतियों का आधार बन सकते हैं।

---

# प्राचीन श्री हनुमान मंदिर सेक्टर 32ए चंडीगढ़ में श्रीमद् भागवत कथा का समापन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। श्री मद्भागवत कथा प्राचीन श्री हनुमान मंदिर सेक्टर 32 ए चंडीगढ में एक सप्ताह तक हुई कथा व्यास डॉ. संत स्वामी राम तीरथ जी महाराज के द्वारा की जा रही थी । आज प्राचीन श्री हनुमान मंदिर सेक्टर 32 ऐ चल रही कथा व्यास डॉ. संत स्वामी राम तीरथ जी महाराज ने कथा के समापन के दिन भगवान श्री कृष्ण जी की लीलाओं ओर बारे में बहुत ही विस्तृत रूप से बताया ओर किस प्रकार भगवान श्री कृष्ण ने संसार मे रहते हुए हमें अपना जीवन व्यतीत करना है, किस प्रकार दुःख सुख जीवन में आते हैं और भगवान श्रीकृष्ण उन दिनों में हमें धैर्य और संयम बनाए रखना चाहिए और संसारिक जीवन के बारे में बहुत ही विस्तार पूर्वक बताया कि जो भक्त भगवान श्री कृष्ण जी की भक्ति में लीन रहते है। वो भगवान को अवश्य ही पा लेता है प्रवचन सुनने के लिए ट्राई सिटी के भक्त रोजाना मंदिर में पहुंच रहे हैं। मंदिर कमेटी के सभी सदस्यों ने इस कार्यक्रम मे बहुत ही सुन्दर व्यवस्था की हुई है। आज कथा का अंतिम दिन है रविवार को सुबह कथा का समापन सम्पूर्ण हवन यज्ञ एवं उसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया, हिन्दू महासभा के सदस्यों, मंदिर कमेटी के सभी सदस्यों एवं मंदिर महिला मंडल कमेटी की सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

---

## पूर्व उपसभापति ने मेडिकल कॉलेजों पर चंद्रबाबू नायडू के झूठ का किया पर्दाफाश

# वाईएसआर सरकार द्वारा बनाए गए कॉलेजों को निजीकरण की ओर धकेल रही गठबंधन सरकार: रघुपति

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी



**ताडेपल्ली।** पूर्व उप सभापति कोना रघुपति ने सरकारी मेडिकल कॉलेजों पर झूठा प्रचार करने के लिए मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और टीडीपी के नेतृत्व वाले गठबंधन पर कड़ी आलोचना की। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में राज्य के मीडिया को संबोधित करते हुए, रघुपति ने कहा कि नायडू हमेशा झूठ पर पलते रहे और जीविकोपार्जन करते रहे हैं।

हाल ही में चुनाव से पहले झूठे वादों से गरीबों और कमज़ोर वर्गों को धोखा देते रहे हैं संयुक्त राज्य आंध्र और तेलंगाना के लोगइनको अच्छी तरह समझते हैं चुनाव में भी क्या एक घोषणाएं कियाइनकी घोषणा पत्र में 113 के लगभग घोषणाएं थेजो गठबंधन सरकार संयुक्त रूप से घोषणा किया थाकितने अमल हुए भगवान ही जानेलेकिन अपने आप को पूरा करने की बयान देते रहते हैं हर दिन एक झूठ बोलते हैं

चंद्रबाबू नायडू सत्ता में आने के बाद राज्य के जनता की उम्मीदों पर पानी फेरते रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने ही नीति आयोग के हर संसदीय क्षेत्र में एक कॉलेज के प्रस्ताव के तहत 17 नए सरकारी मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का ऐतिहासिक फैसला लिया था।जो प्रमाणिक है .कहा पूर्व विधानसभा उपसभापति श्रीरघुपति ने यह कोई राजनीतिक चाल नही , बल्कि एक सामाजिक विकास की ज़िम्मेदारी थी - गरीबों के लिए मुफ़्त स्वास्थ्य सेवा और छात्रों के लिए सुलभ चिकित्सा शिक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्रथम जिम्मेदारी है उसे जिम्मेदारी से हटकर अपनें चाहतों को व्यापार करने के लिएबनी बनी बुनी व्यवस्था को बेचने के लिए शर्म आनी चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी के कार्यकाल में, सात कॉलेज पूरी तरह से बनाकर तैयार हो गए, पाँच में कक्षाएं शुरू हो चुकी हैं, और बाकी का काम पूरा होने वाला है। इसके विपरीत, गठबंधन सरकार ने 15 महीनों से निर्माण कार्य रोक रखा है और अब बेशर्मी से इन्हीं संस्थानों के निजीकरण की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा आपने पुलिवेंदुला मेडिकल कॉलेज के लिए एमसीआई की 50 सीटें खारिज कर दीं और अब आप छात्रों की परवाह करने का दावा करते हैं? इस पाखंड शिक्षित समझ चुके हैं लेकिन इनका पर्दाफाश होना ही चाहिए।

रघुपति ने चंद्रबाबू के वित्तीय तंगी के दावे की आलोचना की। आपने केवल 15 महीनों में 1.90 लाख करोड़ उधार लिए। क्या आप आवश्यक मेडिकल कॉलेजों पर ?4,000 करोड़ खर्च नहीं कर सकते? आप दावा करते हैं कि जगन 10-12 लाख करोड़ रुपये का कर्ज छोड़ गए हैं, लेकिन आपके अपने वित्त मंत्री ने विधानसभा में कहा कि यह केवल 4.67 लाख करोड़ रुपये था। लोगों को गुमराह क्यों कर रहे हैं? उन्होंने सवाल किया। उदाहरण देते हुए, रघुपति ने बताया कि कैसे मछलीपट्टनम, विजयनगरम, नंदयाल, मरकापुर, पिदुगुराल्ला, बापटला और पुलिवेंदुला कॉलेज या तो पूरे हो चुके हैं या पूरे होने के करीब हैं, और निजी कॉलेजों से कहीं बेहतर आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। उन्होंने कहा, ÷बापटला में, जगन सरकार ने कोविड से लड़ने के लिए 120 ऑक्सीजन बेड, एक ऑक्सीजन प्लांट और आईसीयू सुविधाएँ बनाई, जबकि नायडू के शासन में केवल दो ऑक्सीजन बेड थे। उन्होंने ÷येलो मीडिया÷ की ÷10 नए कॉलेज शुरू होने÷ जैसी मनगढ़ंत कहानियों के लिए निंदा की, जबकि वास्तव में जगन मोहन रेड्डी द्वारा आयोजित और प्रायोजितऔर निर्माण भी .इन्हीं नेता के नाम से केंद्र से स्वीकृति भी मिली थी अब अन्य मेडिकल कॉलेज के परियोजनाओं का निजीकरण कर रहे हैं।

---

# कैथल में सनसनी, स्कूटी सवार बदमाशों ने डॉक्टर को मारी गोली

**गंभीर हालत में डाक्टर चंडीगढ़ रेफर, पेट में आर पास निकली गोली**

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल।** कैथल में रविवार शाम उस समय दहशत फैल गई जब सेक्टर-21 में टहल रहे एक डॉक्टर पर अज्ञात स्कूटी सवार बदमाशों ने गोली चला दी। गोली लगने से डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। घायल चिकित्सक की पहचान सेक्टर-19 निवासी डॉ. प्रतीक कुमार के रूप में हुई है। वह एमबीबीएस डिग्रीधारी हैं और फिलहाल आदेश अस्पताल, शाहाबाद में प्रैक्टिस कर रहे थे। रविवार शाम टहलने निकले डॉ. प्रतीक पर स्कूटी सवार युवक ने अचानक गोली चला दी और मौके से फरार हो गया। गोली उनके पेट में लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। आस पास के लोगों ने तुरंत पुलिस और परिजनों को सूचना दी तथा डॉक्टर को नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी मुख्यालय वीरभान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जांच में यह मामला पैसों के लेन-देन के विवाद से जुड़ा सामने आ रहा है। डीएसपी वीरभान ने बताया कि सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस तथा सीआईए-वन, सीआईए-टू व लोकल पुलिस आरोपियों को पकडने में जुट गई है। आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

---

# इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025: युवाओं को मिलेगा वैश्विक मंच पर प्रतिभा दिखाने का अवसर

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

पलवल, 14 सितम्बर। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि युवाओं की प्रतिभा और कौशल को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अंतर्गत यह प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इच्छुक प्रतिभागी केवल स्ढ्ढष्ठ्र पोर्टल ( www.skillindi-adigital.gov.in) पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। किसी अन्य माध्यम से किया गया पंजीकरण मान्य नहीं होगा। चयनित प्रतिभागियों को विश्व कौशल एशिया प्रतियोगिता (नवंबर 2025, ताइपेई) और विश्व कौशल अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता (सितंबर 2026, शंघाई) में देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। जिला/राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं अक्टूबर 2025 में, रीजनल दिसंबर 2025 में और नेशनल प्रतियोगिता फरवरी 2026 में होगी। चयनित युवाओं को अगस्त 2026 तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2025 तय की गई है। इसके उपरांत अक्टूबर 2025 में जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जबकि रीजनल प्रतियोगिताएं दिसंबर 2025 में होंगी। नेशनल प्रतियोगिता (इंडिया स्किल्स) फरवरी 2026 में प्रस्तावित है। चयनित प्रतिभागियों को अगस्त 2026 तक घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके बाद वे वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता 2026 में हिस्सा लेंगे, जो 22 से 27 सितंबर तक शंघाई (चीन) में आयोजित होगी। जिला स्तर और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में विजेताओं को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। वहीं राष्ट्रीय स्तर (इंडिया स्किल्स कंपटीशन) पर प्रथम स्थान पर आने वाले को 5 लाख रुपये, द्वितीय स्थान को 3 लाख रुपये और तृतीय स्थान को 2 लाख रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी। वर्ल्ड स्किल्स एशिया कंपटीशन और वर्ल्ड स्किल्स इंटरनेशनल कंपटीशन के लिए पुरस्कार राशि का निर्धारण शीघ्र किया जाएगा। इसके अतिरिक्त वर्ल्ड स्किल कंपटीशन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 10 लाख रुपये, द्वितीय स्थान को 7.5 लाख रुपये तथा तृतीय स्थान को 5 लाख रुपये की धनराशि दी जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए न्यूनतम आयु 16 वर्ष निर्धारित की गई है। प्रतिभागी का जन्म 1 जनवरी 2004 या उसके बाद होना चाहिए। हालांकि 13 विशेष स्किल्स/ट्रेड्स जैसे डिजिटल कंस्ट्रक्शन, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी, आईसीटी नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, इंडस्ट्रियल डिजाइन टेक्नोलॉजी, इंडस्ट्री 4.0, मेक्ट्रोनिक्स, ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी, डेंटल प्रोस्थेटिक्स और एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस के लिए प्रतिभागी का जन्म 1 जनवरी 2001 या उसके बाद होना चाहिए।

---

## विजयवाड़ा मेयर रायना भाग्यलक्ष्मी ने सरकार की नाकामी पर जताया रोष, कहा-

# डायरिया से 244 से ज़्यादा लोग पीड़ित

अर्थ प्रकाश / बोम्मा रेड्डी



**विजयवाडा।** विजयवाड़ा महानगर महापौर रायना भाग्यलक्ष्मी ने इस बात पर रोष व्यक्त किया कि सरकार विजयवाड़ा में डायरिया बुखार पीड़ितों को उपचार प्रदान करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने दुख व्यक्त किया कि मंत्रियों के हड़बड़ी भरे दौरों के अलावा, डायरिया के प्रसार को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। इन्होंने ताडेपल्ली में केंद्रीय कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए आरोप लगाया कि टीडीपी भाजपा जनसेना गठबंधन सरकार ने न तो स्वास्थ्य बुलेटिन जारी किया है और न ही डायरिया के प्रकोप के कारणों की उचित समीक्षा की है।

उन्होंने कहा कि पीड़ितों के फ़ोन करने पर 108 भी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि वाईएसआर कांग्रेस पार्टी पीड़ितों के लिए तब तक लड़ती रहेगी जब तक उन्हें उचित उपचार प्रदान नहीं किया जाता। उन्होंने यह भी कहा कि यह शर्म की बात है कि कम से कम एक मेडिकल टीम ने शोध के लिए डायरिया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की लापरवाही का प्रमाण है। पहले दिन, उन्होंने कहा कि विनायक चविथि मंडलों के पास रखे भोजन को खाने से डायरिया हुआ था। पहले दिन, सुबह 11 पीड़ित थे, लेकिन शाम तक यह संख्या 100 तक पहुँच गई। इसके बावजूद, सरकार ने लोगों को सावधानियों के प्रति जागरूक नहीं किया। उन्होंने एक स्कूल में कैंप लगाकर पास के शहरी स्वास्थ्य केंद्रों से एक्सपायरी दवाएं उपलब्ध कराई। यह बेहद दुखद है कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने एक मरीज को दी गई दवाओं की एक्सपायरी डेट पता होने के बाद भी इस पर ध्यान नहीं दिया। आज आधिकारिक तौर पर 244 लोग डायरिया से बीमार पड़ चुके हैं, जो दर्शाता है कि सरकार का शासन कितना खराब है। इतना सब कुछ होते हुए भी, सरकार ने इलाके के होटल, चिकन सेंटर और अन्य दुकानें बंद कर दी हैं और इलाके में शराब की दुकान आधी रात तक खुली रहे, इसकी भी परवाह नहीं की। वजह यह है कि अपनी जेबें भरने और उनसे कमाई करने पर केंद्रित इस सरकार का ध्यान लोगों के स्वास्थ्य पर नहीं है।

नरसिंह नाम के एक व्यक्ति की चार दिन तक डायरिया से पीड़ित रहने के बाद मौत हो गई। दरअसल, पीड़ित के छोटे भाई और परिवार को चार दिन पहले डायरिया के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उनका इलाज चल रहा था। लेकिन सरकार को उसी घर में रहने वाले नरसिंह की कोई परवाह नहीं थी। सरकार घर-घर जाकर सब कुछ करने का दावा करती है। अगर नरसिंह की पहचान समय पर हो जाती और उसे अस्पताल में भर्ती कराया जाता, तो पीड़ित का इलाज हो जाता। इस बारे में पूछने पर कहते हैं कि पीड़ित की मौत ज़्यादा शराब पीने से हुई है। जब डायरिया के कारण सारी दुकानें बंद थीं, तो सरकार ने शराब की दुकानें क्यों खुली रखीं? सरकार पत्तों वाले चाँद की तरह काम कर रही है।

---

## खेल मंत्री गौरव गौतम ने किया अग्निशमन केंद्र का विधिवत भूमि पूजन, कहा-

# तीव्र गति से पलवल में करवाए जा रहे हैं विकास कार्य

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



पलवल। हरियाणा सरकार में खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता तथा कानून एवं विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने रविवार को पलवल के सेक्टर-2 में बनने वाले अग्निशमन केंद्र के भूमि पूजन का नारियल तोडकर विधिवत रूप से शुभारंभ किया। भूमि पूजन समारोह में पहुंचने पर खेल मंत्री गौरव गौतम का हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और जिला प्रशासन की ओर से शानदार स्वागत किया गया।

खेल मंत्री गौरव गौतम ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि सेक्टर-2 में करीब डेढ एकड़ में लगभग पांच करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला अग्निशमन केंद्र स्वाभाविक रूप से आगजनी से संबंधित घटना होने पर उसे तुरंत प्रभाव से काबू पाने के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि पलवल के विकास के लिए विकास कार्य तीव्र गति से कराए जा रहे हैं। जो वादे किए थे वो लगातार पूरे करवाए जा रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश में बिना भेदभाव के समान रूप से विकास हो रहा है। पलवल को स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन और अन्य सभी जरूरी सुविधाओं के लिए विकसित किया जा रहा है। पलवल के विकास कार्यों में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। आने वाले समय में पलवल देश के विकसित और स्वच्छ शहरों में सबसे अग्रणी भूमिका में खड़ा नजर आएगा।

इस अवसर पर उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि यह अग्निशमन केंद्र शहर में आने वाले समय में किसी आगजनी जैसी घटना होने पर जल्द काबू पाने में काफी कारगर साबित होगा। इस अवसर पर उन्होंने आमजन से सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी देने का आह्वान किया।

इस मौके पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कार्यकारी अभियंता मनोज सैनी, स्टेट ऑफिसर विकास ढांडा, फायर स्टेशन अधिकारी लेखराम, एएफएसओ नवीन पाल, भाजपा जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष आशा भारद्वाज, वरिष्ठ बीजेपी नेता इंद्रपाल शर्मा, वीरपाल दीक्षित, अमन शर्मा, देवेंद्र गुप्ता, दिनेश बघेल, पार्षद भक्ति शर्मा सहित भारी संख्या में गणमान्य जन मौजूद रहे।

### स्वच्छता अभियान में भी लोगों की हो अधिक से अधिक भागीदारी

इस अवसर पर खेल मंत्री गौरव गौतम ने पलवल के लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि वे सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में अपनी अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पलवल शहर को जिला प्रशासन और आमजन मिलकर सुंदर और स्वच्छ बनाने में अपनी भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि नगर परिषद पलवल द्वारा शहर के वार्डों में जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के साथ-साथ लोगों को भी जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पलवल शहर की हर गली हर मोहल्ला और हर वार्ड से जब सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र को साफ सुथरा बनाने में सहयोग देंगे तो निश्चित तौर पर पलवल देश के मानचित्र पर स्वच्छ और सुंदर शहर होने की भूमिका में नजर आएगा। उन्होंने आमजन से स्वच्छता अभियान में जुड़कर अपने घर की तरह शहर को भी साफ सुथरा रखने का आह्वान किया।

# नगला गांव को जाने वाली सड़क की हालात खस्ता

स्थानीय निवासी बोले- सीवरेज व बरसाती पानी की निकासी के लिए लाइन ठीक ढंग से नहीं डाली गई

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर।** चंडीगढ़ अंबाला हाइवे से नगला गांव को जाने वाली स?क की हालात इतनी खस्ता हो चुकी है के लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासी इतने परेशान है के वह ठेकेदार के खिलाफ पर्चा दर्ज करने की मांग की जा रही है। क्योंकि यह सड़क 8 महीने पहले इस लिए खोदी गई थी के यहां सीवरेज व बरसाती पानी की निकासी के लिए लाइन डाली जा सके। लेकिन 8 महीने बीत जाने के बाद भी सड़क को ठीक नहीं किया गया। लोगों द्वारा आरोप लगाया जा रहा है के सीवरेज व बरसाती पानी की निकासी के लिए जो लाइन डाली गई है वह ठीक ढंग से नही डाली गई, क्योंकि वह शुरू होने से पहले ही ब्लॉक हो गई है। ही कारण है के पानी आगे जाने की बजाए सड़क पर ही इकठा हो गया है। स्थानीय निवासी अर्जुन कुमार, संदीप सिंह, नवदीप सिंह, प्रदीप सिंह, अमरीक कुमार, मलकीत कुमार, सुखदेव कुमार, प्रदीप कुमार,धर्म चंद, महिंदरपाल, देश राज बुग्गा, सरवन कुमार, कुलदीप कुमार व अन्य ने बताया कि कुछ दिन पहले हलका विधायक यहां दौरा करने आए थे और स?क की हालात को देखते हुए ठेकेदार के खिलाफ पर्चा दर्ज करने के लिए बोला था। लेकिन उसके बाद भी ठेकेदार द्वारा यहां कोई काम नही किया गया। रविवार को सुबह हुई कुछ समय की बरसात के चलते यहां फिर से पानी भर गया है। बता दें के नगला रोड पर दर्जनों सोसायटीयां व तीन से चार पुराने गांव मौजूद है। जिसके चलते सेंक? लोग रोजाना इस स?क से निकलते हैं। लोगों ने बताया की लोगों के विरोध के बाद ठेकेदार दार द्वारा करीब 15 दिन पहले यह स?क बना दी थी लेकिन वह बारिश के कारण फिर से टूट गई है और एक से डे? फीट पानी स?क पर भर गया है। लोगों ने बताया कि स?क में प? गड्ढो में पानी भरने के कारण रोजाना हादसे हो रहे हैं और लोगों के वाहन खराब हो रहे हैं। लोगों ने बताया के वह पिछले 8 महीने से नर्क भरी जिंदगी जीने को मजबूर है।

नगला बस्ती गांव में एक सरकारी स्कूल है और इसी स?क पर दो निजी स्कूल स्थित है। सभी को इसी स?क का इस्तेमाल करना प?ता है। पिछले महीने के बात करें तो सरकारी स्कूल को जाने के लिए रास्ता तक नहीं था। स्कूली बच्चों व टीचरों को अपने जूते उतारकर स्कूल जाना प?ता था। हालंकि वहां टाइलें लगा दी गई है लेकिन वह भी दबनी शुरू हो गई है।

> स्टोर्म सीवर कहीं से लीक है, जिसको ठीक करने के जिम्मेदारी नगर परिषद की है। बाकी हमने कुछेक हिस्से में टाइल्स लगाई थी यदि वह दब गई है तो उसे कल ही चैक करवा लिया जाएगा। वैसे वह टाइल्स टेंप्रेरी तौर पर लगाई गई थी बाकी मैं चैक करवा लेता हूं। नगला रोड़ पर एक सोसायटी द्वारा पानी गिराया जा रहा है उसको बंद करवाना नगर परिषद का काम है।
>
> **लवकेश कुमार,**
> **एसडीओ सीवरेज बोर्ड।**



# गुरुद्वारे में पौधारोपण, ह्यूमन राइट्स वेलफेयर सोसायटी की सराहनीय पहल

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ह्यूमन राइट्स वेलफेयर सोसायटी ने ज़ीरकपुर के बिशनपुरा स्थित गुरुद्वारा साहिब में पौधारोपण अभियान चलाया। संस्था के प्रधान जत्थेदार हरबंस सिंह बलटाना की अगुवाई में स्थानीय प्रबंधक कमेटी और सेवादारों ने मिलकर नींबू, अमरूद, आंवला, बेलपत्र सहित लगभग 10 से 15 किस्मों के औषधीय और फलदार पौधे लगाए।

जत्थेदार हरबंस सिंह बलटाना ने बताया कि संस्था बीते एक महीने से ÷हर मनुष्य लगाए एक वृक्ष÷ अभियान चला रही है। इसके तहत हर साल नए पौधे रोपे जाते हैं ताकि न सिर्फ हरियाली बढ़े बल्कि औषधीय गुणों वाले पौधों का भी संरक्षण हो सके।

उन्होंने कहा कि इससे पहले भी संस्था ने पार्कों, बॉडी साहिब और नाभा साहिब जैसे स्थलों पर पौधारोपण किया है। इस बार गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने आगे बढ़कर सहयोग दिया और पौधों की देखभाल की ज़िम्मेदारी भी अपने हाथों में ली है। जथेदार बलटाना ने सेवादारों और प्रबंधक कमेटी का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे अभियानों से समाज को हरियाली और स्वच्छ वातावरण की सौगात मिलेगी। उन्होंने अपील की कि हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को बेहतर और स्वस्थ वातावरण मिल सके।

# राहुल गांधी आज पंजाब में आएंगे

**अमृतसर।** पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित इलाकों का हाल जानने के लिए कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी सोमवार को पंजाब पहुंच रहे हैं। राहुल गांधी का दौरा राजनीतिक दृष्टिकोण से अहम माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, राहुल गांधी सुबह 9:30 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरेंगे। एयरपोर्ट से सीधे वे रामदास क्षेत्र जाएंगे, जहां बाढ़ पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेंगे और उनकी समस्याओं को सुनेंगे।

रामदास में राहुल गांधी गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहिब जी में भी मत्था टेकेंगे और प्रार्थना करेंगे। गुरुद्वारा में वे सेवा कर रहे संगत से बातचीत करेंगे और पीड़ित परिवारों की परेशानियों को सुनेंगे। इसके साथ ही वे राहत कार्यो की समीक्षा करेंगे और स्थानीय प्रशासन व संगठनों से मिलकर राहत सामग्री व पुनर्वास कार्यों की स्थिति पर चर्चा करेंगे। इसके बाद राहुल गांधी गुरदासपुर जाएंगे, जहां वे बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा करेंगे।

# आंगनवाड़ी सेंटरों में ई.सी.सी.ई. दिवस मनाया

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी।** पंजाब सरकार के सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार डेराबस्सी ब्लॉक के सभी आंगनवाड़ी सेंटरों में बाल विकास प्रोजेक्ट अफसर सुमन बाला की अगुवाई में %अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन% (ई.सी.सी.ई.) दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना था।

इस अवसर पर आंगनवाड़ी सेंटरों में बच्चों के माता-पिता के लिए विशेष जागरूकता कैंप आयोजित किए गए। इस दौरान वर्करों ने माता-पिता को बताया कि छह साल तक की उम्र के बच्चों के लिए खेल-खेल में शिक्षा कितनी जरूरी है। उन्होंने बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, भावात्मक और बौद्धिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए आंगनवाड़ी सेंटरों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी। इस दिन बच्चों के लिए विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें रंग भरने की प्रतियोगिता, कविता उच्चारण, कहानियाँ सुनाना और खेल शामिल थे। बच्चों ने इन गतिविधियों में बड़े चाव से भाग लिया। वर्करों ने बच्चों को अक्षर ज्ञान, रंगों की पहचान और गिनती सिखाने के लिए नई और रचनात्मक तकनीकों का उपयोग किया।

बाल विकास प्रोजेक्ट अफसर सुमन बाला ने बताया कि यह दिवस हर महीने के दूसरे शनिवार को आंगनवाड़ी सेंटरों में मनाया जाता है ताकि माता-पिता को प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के बारे में लगातार जानकारी दी जा सके।

# पूर्व काउंसलर रूप सिंह राणा समर्थकों के साथ आप में शामिल

अर्थ प्रकाश/चौहान



**लालडू, 14 सितंबर।** शिरोमणि अकाली दल को लालडू सर्कल में बड़ा झटका तब लगा जब तीन दशकों से अकाली दल से जुड़े पूर्व काउंसलर रूप सिंह राणा अपने युथ अकाली दल के वरिष्ठ नेता, अपने पुत्र अमन राणा, भाई गंगा राम, और सैकड़ों समर्थकों के साथ अकाली दल छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम क्रिस्टल गार्डन में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान हुआ, जहाँ हलके के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने रूप सिंह राणा और उनके सभी समर्थकों का पार्टी में शामिल होने पर भव्य स्वागत किया। पार्टी में शामिल करते हुए उन्होंने रूप सिंह राणा परिवार को पार्टी में उचित सम्मान देने का आश्वासन दिया।

रूप सिंह राणा नगर परिषद में लालडू के एक बड़े ज़मींदार हैं और लगभग 30 वर्षों से अकाली दल से जुड़े हुए थे। उनका अकाली दल से संबंध पूर्व नगर प्रधान के साथ भी व्यावसायिक भाईचारे पर आधारित रहा है, जबकि उनका पुत्र अमन राणा युथ अकाली दल लालडू में एक सक्रिय नेता के रूप में जाना जाता है। इसके अलावा, परिवार का एक बड़ा रियल एस्टेट कारोबार भी है। राजपूत भाईचारे में मजबूत प्रभाव वाले लालडू सर्कल में उनके इस कदम ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। आम आदमी पार्टी और विधायक रंधावा की नीतियों से प्रेरित होकर उन्होंने अकाली दल छोड़ कर अपने पुत्र और समर्थकों के साथ %आप% में शामिल होने का निर्णय लिया। इस कदम से न केवल अकाली दल को बल्कि पूरे राजपूत समुदाय में भी बड़ा झटका लगा है।

विधायक रंधावा ने कहा कि रूप सिंह राणा परिवार और उनके समर्थकों के आम आदमी पार्टी में शामिल होने से पार्टी को लालडू सर्कल ही नहीं, बल्कि पूरे डेरेबसी हलके में बड़ा राजनीतिक लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि पार्टी उनके दशकों पुराने राजनीतिक अनुभव और चुनावी हुनर का लाभ उठाकर संगठन को और मजबूत करेगी। साथ ही रूप सिंह राणा परिवार को पार्टी में जल्द ही उचित स्थान भी प्रदान किया जाएगा।

रंधावा ने दोहराया कि भगवंत मान की अगुवाई में पंजाब सरकार समाज के सभी वर्गों का समान सम्मान करती है और उन्हें पार्टी में ही नहीं, सरकार में भी उचित प्रतिनिधित्व दे रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में बाढ़ और बारिश से प्रभावित परिवारों को उनके घरों और फसलों को हुए नुकसान का मूल्यांकन कर 45 दिनों के भीतर उचित मुआवजा राशि जारी कर दी जाएगी। इस अवसर पर लेखराज तसिंबली, आढ़ती संघ के मुखिया कमल नैण, रितिक राणा, मिक्की राणा, मोनू राणा, डॉ बंगाली, गुरजीत कौर, राजबीर कौर सहित अपने परिवारों और सैकड़ों समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल होने का ऐलान किया गया।

# डेराबस्सी संस्कृति संगठन व सोसाइटीज ने भेजी राहत सामग्री




**डेराबस्सी, 14 सितंबर।** डेराबस्सी संस्कृति संगठन, रोजवुड एस्टेट और जी.बी.पी. ग्रुप की सभी सोसाइटीज ने मिलकर पंजाब के गुरदासपुर जिले के गांव बेहरामपुर में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए राहत सामग्री भेजी। यह एक सामाजिक सेवा की शानदार मिसाल है, जिसमें स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

संगठनों ने एकत्रित की गई जरूरी वस्तुएं जैसे खाने-पीने का सामान, कपड़े, कम्बल, दवाइयाँ, मच्छरदानी, चप्पलें, पेन-पेंसिल, सैनेटरी पैड, पीने का पानी, राशन और बर्तन आदि भेजकर बाढ़ पीड़ितों तक मदद पहुंचाई। कुल मिलाकर 150 कम्बल, 10 फोल्डिंग मं?, 100 मच्छरदानी, 100 बेड चादरें, 100 तोलिये, 50 हजार की दवाइयाँ, 180 जोड़ी चप्पलें, 25 दर्जन कॉपियाँ, 10 पैकेट पेन-पेंसिल, 2000 सैनेटरी पैड और 1200 लीटर पीने का पानी उपलब्ध कराया गया।

संस्कृति संगठन के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को तुरंत राहत पहुंचाना है। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में भी समाज सेवा के ऐसे कार्य लगातार किए जाएंगे ताकि जरूरतमंदों को हर संभव मदद मिल सके।

स्थानीय नागरिकों ने भी इस नेक कार्य में ब?-च?कर योगदान दिया। उन्होंने बताया कि आपदा के समय में समाज के हर वर्ग का एकजुट होकर सहायता करना ही हमारी असली ताकत है।

राहत सामग्री का ट्रक बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की ओर रवाना किया गया, जिसे देखकर वहां के पीड़ितों में राहत की एक नई उम्मीद जगी।

# 63वें मासिक राशन वितरण समारोह में 65 जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन वितरित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जगरांव।** 14 सितंबर जगराओं के युवाओं की समाज सेवी संस्था कर भला हो भला सोसाइटी द्वारा आयोजित 63वें राशन वितरण समारोह में 65 जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन वितरित किया गया। अरोड़ा प्रॉपर्टी एडवाइजर लिंक रोड जगराओं में आयोजित समारोह के अवसर पर सोसाइटी के चेयरमैन रोहित अरोड़ा, वाइस चेयरमैन राजिंदर जैन काका, अध्यक्ष मदन लाल ने कहा कि कर हो भला सोसाइटी का गठन मानवता की सेवा के लिए किया गया था और सोसाइटी के सभी सदस्य इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोसाइटी द्वारा 63 महीने पहले शुरू किया गया जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन वितरित करने का कार्य निरंतर जारी है उन्होंने कहा कि सोसाइटी दानदाताओं के सहयोग से कई समाज सेवी प्रोजेक्ट चला रही है और शिक्षण संस्थाओं व अन्य संस्थाओं को उनकी जरूरत के अनुसार जरूरी सामान भी उपलब्ध करा रही है।

# पंजाब में बाढ़ से अब तक 56 जानें गई, 50 बाढ़ पीड़ित परिवारों को मुआवजा राशि वितरित

- 2300 बाढ़ प्रभावित गांवों की सफाई के लिए विशेष मुहिम चलाई
- खेती जमीन से गाद और मलबा हटाने के लिए प्रशासनिक मशीनरी 24 घंटे काम कर रही
- पानी से होने वाली बीमारियों के बारे में किया जा रहा जागरूक

**चंडीगढ़, 14 सितंबर।** बाढ़ से प्रभावित परिवारों की बांह पकड़ने संबंधी अपनी वचनबद्धता पर खरे उतरते हुए पंजाब सरकार द्वारा तुरंत प्रभाव से 50 परिवारों को 2 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जा चुका है।

यह जानकारी देते हुए राजस्व मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि भयानक बाढ़ कारण पंजाब में 56 कीमती जानें गईं और इनमें से 50 परिवारों को मुआवजा दिया जा चुका है जबकि बाकी 6 परिवारों को भी जल्दी ही मुआवजा दे दिया जाएगा। स मुंडियां ने आगे कहा कि गिरदावरी का काम शुरू हो गया है और यह जल्दी से जल्दी पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों को उनके नुकसान के लिए पूरा मुआवजा दिया जाएगा।

पेंडू विकास और पंचायत मंत्री स तरुनप्रीत सिंह सौंद ने कहा कि सूबा सरकार ने पंजाब के ग्रामीण इलाकों में बाढ़ राहत और पुनर्वास प्रोग्राम शुरू किया है। उन्होंने आगे कहा कि मलबे की सफाई और लाशों के निपटारे का काम 24 सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हालात आम जैसे करने के उद्देश्य से पंजाब सरकार ने 2300 बाढ़ प्रभावित गांवों में सफाई के लिए विशेष मुहिम शुरू की है। इस कार्य तहत बाढ़ प्रभावित गांवों में से गाद और मलबे को हटाया जा रहा है और लोगों को पानी से होने वाली बीमारियों के फैलाव बारे जागरूक किया जा रहा है। डॉक्टरों की अगुवाई में मेडिकल टीमें बाढ़ प्रभावित लोगों और जानवरों की जांच कर रही हैं। इसके अलावा किसी भी बीमारी के फैलाव को रोकने के लिए जानवरों का टीकाकरण किया जा रहा है।

स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने बताया कि ईओ? की सहायता के लिए नोडल अफसर तैनात किए गए हैं ताकि सफाई का काम तेजी से हो सके। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों की जांच के लिए मेडिकल टीमें बनाई गई हैं और किसी भी बीमारी के फैलाव को रोकने के लिए पंजाब सरकार द्वारा ठोस यत्न किए जा रहे हैं। खेतीबाड़ी मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि अनाज मंडियों में पांच दिनों की विशेष सफाई मुहिम चलाई गई है ताकि झोने की निर्विघ्न और मुश्किल रहित खरीद को सुनिश्चित किया जा सके।

# भाजपा नेता गुरुदर्शन सिंह सैनी ने जरुरतमंदों को वितरित किया राशन

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी।** भाजपा नेता गुरु दर्शन सिंह सैनी ने मुबारकपुर क्षेत्र में एक विशेष राशन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने समाज के जरूरतमंद परिवारों को आवश्यक खाद्यान्न सामग्री वितरित की। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आम जनता को जानकारी देकर उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

गुरु दर्शन सिंह सैनी ने कहा कि सामाजिक जिम्मेदारी निभाना हमारा पहला कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि भाजपा हर वर्ग विशेषकर गरीब, किसान, मजदूर और आम जनता की भलाई के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का विस्तार से जिक्र करते हुए बताया कि देश के हर नागरिक को इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करना चाहिए। इसके लिए उन्हें सही जानकारी और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से गुरु दर्शन सिंह सैनी ने सीधे संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर उठाएं और किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अपने नजदीकी सरकारी कार्यालय से संपर्क करें या ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग करें।

इस महत्वपूर्ण मौके पर हरप्रीत सिंह टिंकू, हरविंदर पप्पू, रणदीप राणा, सानंत भारद्वाज, अर्जुन सिंह, राजकुमार और दिलविंदर सिंह भी मौजूद थे। उन्होंने गुरु दर्शन सिंह सैनी के समाजसेवी प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह पहल समाज में एकजुटता, भाईचारे और मदद का अच्छा उदाहरण पेश करती है। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभियान से सीधे जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुँचती है और उन्हें केंद्र सरकार की योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। गुरु दर्शन सिंह सैनी ने यह भी सुनिश्चित किया कि राशन वितरण पूरी पारदर्शिता के साथ हो ताकि सभी योग्य परिवारों को सामग्री प्राप्त हो सके।

# डीसी ने किसानों से अनाज मंडियों में सूखा धान लाने की अपील की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**लुधियाना, 14 सितंबर।** उपायुक्त हिमांशु जैन ने किसानों से 16 सितंबर से शुरू होने वाली धान खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए अनाज मंडियों में केवल 17 प्रतिशत या उससे कम नमी वाला सूखा धान लाने का आग्रह किया है।

हिमांशु जैन ने कहा कि धान की कटाई का मौसम सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक कंबाइन हार्वेस्टर चलाने के आदेश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा और कंबाइनों को जब्त कर लिया जाएगा। उन्होंने अनाज मंडियों में 17 प्रतिशत या उससे कम नमी वाला धान लाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा।

हिमांशु जैन ने जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति और मंडी बोर्ड के अधिकारियों से धान की सुचारू खरीद सुनिश्चित करने के लिए अनाज मंडियों और अस्थायी यार्डों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने को भी कहा। जिला प्रशासन के पास 108 अनाज मंडियाँ और 79 अस्थायी यार्ड हैं। डिप्टी कमिश्नर ने जोर देकर कहा कि पंजाब सरकार खरीद सीजन के दौरान धान का एक-एक दाना सुचारू और परेशानी मुक्त तरीके से उठाएगी।

# 17 से सेवा पखवाड़ा, 21 को नमो मैराथन

## सेवा पखवाड़ा को लेकर कार्यकर्ताओं को मिला संगठन महामंत्री का मार्गदर्शन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** भाजपा मुख्यालय दीपकमल चक्कर में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन का विशेष रूप से मार्गदर्शन मिला। यह जानकार भाजपा मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने दी, बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा, बलबीर वर्मा, महामंत्री संजीव कटवाल, सचिव तिलक राज शर्मा, कुसुम सदरेट, कार्यालय सह सचिव किरण बावा, जिला अध्यक्ष केशव चौहान, युवा मोर्चा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

बैठक की जानकारी देते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने कहा कि

17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत ÷रक्तदान शिविर÷ की भी शुरुआत होगी। सभी 17 संगठनात्मक जिलों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, शिमला जिला का रक्तदान शिविर रिज मैदान पर प्रातः 10 बजे प्रारंभ किया जाएगा जिसमें मुख्यातिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल रहेंगे।

21 सितंबर को नमो मैराथन का आयोजन भी शिमला में किया जाएगा। भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने कहा कि 25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती है और इस दिन से दो विशेष अभियानों की शुरुआत की जाएगी। दीनदयाल जी के जीवन से हमें आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी और अंत्योदय जैसी मूलभूत प्रेरणाएँ मिली हैं। इन्हीं आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए 25 सितंबर से पूरे देशभर में आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत अभियान प्रारंभ होगा। इस अभियान के अंतर्गत वोकल फॉर लोकल को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा, ताकि लोग अधिक से अधिक स्थानीय उत्पादों को खरीदें और उनका उपयोग करें। इसके लिए देशभर के जिलों में प्रदर्शनियाँ, मेले और विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान केवल एक दिन का नहीं होगा, बल्कि 25 सितंबर से शुरू होकर अटल जी की जयंती 25 दिसंबर तक लगातार चलेगा।

इन दो से तीन महीनों के दौरान आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी के संकल्प को विकसित भारत के लक्ष्य के साथ जोड़ते हुए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे यह अभियान एक जनआंदोलन का रूप ले सके।

## भलाण पंचायत में पहाड़ी से गिरकर वृद्ध महिला की मौत

**कुल्लू 14 सितंबर।** विकास खंड भुंतर की ग्राम पंचायत भलाण दो पंचायत के घाट गांव में एक वृद्ध महिला के पहाड़ी में चलते वक्त पांव फिसलने से मौत होने का समाचार प्राप्त हुआ है। ग्राम पंचायत के प्रधान पूर्ण चंद की जानकारी के मुताबिक उक्त महिला पीने के पानी ढोने के बाद साथ लगती कलोगी बाबड़ी से गुजर रही थी कि भारी बरसात के चलते क्षतिग्रस्त रास्ते में अचानक महिला का पैर फिसला और 20 फीट खाई में जा गिरी। पंचायत प्रधान ने बताया कि रेबदा देवी पत्नी डुगले राम उम्र 65 वर्ष गांव घाट (खोड़ुसारी) डाकघर ब्रैहिण तहसील सैंज जिला कुल्लू के मृत शरीर को उनके परिवार को सौंप दिया है।

उन्होंने बताया कि परिवार वालों ने मृत महिला के शरीर को पोस्टमार्टम के लिए सैंज या बंजार अस्पताल ले जाने की मांग रखी लेकिन सड़के अवरुद्ध रहने के कारण व्यवस्था नहीं बन सकी। ग्राम पंचायत भलाण दो के प्रधान पूर्ण चंद ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि मृतक महिला के परिवार जन को उचित मुआवजा प्रदान करने में मदद करें।

# लेफ्ट बैंक मार्ग के रखरखाव और डबल लेन के लिए विधायक ने नितिन गडकरी व सीएम को लिखा पत्र

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू,14 सितंबर।** आपदा के समय महत्पूर्ण भूमिका निभानी वाली लेफ्ट बैंक सड़क की सुध लेने के लिए मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने केंद्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और सीएम सुक्खू को पत्र लिखा है।

पत्रकारों से विशेष बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 50 वर्षों से हर बार बाढ़ जैसी आपदा के समय लेफ्ट बैंक सड़क महत्पूर्ण भूमिका निभा रहा है। लेकिन केंद्र सरकार के उदासीन रवैये के चलते लेफ्टबैंक के सैंकड़ों गांव के हजारों लोग निराश है।

गौड़ ने कहा कि मनाली से लेकर कुल्लू तक इस मार्ग की लंबाई 40 किलोमीटर है। 1988,1992,1995, 2023और 2025 में कुल्लू मनाली में आई बाढ़ के दौरान एक बार लेफ्ट बैंक सड़क फिर से मनाली और लेह की लाइफ लाइन के रूप में कार्य कर रही है। लेकिन आजतक केंद्र सरकार इस मार्ग के रखरखाव और डबल लेन के लिए एक फूटी कौड़ी नहीं दी है। जिससे लेफ्ट बैंक के लोगों मैं खासी नाराजगी है। कहा कि आज भी पिछले 16 दिनों से यह सड़क इतनी व्यस्त है यहां से लेह को रसद और राशन पहुंचाया जा रहा है वहीं पर लाहौल की सब्जियां देश के कोने कोने मैं पहुंच रही है तथा इन दिनों कुल्लू मनाली का सेब भी इसी मार्ग द्वारा देश की मंडियों में पहुंचाया जा रहा है।

गौड़ ने कहा कि कुल्लू मनाली डिस्ट्रिक्ट मेजर रोड महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और इन दिनों रात दिन हजारों वाहन चल रहे है। रोड कम चौड़ा होने के चलते हर जगह जाम लग रहा है। पुलिस और इस मार्ग के लोग रात दिन यातायात सुचारू रखने के लिए कार्य कर रहे है। बताया कि 1995 में आई बाढ़ के दौरान भी दो महीने इसी मार्ग के महत्पूर्ण भूमिका निभाई थी। जिसपर तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह और स्थानीय विधायक राज कृष्ण गौड़ ने लेफ्ट बैंक सड़क का कुछ काम किया था लेकिन आजतक केंद्र ने कोई सहायता नहीं दी। जबकि प्रदेश सरकार ने इस मार्ग के रखरखाव और चौड़ा करने के लिए कई बार केंद्र सरकार से आग्रह किया। बताया कि वह लेफ्ट बैंक मार्ग के लोगों की सहनशीलता के दीवाने हो गए। आजकल रातदिन हजारों वाहन चल रहे हैं लेकिन सभी पूर्ण सहयोग दे रहे इस परिस्थिति को देखकर उन्होंने केंद्रीय रोड ट्रांसपोर्ट और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर मांग की है कि केंद्र सरकार इस कुल्लू मनाली लेफ्ट बैंक मार्ग की महत्ता को समझे और गंभीरता से ही वर्ष इस मार्ग के रख रखाव के लिए हर वर्ष धन प्रदेश सरकार को दें और इस मार्ग को जल्द से जल्द डबल लेन किया जाए ।

हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह से पत्र लिख कर मांग की भी इस मार्ग के रख रखाब और डबल लेन करने के लिए केंद्र से आग्रह करें ।

# विमल नेगी मौत केस : सीबीआई ने की पहली गिरफ्तारी, आज अदालत में पेशी

निलंबित चल रहे शिमला पुलिस के निलंबित चल रहे एएसआई पंकज को गिरफ्तार किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता






**शिमला।** विमल नेगी मौत मामले में सीबीआई ने रविवार को पहली गिरफ्तारी कर ली है। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने सबूतों से छेड़छाड़ के आरोप में निलंबित चल रहे शिमला पुलिस के निलंबित चल रहे एएसआई पंकज को गिरफ्तार किया है। नई दिल्ली से आई सीबीआई की 10 सदस्यीय टीम ने पंकज को घुमारवीं स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया। पिछले एक हफ्ते से पंकज घुमारवीं में अपने पैतृक घर में बताया जा रहा था।

सोमवार को पंकज को सीबीआई की अदालत में पेश किया जाएगा। आरोप है कि एएसआई पंकज ने इस पेन-ड्राइव को छिपाया और फॉर्मेट कर डेटा डिलिट कर दिया। नेगी के परिजनों ने भी इस मामले में साक्ष्यों से छेड़छाड़ के आरोप लगाए थे। सीबीआई ने शिमला और दिल्ली में पंकज से भी पूछताछ की थी।

## 27 से 28 को बोहली में लगेगा दो दिवसीय देव विजेश्वर मेला

**सोलन।** जिला सोलन के कुमारहट्टी के साथ लगते गांव बोहली में आयोजित होने वाला देव विजेश्वर मेला हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 27 से 28 सितंबर को आयोजित होगा। गांव बोहली में यह मेला बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाता है। वहीं जानकारी देते हुए मेला कमेटी के प्रधान प्रदीप ने बताया कि देव विजेश्वर की पारंपरिक पूजा अर्चना के साथ ही ये मेला आयोजित होगा। इस आयोजित दो दिवसीय मेले में कबड्डी प्रतियोगिता व दंगल का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें कबड्डी की विजेता टीम को 15 हजार रुपए की राशि व उपविजेता को 11 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। साथ ही इस मेले में प्रतियोगिता प्रवेश शुल्क एक हजार रुपए प्रति टीम रखा गया है। वहीं कमेटी के प्रधान प्रदीप ने ये भी बताया कि ये मेला देव विजेश्वर युवा मंडल बोहली एवं ग्रामवासियों द्वारा आयोजित करवाया जाता है।

# हिमाचल, सहकारिता के क्षेत्र में देश का कर रहा पथ प्रदर्शन: उपमुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** सहकारी क्षेत्र के सुदृ?ीकरण के लिए केंद्र द्वारा प्रायोजित विभिन्न पहलों पर आज शिमला में हिमाचल प्रदेश सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने हिमाचल प्रदेश को सहकारिता के लिए आदर्श राज्य बताया। उन्होंने कहा कि विविधता से पूर्ण हिमाचल में इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इस अवसर पर उन्होंने 121 ई-पैक्स का शुभारंभ भी किया।

बैठक में उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल में सहकारिता की मुहिम को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश सहकारिता का जनक है और सहकारिता के क्षेत्र में हिमाचल ने देश को एक नई राह दिखाई है। प्रदेश में सहकारी समितियां बेहतरीन कार्य कर रही हैं। भरोसे का दूसरा नाम सहकारिता है जिसके बल पर प्रदेश की सहकारी समितियों ने वैश्विक मंच पर अपनी पहचान स्थापित की है तथा सफलता की नई बुलदिंयों को हुआ। हिमाचल में लगभग 20 लाख लोग सहकारिता से जु? हुए हैं और प्रदेश की सहकारी समितियां महिला सशक्तिकरण का उदाहरण पेश कर रही है। वर्तमान में 2,287 प्राथमिक कृषि ऋण समितियां ग्रामीण वित्तीय समावेशन का कार्य कर रही है। इस दिशा में 6 नई बहुउद्देशीय समितियां गठित की गई हैं।

प्रदेश में 76 समितियां मछली पालन समुदाय, 971 डेयरी समितियां दूध उत्पादन एवं वितरण, 441 समितियां बचत एवं ऋण सुविधा और 386 प्राथमिक विपणन सहकारी समितियां किसानों को अपनी उपज बेचने में मदद कर रही है। हिमाचल डेयरी क्षेत्र में भी प्रगति के पथ पर अग्रसर है और इस क्षेत्र में 561 नई समितियां गठित की गई है।

बैठक में उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सहकारिता को विस्तार प्रदान करने के उद्देश्य से केंद्र की सहकारी नीतियों के अनुरूप हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी नीति 2025 का प्रारूप तैयार किया गया है।

उन्होंने केन्द्रीय राज्य सहकारिता मंत्री से प्रदेश को इस क्षेत्र में उदारतापूर्ण सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने समितियों के कंप्यूटरीकरण के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने तथा हिमफैड और मिल्कफैड का डिजिटाइजेशन करने के लिए सहयोग प्रदान करने को कहा। उन्होंने ऊना जिला के 'हिमकैप्स कॉलेज ऑफ लॉ' को शीघ्र वित्तीय सहयोग उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया।

सहकारिता क्षेत्र में क्षमता निर्माण के लिए स्थापित की जा रही त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की फीस निर्धारण पर पुनः विचार करने का भी अनुरोध किया।

केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को सहकारिता क्षेत्र में केंद्र द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने पूर्ण साक्षर राज्य की उपलब्धि हासिल करने पर प्रदेश सरकार को बधाई भी दीं।

बैठक में विभिन्न सहकारी समितियों से आए प्रतिनिधियों ने समितियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। रजिस्ट्रार सहकारी समिति डी.सी. नेगी ने प्रेजेंटेशन दी।

## किसानों को मूल्य संवर्धन और एग्रीबिजनेस कौशल से किया सशक्त

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने कृषि प्रसंस्करण को एक लाभदायक आर्थिक गतिविधि बनाना और कृषि व्यवसाय को बढ़ावा देना' विषय पर दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम सोलन जिले की सलोगड़ा पंचायत और सिरमौर जिले की रजाना पंचायत में आयोजित किए गए। इसमें कुल 60 (प्रत्येक पंचायत से 30) प्रतिभागियों ने भाग लिया।

सत्रों के दौरान विभाग के वैज्ञानिकों ने स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों की उद्यमशीलता और तकनीकी कौशल को बढ़ाने के उद्देश्य से व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण का मुख्य फोकस कृषि और बागवानी से प्राप्त स्थानीय उत्पादों में मूल्य संवर्धन पर रहा। प्रतिभागियों को खाद्य संरक्षण की वैज्ञानिक विधियों, आधुनिक प्रसंस्करण तकनीकों, स्वच्छता संबंधी अभ्यासों, सुरक्षित पैकेजिंग मानकों और लेबलिंग आवश्यकताओं की जानकारी दी गई। व्यावहारिक प्रदर्शन में बुरांश स्क्वैश, कीवी बार, जैम, अचार, चटनी आदि उत्पादों की तैयारी शामिल रही, जिसमें गुणवत्ता नियंत्रण और FSSAI मानकों के पालन पर विशेष जोर दिया गया।

विभाग के वैज्ञानिकों ने बताया कि फलों, सब्जियों, अनाज, दालों और दूध जैसे कच्चे उत्पादों में मूल्य संवर्धन से न केवल किसानों की आय में वृद्धि हो सकती है, बल्कि स्वरोजगार के अवसर पैदा होंगे और स्थानीय उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंच मिल सकेगी।

प्रशिक्षण के समापन सत्र में उद्यमिता के अवसरों, उत्पाद ब्रांडिंग, लेबलिंग और बाज़ार संपर्क पर चर्चा की गई।

## भालू ने महिला और पुरुष पर किया हमला

**शिमला।** रामपुर उपमंडल की डंसा पंचायत में रविवार सुबह भालू ने एक पुरुष और एक महिला पर हमला कर दिया। इस हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए महात्मा गांधी सेवा चिकित्सा परिसर, खनेरी पहुंचाया गया है।

जानकारी के अनुसार यह हमला डंसा पंचायत के कराली और थाना गांव के बीच हुआ। घायल व्यक्ति सरंजन नेगी उस समय अपनी भेड़-बकरियों को चरा रहा था, जबकि महिला पास में घास काट रही थी। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे एक भालू ने अचानक उन पर हमला कर दिया। दोनों इस हमले गंभीर रूप से घायल हो गए।

हमले के दौरान दोनों ने खुद को बचाने की पूरी कोशिश की और जोर से चिल्लाने लगे। शोर सुनकर भालू मौके से भाग गया। आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को खनेरी अस्पताल पहुंचाया। रामपुर थाने की पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# सीबीएसई पाठ्यक्रम का फैसला ऐतिहासिक

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा-इस पहल से छात्रों का होगा सर्वांगीण विकास

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में परिवर्तन करते हुए सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह पहल सरकारी संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करते हुए उन्हें भविष्य की प्रतिस्पर्धाओं और चुनौतियों के लिए तैयार करेगी। सीबीएसई पाठ्यक्रम का निर्णय चिंतन और विशेषज्ञों से हर पहलू पर गंभीरता से विचार-विमर्श कर लिया गया है।

सरकार हिमाचल के हर बच्चे को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ नवीन योजनाएं लागू कर रही है। इस वित्त वर्ष में शिक्षा क्षेत्र के लिए 9,849 करो? रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। चुनावी गारंटी के अनुरूप सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम की शुरुआत किया है। निर्णयों का नतीजा है कि हिमाचल विद्यार्थी-अध्यापक अनुपात में देशभर में अग्रणी बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को हर बच्चे तक पहुंचाने के उद्देश्य से हर विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी राजकीय आदर्श डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं।

इन स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, पुस्तकालय, खेल सुविधाएं और अन्य आधुनिक संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो। सरकार की ओर से 500 प्राथमिक स्कूल, 100 उच्च विद्यालय, 200 वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, 48 महाविद्यालयों और 2 संस्कृत महाविद्यालयों सहित कुल 850 शैक्षणिक संस्थानों को उत्कृष्ट संस्थान घोषित किया गया है। प्रदेश के बच्चों के उच्च शिक्षा के सपने को साकार करने के लिए डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना आरंभ की गई है। विद्यार्थी देश और विदेश में प?ाई के लिए एक प्रतिशत ब्याज दर पर 20 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डाटा साइंस जैसे आधुनिक विषय शुरू कर बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा रहा है। सरकार की ओर से शिक्षा विभाग में शिक्षकों के 5 हजार 400 से अधिक पद और शिक्षा विभाग में विभिन्न श्रेणियों के 7 हजार से अधिक पद भरे हैं। पुरानी व्यवस्था को बदलते हुए अध्यापकों को शैक्षणिक सत्र के बीच सेवानिवृत्त नहीं करने का भी निर्णय लिया है।

## हमीरपुर में तेज बारिश, नाले में जलस्तर बढ़ने से बही कार



अर्थ प्रकाश/शिल्पा

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर जिले के सुजानपुर में पलाही गांव के पास तेज बारिश के कारण नाले का जलस्तर बढ़ने से एक कार बह गई। जो पुलिया के नीचे जाकर अटक गई। कार में सवार दो लोगों को स्थानीय लोगों ने बचा लिया।

शनिवार देर शाम से जिले के कई क्षेत्र में लगातार तेज बारिश हो रही है। इससे सुजानपुर में व्यास नदी, न्यूगल खड्डु, बजाहर खड्डु और जंगलेहड खड्डु का जलस्तर काफी बढ़ गया है। बारिश के चलते लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं।

हमीरपुर को जिला मंडी से जोड़ने वाला सुजानपुर संधोल मार्ग जगह-जगह से बंद है। इसके अलावा पुरानी बमसन एरिया के अधिकांश गांवों का संपर्क बाकी दुनिया से कट गया है। खैरी भटलंबर रोड वाया दुधला बह गया। उधर, बजाहर गांव में खड्डु का पानी लोगों के घरों में घुस गया।

ग्रामीण कृष्ण चंद ने बताया कि बजाहर खड्डु का पानी मलबे के साथ उनकी पशु शालाओं में घुस गया। वहीं बजरोल गांव में सड़क के किनारे लगाया गया डंगा बह गया, जिसके चलते सड़क को नुकसान पहुंचा है।

हिंदी दिवस

मेरा युवा भारत ऊना द्वारा हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन

# भाषण प्रतियोगिता में अनु, चित्रकला प्रतियोगिता में निकिता प्रथम

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार मेरा युवा भारत ऊना द्वारा पी.एन.बी. ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, ऊना में हिंदी दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मेरा युवा भारत ऊना के जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने की, जबकि पी.एन.बी. आर.सेटी ऊना के संकाय सदस्य श्री आकाश भारद्वाज सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशिक्षक सुश्री रंजीत कौर, सासन की पूर्व प्रधान श्रीमती राणो देवी, पूर्व एन.वाई.वी. सुश्री आरती चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने हिंदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला तथा युवाओं से हिंदी भाषा के अधिकाधिक प्रयोग का आह्वान किया।

इस मौके पर जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री, भारत सरकार मनसुख मंडविया द्वारा 12 सितम्बर 2025 को लॉन्च किए गए विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग क्विज़ की जानकारी साझा की। उन्होंने प्रतिभागियों से इस क्विज़ में सक्रिय भागीदारी करने और अन्य युवाओं को भी इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।

हिंदी दिवस अवसर पर युवाओं में भाषा प्रेम और रचनात्मकता को बढ़ावा देने हेतु हिंदी भाषण प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

भाषण प्रतियोगिता में अनु प्रथम, प्रियंका द्वितीय तथा सुलोचना तृतीय स्थान पर रहीं।

चित्रकला प्रतियोगिता में निकिता ने प्रथम, परवीन ने द्वितीय और ममता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सभी विजेताओं को केंद्र द्वारा प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में 50 से अधिक



प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन पूर्व एन.वाई.वी. सुश्री आरती चौधरी ने संस्थान के सहयोग से किया।

# फर्जी प्रमाणपत्र बनाकर गरीबों का मकान हड़पने पर सरकारी कर्मी पर केस दर्ज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** शहर में गरीबों के लिए बने आवास फर्जी बीपीएल प्रमाणपत्र पर हासिल करने के मामले में पुलिस ने सरकारी विभाग में तैनात एक महिला कर्मी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। नगर निगम शिमला की विभागीय जांच में यह गड़बड़झाला सामने आया है। अब निगम ने इस संबंध में ढली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने संतोष कुमारी के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 के तहत केस दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में नगर निगम के अतिरिक्त एसई कम प्रोजेक्ट डायरेक्टर अभियंता धीरज कुमार ने बताया कि संतोष कुमारी ने आशियाना-2 ढली में सरकारी कर्मचारी होने के बावजूद फर्जी बीपीएल प्रमाणपत्र के आधार पर मकान आवंटित करवाया है। नगर निगम की जांच में यह बात सामने आई है।

इसके बाद महिला को नोटिस जारी कर मकान खाली करने के निर्देश भी जारी किए थे लेकिन उसने मकान खाली नहीं किया। इसके बाद नगर निगम की ओर से इस बारे में ढली पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दी है। इसमें फर्जी बीपीएल प्रमाणपत्र के आधार गरीबों के लिए बने आवास हासिल करने की शिकायत दी है।

इसी आधार पर पुलिस ने अब मामले में आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। गौरतलब है कि बीपीएल प्रमाण पत्र जारी करने में वार्डों में तैनात नगर निगम के वार्ड सचिव की अहम भूमिका रहती है। वहीं बीपीएल के लिए 35 हजार आय सीमा का प्रमाण पत्र पटवारी और तहसीलदार के सत्यापन के बाद ही जारी हो सकता है। ऐसे में पुलिस की जांच में आने वाले दिनों में इसको लेकर भी जांच की जाएगी कि महिला को किस तरह से नियमों के विरुद्ध बीपीएल प्रमाणपत्र जारी कर दिया।

## सब इंस्पेक्टर को गोलियां मारने के आरोपी सुनील ने की आत्महत्या

**जींद (सुरेश सिसोदिया) :** हरिद्वार में जींद CIA टीम के सब इंस्पेक्टर को 2 गोलियां मारने वाले आरोपी सुनील कपूर ने रविवार को देहरादून में सुसाइड कर लिया। वह अपने एक रिश्तेदार के घर में छिपा हुआ था। पुलिस उसे पकड़ने लगी तो उसने खुद के सिर में गोली मार ली।

सुनील कपूर ने जींद के पूर्व स्क्र्के खिलाफ महिला कर्मचारियों के साथ यौन शोषण की एक मेल वायरल की थी।

पूर्व स्क्र ने सुनील कपूर पर आईटी एक्ट और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। शनिवार को CIA टीम पीछा करते हुए हरिद्वार पहुंची। बस स्टैंड के पास SI सुरेंद्र जैसे ही उसे पकड़ने लगे तो सुनील ने SI पर 2 गोलियां चलाई, जिससे SI घायल हो गए। इसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचन्द्र गुर्जर ढांड की ओर से आयोजित न्याय-अधिकार सम्मेलन में उमड़ी लोगों की भीड़

# हरियाणा–पंजाब के सीएम चला रहे कॉमेडी शो : सुरजेवाला

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 14 सितंबर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड द्वारा आयोजित नई अनाज मंडी ढांड में ढांड में न्याय अधिकार सम्मेलन को हरियाणा के एससी-बीसी समाज, किसानों, व्यापारियों, युवाओं और महिलाओं के लिए न्याय की ऐतिहासिक लड़ाई का प्रतीक बताया। यह सम्मेलन भाजपा की केंद्र और हरियाणा की भाजपा सरकार की उन नीतियों के खिलाफ जन-आंदोलन है जो संवैधानिक मूल्यों, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और आम नागरिकों के अधिकारों को कुचल रही हैं। हरियाणा में भाजपा का डबल इंजन शासन भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, अपराध और अत्याचार का पर्याय बन चुका है।



*रणदीप सिंह सुरजेवाला को सम्मानित करते जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर व अन्य।*

सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा और पंजाब में दोनों मुख्यमंत्री जनता के हितों को छोडकर कॉमेडी शो चला रहे हैं। कपिल शर्मा कॉमेडी शो की तरह हरियाणा में नायब सैनी कॉमेडी शो और पंजाब में भगवंत मान कॉमेडी शो चल रहा है। सुबह तैयार होकर हेलिकॉप्टर में घूमते हैं, बीच बीच में चुटकुले सुना देते हैं। हंसी ठक्के करते हैं, मजाक उड़ाते हैं। मुख्यमंत्री का काम चुटकुले सुनाना व कॉमेडी शो करना नहीं होता बल्कि जिस जनता ने उन्हें चुनकर भेजा है उनके हितों व अधिकारों की सुरक्षा करना होता है। मुख्यमंत्री का काम मजाक उड़ाना नहीं होता। पंजाब और हरियाणा के मुख्यमंत्री एक दूसरे को जीजा-साला कहते हैं। सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश के 7,353 गांवों में से 6,150 बाढग्रस्त हैं, जहां 47 लाख एकड़ से ज्यादा फसलें तबाह हो चुकी हैं। कृषि विभाग के आंकड़ों अनुसार किसानों ने खुद 25 लाख एकड़ क्षति का ब्योरा पोर्टल पर दर्ज कराया है।

यमुनानगर , जगाधरी, अंबाला , शाहाबाद, कुरुक्षेत्र, करनाल, हिसार, जींद, नरवाना, गुहला-चीका में किसानों की फसल कपास, धान, बाजरा, गन्ना और सब्जियों का बेतहाशा नुकसान हुआ है। यमुना, घग्गर, मारकंडा, टांगरी, रूण, वेगना, सोम-पथराला नदियों के उफान से कई तटबंध टूटे हैं। सभी ट्यूबवेल-मोटरें खराब हो गई हैं, वॉटर वर्क्स दूषित हैं, सैकड़ों मवेशी बह गए हैं और गांवों की सड़कें जलमग्न हैं। सुरजेवाला ने भाजपा सरकार की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए कहा कि जुलाई से सितंबर महीने के बीच में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने फलड कंट्रोल बोर्ड की बैठक नहीं बुलाई।

**भाजपा सरकार में हरियाणा बना अपराध का अड्डा कहा**

**सुरजेवाला ने हरियाणा में लचर कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश अपराध का अड्डा बन चुका है। हर रोज व्यापारियों को फिरौती के फोन आते हैं, हर रोज 2 दर्जन डकैती की घटनाएं हो रही हैं। हर रोज 2 दर्जन बेटियों का अपहरण किया जा रहा है। वही शासन जब चौटाला व बीजेपी की सांझी सरकार में गुंडागर्दी चरम सीमा पर थी, वही गुंडागर्दी व गैंगस्टरों का आलम आज भाजपा सरकार में फल-फूल रहा है। युवाओं के साथ आज भाजपा शासन में हो रहे अत्याचार और बेरोजगारी पर मुख्यमंत्री नायब सैनी पर हमला बोलते हुए सुरजेवाला ने कहा कि चुनाव से पहले युवाओं को नौकरी पर लगाते हैं और चुनाव के बाद सत्ता मिलने पर उन्हें नौकरी से निकाल देते हैं। युवाओं को बेवकूफ बनाया जा रहा है।**

## नेक्सट जेनरेशन जीएसटी लागू होने से देश में आर्थिक विकास और तेज होगा : विनोद



अर्थ प्रकाश/दिनकर गावड़ी

**हांसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिए गए नेक्सट जेनरेशन जीएसटी संबंधी निर्णय का स्वागत करते हुए हांसी विधायक विनोद भयाणा, भाजपा हांसी जिलाध्यक्ष अशोक सैनी,भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट नेहा धवन ने इसे ऐतिहासिक व दूरदर्शी कदम बताया।रविवार को स्थानीय भाजपा जिला कार्यालय मे पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक विनोद भयाणा ने कहा कि इस निर्णय से कर व्यवस्था और अधिक सरल, पारदर्शी व जनता हितैषी बनेगी। इससे आम व्यापारियों, छोटे उद्योगपतियों और आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा देश की आर्थिक प्रगति को नई दिशा देने वाले निर्णय लिए हैं और यह कदम उसी श्रंखला का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि नेक्सट जेनरेशन जीएसटी लागू होने से देश में आर्थिक विकास और तेज होगा तथा कारोबार में सहूलियत बढ़ेगी।

डिजिटल तकनीक के उपयोग से करदाताओं को आधुनिक व सरल सेवाएं मिलेंगी। वार्ता मे उन्होने कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार निरंतर जनहित में निर्णय ले रही है। इसी क्रम में अब जीएसटी दरों में व्यापक रियायत देकर न केवल व्यापारियों को, बल्कि आमजन को भी बड़ा लाभ पहुँचाया गया है? । उन्होंने बताया कि 12 प्रतिशत दर वाली सभी वस्तुएं अब केवल 5 प्रतिशत की दर से उपलब्ध होंगी।

# विज को डूबते अम्बाला से ज्यादा अपनी डूबती राजनीति की चिंता : चित्रा

**जब अम्बाला डूब रहा था तो विज जीएसटी कम होने के फायदे बता रहे थे**

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा

**अम्बाला छावनी।** विज के लिए अम्बाला छावनी की टाँगरी नदी एक बार फिर उफनी, खेत-खलिहान, इंडस्ट्रियल एरिया और गांवों में पानी घुसा मिला पर चर्चा का केंद्र राहत और बचाव से हटकर राजनीतिक बयानबाज़ी बन गया। चित्रा सरवारा ने आज अपने बयान में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री व विधायक अनिल विज पर करारा पलटवार करते हुए कहा कि उनका हर भाषण अब अम्बाला को डूबने से बचाने का नहीं बल्कि अपनी डूबती राजनीति को बचाने का बन चुका है। ÷पानी कहां से आया, कैसे आया, कैसे निकलेगा – यह सभी बातें पीछे रह गई हैं,÷ मंत्री जी का ध्यान अब इस बात पर सिमट गया है कि कौन किससे मिलता है,कौन किसके साथ मुख्यमंत्री से मिलने गया, किसने



किसके साथ फोटो कराई, किसने चश्मा पहना, कौन किसने कौन सा दुपट्टा ओढ़ा।

चित्रा ने कहा कि अगर मंत्री जी अपने फेसबुक हैंडल से लिखकर लोगों से पूछते – ÷बताओ किसको कहां किस वक्त मदद की जरूरत है मैं आपकी मदद करता हूँ÷ – तो जनता और हम उनका स्वागत करते और मदद भी करते लेकिन आज उनकी चिंता यह है अम्बाला छावनी में ÷भाजपा एक है या दो किसको ऊपर वालो का आशीर्वाद प्राप्त है आजकल मंत्री जी इस बयानों में व्यस्त है।÷ उन्होंने मंत्री से सवाल पूछते हुए कहा कि बाढ़ की चपेट में बंधे किनारे मजबूर औरतें, मासूम बच्चे उनसे यह नहीं पूछ रहे कि पार्टी में कितनी गुटबाज़ियां हैं, वे पूछ रहे हैं कि उनके सर पर छत थी या नही,,उनको खाना मिला या नहीं,बा?म3 उनके टॉयलेट की व्यवस्था थी या नहीं। चित्रा ने मंत्री को चुनौती देते हुए कहा कि 35 साल राज करने वाले अपनी नाकामियों का ठीकरा दूसरों पर ना फोड़े।÷चित्रा ने अनिल विज जी को याद दिलाया 35 साल अम्बाला ने आपको दिए और पिछले 15 साल वे लगातार विधायक व मंत्री भी रहे हैं। ÷15 साल में होम मिनिस्ट्री और 3000 करोड़ के बावजूद अंबाला की दुर्व्यवस्था ज्यों की त्यों क्यों बनी हुई है? न्होंने पूछा।

टाँगरी के बंधे को लेकर चित्रा ने ठोस तथ्यों के साथ सवाल उठाए– उन्होंने बताया कि जिस जमीन पर बंधा बनना था वह भूमि 1986 में ही अधिग्रहित कर ली गई थी, बावजूद इसके वह बंधा आज तक पूरा नहीं हुआ। चित्रा ने कहा कि खसरा नंबर 13/22 पर विस्तार से जांच होनी चाहिए वहां पहले पक्का और आगे मिट्टी का कच्चा पर ऊंचा बंधा बनाया गया, पर बीच का कुछ हिस्सा छोटी सी डॉल के साथ छोड़ दिया गया जिससे बंधे की अखंडता और बाढ़ नियंत्रण प्रभावित हुआ। चित्रा ने कहा स्थानीय जनता से पता चला है कि इसी जगह पर आज एक फैक्ट्री खड़ी है और यहीं पर भाजपा का कथित कार्यालय भी है।

वही कार्यालय जहाँ चुनाव के समय मंत्री अनिल विज जी ने अनेको युवाओ को भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण कराई थी। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय और फैक्ट्री आज स्थानीय लोगों में विवाद का विषय बने हुए हैं जिनका कहना है कि इन्हीं के कारण बंधे का निर्माण अधूरा छोड़ा गया जिस वजह से हमारे गाँव व इंडस्ट्री एरिया डूबा। चित्रा ने मांग की कि अनिल विज स्वयं इसकी जांच करें कि वहां उनके किस नेता की फैक्ट्री चल रही है, भाजपा कार्यालय है या नहीं और क्या यही वजह है कि बंधे का काम पूरा नहीं हुआ अनिल विज इस मामले पर स्वयं रोशनी डालें।

## शिक्षक देवेंद्र गौड़ और अविनाश शर्मा रेवाड़ी में सम्मानित

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** रेवाड़ी प्रगतिशील शिक्षण ट्रस्ट नारनौल एवं डॉ. प्रदीप शर्मा स्मृति समिति रेवाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में रेवाड़ी की जाट धर्मशाला में भव्य राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा राज्य के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों, राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेताओं तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चुनिंदा शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी के अध्यक्ष पी.के. शर्मा रहे। रेडक्रॉस हरियाणा के महासचिव महेश जोशी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। रेवाड़ी के जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष यादव उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के संयोजक शोभा भारद्वाज व संजय शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम शिक्षाविद स्वर्गीय डॉ प्रदीप की प्रथम पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित किया गया व इस अवसर पर राज्य भर से चुने गए कुल 55 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। फरीदाबाद जिले से राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेता श्रीमती अविनाश शर्मा तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला, ऊंचागांव (बल्लभगढ़) में कार्यरत शिक्षक देवेंद्र गौड़ को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

देवेंद्र गौड़ को यह सम्मान शिक्षा, साहित्य, समाज सेवा एवं रक्तदान के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। उनकी एक कविता को हरियाणा शिक्षा विभाग की कक्षा तीसरी की हिंदी पाठ्यपुस्तक में शामिल किया गया है।

## राष्ट्रीयता के अग्रदूत थे बाबू बालमुकुंद गुप्त : नाहड़िया

**रेवाड़ी (धनेश)।** हिंदी हमारी मातृभाषा, स्वाभिमान व राष्ट्रीय पहचान रही है तथा हिंदी पत्रकारिता के मसीहा बाबू बालमुकुंद गुप्त हिंदी के परिमार्जक व राष्ट्रीयता के अग्रदूत थे। ये विचार केंद्रीय हिंदी सलाहकार समिति के नव मनोनीत सदस्य एवं वरिष्ठ साहित्यकार सत्यवीर नाहड़िया ने आज बाल भवन में व्यक्त किए। वे यहां राष्ट्रीय कवि संगम द्वारा बाबू बालमुकुंद गुप्त सप्ताह व हिंदी दिवस पर केंद्रित काव्य गोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर रमेश चंद्र शर्मा ने की।

बाबू बालमुकुंद गुप्त पत्रकारिता एवं साहित्य संरक्षण परिषद के अध्यक्ष ऋषि सिंहल मुख्य अतिथि तथा नगर परिषद् की पूर्व चेयरपर्सन सरोज भारद्वाज विशिष्ट अतिथि रहीं। इस अवसर पर करीब दो दर्जन रचनाकारों ने काव्य पाठ कर भावविभोर कर दिया।

# रक्तदान सबसे बड़ा दान : मंत्री अनिल विज

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा

**अम्बाला।** परिवहन, ऊर्जा व श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है तथा रक्तदान करके ही रक्त की पूर्ति की जा सकती है। संत निरंकारी मिशन धर्म के साथ-साथ सामाजिक कार्य में आगे आकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कैबिनेट मंत्री ने यह अभिव्यक्ति रविवार को संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सौजन्य से अंबाला छावनी में संत निरंकारी भवन में आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री का यहां पहुंचने पर संत निरंकारी मिशन के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।



कैबिनेट मंत्री श्री अनिल विज ने इस मौके पर स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं से बातचीत करते हुए उन्हें प्रोत्साहित भी किया और कहा कि रक्तदान करके आप दूसरों को भी इस दान के लिए प्रेरित कर रहें है, जोकि काफी सराहनीय हैं। संत निरंकारी मिशन में मैं अक्सर आता रहता हूं और देखता हूं कि संत निरंकारी मिशन धर्म के साथ साथ सामाजिक कार्यो में रूचि रखते हुए समाज क्षेत्र में जो कार्य कर रहा है वह काबिले तारिफ हैं। संत निरंकारी मिशन हर वर्ष यहां पर रक्तदान शिविर लगाता है। रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा महादान हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान ने बहुत तरक्की कर ली है लेकिन रक्त की पूर्ति केवल मानव शरीर से ही संभव है, इसलिए एक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करके हम बीमार व्यक्ति या दुर्घटना में घायल व्यक्ति की अमूल्य जिंदगियों को बचा सकते हैं। उन्होंनें इस मौके पर संत निरंकारी मिशन की गतिविधियों एवं विस्तार के लिए 10 लाख रूपए देने की घोषणा की।

इस मौके पर संत निरंकारी मिशन अम्बाला छावनी ब्रांच के इंन्जार्ज नवतेज सेठी व सेवादल संचालक सतीश सेठी ने कैबिनेट मंत्री का यहां पहुंचने पर अभिन्नदन किया।

## 13 साल बाद भी शहीद सौरभ को सम्मान न मिलना दुर्भाग्य : राजकुमार गोयल

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी डॉ. राजकुमार गोयल का आरोप है कि 13 साल बाद भी शहीद सौरभ गर्ग को सम्मान न मिलना एक परिवार के साथ अन्याय नही बल्कि पूरे समाज की पी?ा है। गोयल ने कहा कि मानवाधिकार आयोग ने जो मरहम लगाने का काम किया है उसके लिए वे आयोग का बहुत बहुत आभार व्यक्त करते है। अब सरकार को जल्द से जल्द राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर सम्मान दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया जाना चाहिए।

गोयल ने हरियाणा मानवाधिकार आयोग का हार्दिक आभार व्यक्त किया है कि आयोग ने 13 वर्ष से अधूरी प?ी शहीद सौरभ गर्ग के सम्मान की मांग पर क?ा रुख अपनाते हुए सरकार को जवाबदेह



ठहराने का साहसिक कदम उठाया। गोयल ने कहा कि यह बेहद दुखद है कि 8 दिसंबर 2012 को 11 लोगों की जान बचाकर स्वयं शहादत को प्राप्त करने वाले जाबांज सौरभ गर्ग को आज तक उचित राष्ट्रीय या राज्य स्तर का सम्मान नहीं मिल पाया। यह केवल एक परिवार के साथ अन्याय नहीं बल्कि पूरे समाज की पीड़ा है। उन्होंने कहा कि शहीद सौरभ गर्ग की वीरता न सिर्फ जींद जिले बल्कि पूरे हरियाणा और देश के लिए गर्व का विषय है।

# पौधारोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



*कैथल के जनता कॉलेज कौल में पौधा रोपण करते हुए पूर्व छात्र व प्रिंसिपल ऋषिपाल।*

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 14 सितंबर।** बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज कौल में एक यादगार पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन अत्यंत विधिवत एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल द्वारा की गई तथा कार्यक्रम का संयोजन डॉ. पुष्पा रानी ने बड़ी कुशलता एवं संयमपूर्वक किया। कार्यक्रम की पूर्ण व्यवस्था अनन्त एलुमनाई संगठन, पंजीकृत के पदाधिकारियों की देखरेख में संपन्न हुई। मुख्य आकर्षण के रूप में विभिन्न प्रकार के फलों के पौधों का रोपण किया गया जो न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रस्तुत करता है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक भी बनता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व छात्र उपस्थित हुए। जिन्होंने कॉलेज के विकसित साधन-संसाधनों की विशेष प्रशंसा की। सभी पूर्व छात्र, शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारीगण ने मिलकर कॉलेज परिसर का भ्रमण किया तथा आपसी मिलन की भावना का अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम में डा. दीप चंद, श्याम सुंदर, पूर्व सरपंच कौल, सतपाल, सरपंच साकरा, नरसी दास, पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी, जसबीर सिंह, कृष्ण कुमार, पवन कुमार, सोनू पंडरी, गोल्डी फरल, अमित कुमार, सुरेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, रिंकू, राजेश एडवोकेट, भगवान दास व रामपाल जांगड़ा आदि पूर्व छात्रों ने भरपूर सहयोग दिया।

## अपने शहर के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हूं : विधायक भारत बत्तरा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 14 सितंबर।** विधायक भारत भूषण बत्तरा ने आज शहर से जुड़े कई अहम विषयों पर पत्रकार वार्ता कर अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा की वे विपक्ष में है लेकिन शहर की टूटी सड़कों, पेयजल, सीवर समस्या के स्थाई समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं । शहर के विकास के लिए उन्होंने न केवल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की बल्कि अनेक विभागों के मंत्रियों और अधिकारियों से निरंतर संवाद जारी रखे, और हमें विश्वास है कि इसका लाभ शहर को मिलेगा। विधायक भारत भूषण बत्तरा ने आज पत्रकार वार्ता की शुरुआत करते हुए सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी। पेयजल समस्या पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि अमृत-1 का 272 करोड़ रुपया आया लेकिन 2014 से लेकर



2024 तक किसी ने भी चौथे वाटर वर्क्स की नहीं सोची, अगर चौथा वॉटर वर्क्स बन जाता तो आज यह पानी की समस्या नहीं होती। पानी और सीवर की बहुत सारी पाइपलाइन 50 साल पुरानी हो चुकी है, जिनकी वजह से पूरा शहर विकराल समस्या का सामना कर रहा है । विधायक ने कहा कि वे अपने शहर के साथ खड़े है । उन्होंने कहा कि रोहतक के उपायुक्त ने एक बयान में कहा कि रोहतक के लिए 252 करोड़ रूपया जारी हुआ है, इस बारे में मैंने चंडीगढ़ तक लंबी लड़ाई लड़ी है।

**जश्न** | **58वां हरियाणा राज्य स्कूल गेम्स मुकाबले सम्पन्न**

# क्रिकेट में हिसार और बेसबॉल में कैथल ने जीती ट्रॉफी

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** पिछले दो दिनों से जिला में चल रहे 58 वें हरियाणा राज्य स्कूल गेम्स मुकाबले आज हर्षौल्लास के साथ सम्पन्न हुए ओम प्रकाश एईओ ने बताया कि सतलुज पब्लिक स्कूल सेक्टर 4 में फाइनल मकाबला हिसार व गुरुग्राम की टीम के मध्य करवाया गया । जिसमें हिसार ने 10 विकेट से जीत हासिल करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा गुरुग्राम ने इसी मुकाबले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान के लिए पंचकूला का रोहतक के साथ मुकाबला हुआ जिसमें पंचकूला ने 10 विकेट से जीत हासिल कर तीसरे



स्थान प्राप्त किया।

उधर बेसबॉल के मुकाबले सेंट सोल्जर स्कूल सेक्टर 16 में करवाएं गए। इस बारे में जानकारी देते हुए रितु ,नोडल अधिकारी बेसबॉल ने बताया कि अंतिम मैच कैथल व फतेहाबाद के बीच में हुआ। जिसमें कैथल ने फतेहाबाद को 5-2 से जीत दर्ज की।

तीसरे स्थान के लिए मुकाबला अंबाला में रोहतक के बीच में हुआ जिसमें अंबाला ने 16-06 से जीत दर्ज की।

**इन खेलों का सफल आयोजन करवाने में**

**रमेश एईओ, दयानंद, डीपीई नीता शर्मा, पीजीटी, फिजिकल एजुकेशन, जसबीर, पीजीटी, फिजिकल एजुकेशन व राजेश कुमार मितल, पीटीआई का विशेष सहयोग रहा।**

## डॉ. हर्षा दिल्ली हाईकोर्ट की सरकारी वकील बनी



**रेवाड़ी।** रविवार को सेवा स्तंभ की जिला इकाई के पदाधिकारियों ने डॉ. हर्षा देवी को केंद्र सरकार में दिल्ली हाईकोर्ट की सरकारी वकील बनने पर उनके निवास पर गुलदस्ता भेंट कर सम्मान दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

डॉ. हर्षा, सेवा स्तंभ जिला इकाई के पूर्व विधि सलाहकार एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा हरियाणा के प्रदेश सचिव डॉ कमल निंबल की अर्धांगिनी हैं।




# लाखों खर्च कर सुपर सक्शन से करवाई थी सीवरेज की सफाई, लेकिन अभी भी ओवरफ्लो की समस्या

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 14 सितंबर।** शहर का पॉश एरिया माना जाने वाला वीआईपी रोड लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। क्योंकि वीआईपी रोड पर कहीं सीवरेज ओवरफ्लो हो रहा है तो कहीं सड़क टूट चुकी है और गड्ढो में भरा बरसाती पानी लोगों के लिए परेशानी बन चूका है। डोमिनोज चौक से एसबीपी साऊथ सिटी को जाने वाले सड़क की हालात बेहद खस्ता हो चुकी है। थोड़ी सी भी बरसात होती है तो यहां पानी भर जाता है, यहीं नही बरसात के कारण यहां सीवरेज ओवर फ्लो होने लगते हैं। जिस कारण हर तरफ बदबू फैल जाती है और लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है। अब तो आलम यह है को दफ्तर व अपने काम पर जाने के लिए लोगों को जूते उतारकर बाहर निकला पड़ता है, लोग चप्पल व पुराने कपड़े में घर से निकलते हैं और ऑफिस जाकर वहां कपड़े बदलने पड़ते है। रविवार को पेंटा होम सोसायटी से लेकर एसबीपी साऊथ सिटी तक इतना ज्यादा पानी है के सड़क दिखाई ही नही दे रही है। लोगों को पैदल चलने में मुश्किल हो रही है और दो पहिया वाहन वालों को पता ही नही चलता के कहां गड्ढा है घर से बाहर निकलते ही कोई ना कोई दो पहिया वाहन गिरा हुआ मिलता है। बता दें के पिछले कई महीनों से वीआईपी रोड के लोग नगर परिषद व डीसी मोहाली को इस मामले पर कई बार शिकायत दे चुके हैं। लेकिन नगर परिषद के अधिकारी इतने ढीठ व लापरवाह हो चुके हैं के डीसी मोहाली के आदेशों के बावजूद यहां कोई विकास कार्य नही किया जा रहा है। जबकि डीसी मोहाली द्वारा मौके का दौरा करने के बाद जल्द से जल्द काम पूरा करने के आदेश और लापरवाही बर्दाश्त ना करने के आदेश दिए थे। जिसे लेकर स्थानीय निवासी बेहद परेशान है।

> जब भी काम करने लगते हैं तो बरसात आ जाती है। समस्या यह है के बरसात के काम करने का नुकसान यह होता है के सड़क बनाने के बाद दुबारा से दब जाती है। इस लिए काम रोका हुआ है। जैसी ही बरसात बंद होगी काम करवा दिया जाएगा। सीवरेज ओवर फ्लो का कारण यह है के बरसात के दिनों में एसटीपी की एक मोटर बंद कर दी जाती है ताकि वह वह पहले की तरफ खराब ना हो। इस लिए सीवरेज की निकासी का फ्लो सलो जो जाता है। बाकी लाइन व स?क कल चैक करवा दी जाएगी।
>
> **–एसडीओ जतिंदर सिंह बैंस**
> **नगर परिषद जीरकपुर**

पिछले कुछ दिनों से संदीप नामक एक व्यक्ति बेसिक सुविधाओं को पूरा करने के लिए हड़ताल पर भी बैठा हुआ है। लेकिन बावजूद इस सब के लोगों की समस्या नही सुनी जा रही है। लोगों का कहना है के बरसाती पानी को कुछ हद बर्दास्त किया जा सकता है, लेकिन सीवरेज के पानी को बरदास्त करना मुश्किल है। लोगों ने कहा के हर बार बरसात के दिनों में यहीं हालात पैदा हो जाते हैं और नगर परिषद हर बार लोगों की समस्या का स्थाई हल करने का दावा करती है। लेकिन आज तक लोगों को इस समस्या से राहत नही मिली है। लोगों की मांग है के जल्द से जल्द इस समस्या को हल किया जाए।

शहर में सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि नगर परिषद द्वारा सुपर सक्शन मशीन से सीवरेज की सफाई करने का दावा किया गया था, लेकिन शहर की सड़कों पर अभी भी सीवरेज का दूषित पानी भर है है। लोगों ने कहा कि पहले थोड़ी-सी बारिश से सीवरेज ओवरफ्लो हो जाता था लेकिन अब तो बिना बारिश के भी सीवरेज ओवरफ्लो हो रहा है। इस कारण गंदा पानी सड़क पर आ जाता है और एक छोटे से तालाब का रूप ले लेता है। इस कारण पैदल आने-जाने वाले लोगों के मुश्किल का सामना करना पड़ता है। सीवरेज के ओवरफ्लो के कारण सड़क भी दिनों दिन खराब होती जा रही है क्योंकि यहां हर समय सीवरेज ओवरफ्लो हो रहा है।

# साइकिल ट्रैक के बीचोंबीच लगाए जा रहे टेंट, रेजिडेंट्स चिंतित, यातायात जाम और सड़क हादसों का बढ़ा खतरा

**सेक्टर 15-औद्योगिक क्षेत्र फेज 2 डिवाइडिंग रोड और 8/17 डिवाइडिंग रोड सहित विभिन्न सड़कों पर लगाए गए ये टेंट**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला, 14 सितंबर।** शहर की प्रमुख सड़कों और साइकिल ट्रैक के बीचों-बीच लगाए गए टेंटों के कारण बढ़ते यातायात जाम और सड़क हादसों के बढ़ते खतरे को लेकर निवासियों ने चिंता जताई है। सेक्टर 15-औद्योगिक क्षेत्र फेज 2 डिवाइडिंग रोड और 8/17 डिवाइडिंग रोड सहित विभिन्न सड़कों पर लगाए गए ये टेंट प्रमुख मार्गों को अवरुद्ध कर रहे हैं और वाहनों व साइकिल चालकों, दोनों के लिए अनावश्यक बाधाएँ पैदा कर रहे हैं।

स्थानीय निवासी इन टेंटों की व्यवस्था को लेकर हैरान हैं, जो किसी कार्यक्रम के लिए लगाए गए थे। कुछ जगहों पर तो पूरा साइकिल ट्रैक ही टेंटों के खंभों से ढका हुआ है। इससे सड़क की चौड़ाई भी कम हो गई है, जिससे वाहनों के लिए जगह कम हो गई है।

नागरिक मुद्दों को उठाने वाले सॉल्यूशन बॉक्स के संस्थापक मोहित गुप्ता ने कहा कि हमें समझ नहीं आ रहा कि ये टेंट सड़क के बीचों-बीच क्यों लगाए जा रहे हैं, जिससे साइकिल ट्रैक अवरुद्ध हो रहा है। यह पहले से ही एक भीड़भाड़ वाला इलाका है, और इससे स्थिति और भी खराब हो जाती है। उन्होंने कहा कि एक तरफ साइकिल ट्रैक है और दूसरी तरफ सड़क का एक हिस्सा है, तो हमारे पास जो थोड़ी सी जगह बची है उसे अवरुद्ध करने का क्या मतलब है?÷

इन अवरोधों के समय ने और भी भ्रम पैदा कर दिया है। सड़कों पर पहले से ही यातायात का दबाव होने के कारण, निवासी इससे होने वाले सुरक्षा जोखिमों को लेकर चिंतित हैं, खासकर त्योहारों के मौसम के नजदीक आने और शहर में पैदल यातायात और वाहनों के बढ़ने की आशंका के कारण। एक अन्य निवासी ने चिंता जताते हुए कहा कि ऐसा होते देखना बहुत आश्चर्यजनक है। ये इलाके पहले से ही सबसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में से हैं। यह अतिरिक्त अवरोध जोड़ना अनावश्यक लगता है।

**नगर निगम ने कैसे अनुमति दी:** नागरिक कल्याण संघ के अध्यक्ष एसके नायर ने कहा कि नगर निगम ने इसकी अनुमति कैसे दी? यह गलत है क्योंकि इससे जनता को परेशानी हो रही है। उत्सव मनाना ठीक है, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि नियमों का पालन किया जाए। हम बेहतर योजना बनाने की मांग करते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इस व्यस्त समय में जनता की सुरक्षा और यातायात प्रवाह से समझौता न हो। सड़क यातायात की समस्या के अलावा, अगर इन खंभों पर लगी सजावटी लाइटों के बिजली कनेक्शन के कारण कोई दुर्घटना होती है, तो कौन ज़म्मिदार होगा?

**मेयर कर सकते हैं जांच:** इस बीच, शहर कि सड़कों के साइकिल ट्रैक पर टेंट लगाए जाने का मुद्दा नगर निगम के मेयर कुलभूषण गोयल तक पहुंच गया है। उनका कहना है कि हो सकता है कि यह किसी कल्याणकारी संगठन द्वारा आयोजित लंगर या कोई अन्य सामाजिक समारोह हो। ऐसा लगता है कि कुछ अस्थायी व्यवस्था की गई है। वह कल इसकी जांच कराएंगे।

## व्यापार के झांसे में आए दंपति से 2 करोड़ रुपए की ठगी, ईओडब्ल्यूओ विंग कर रही जांच

**पंचकूला (अप्रस)।** सेक्टर 9 निवासी एक दंपत्ति से कथित तौर पर व्यावसायिक निवेश के वादे की आड़ में लगभग 2 करोड़ रुपये की ठगी की गई। पीड़िता की शिकायत के आधार पर सेक्टर 5 पुलिस स्टेशन ने मामला दर्ज किया है और आर्थिक अपराध शाखा मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, पारुल शर्मा ने अपनी शिकायत में सेक्टर 27 निवासी परमिंदर कौर और उनके पति कपूर सिंह पर आरोप लगाया है कि उन्होंने उन्हें अपनी फर्म और कंपनी में निवेश करने के लिए लालच दिया, भारी मुनाफे का वादा किया और अदालतों व अधिकारियों से अपने मजबूत संबंधों का दावा किया। पुलिस के अनुसार, पारुल शर्मा ने बताया कि उनके पति हेमंत शर्मा अमेरिका में वैज्ञानिक हैं। 2022 में, उनका परिचय आरोपियों से हुआ और समय के साथ, उनका रिश्ता निजी हो गया। आरोपियों ने वादा किया कि उनकी फर्म, परम एग्रो फ्रेश में निवेश करने पर अमेरिका से भी ज़्यादा रिटर्न मिलेगा। उनके दावों पर विश्वास करके, पारुल ने गूगल पे, चेक और आरटीजीएस के ज़रिए कुछ धनराशि ट्रांसफर कर दी। आरोपियों ने शुरू में विश्वास बनाने के लिए छोटी रकम लौटाई, लेकिन बाद में आगे निवेश के बहाने उनसे करोड़ों रुपये ले लिए। उन्होंने एक ज़मीन विवाद को सुलझाने में मदद का वादा भी किया और दंपति को एनजीटी में कानूनी कार्रवाई के लिए राज़ी किया, जिसके लिए उन्होंने 25 लाख रुपये अतिरिक्त वसूले। अपनी शिकायत में, पारुल ने बताया कि उनके पति ने सेक्टर 9 स्थित अपने घर को गिरवी रखकर लगभग 1.87 करोड़ रुपये जुटाए, जो आरोपियों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए गए। हालाँकि शुरुआत में दंपति को कुछ ब्याज मिला, लेकिन अक्टूबर 2024 के बाद पैसा आना बंद हो गया और आरोपियों ने किसी भी समझौते पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया।

# 1.27 करोड़ से बनी टाइल्स सड़क धंसी, अब मरम्मत जारी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 14 सितंबर।** नगर परिषद जीरकपुर ने तहसील रोड पर 1.27 करोड़ रुपये की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाकर सड़क बनाई थी। लेकिन काम पूरा होने के कुछ ही समय बाद सड़क कई जगहों से धंसने लगी। बारिश के बाद धंसी टाइल्स के कारण जगह-जगह पानी भरने लगा और गड्ढे बन गए। अब लोग काम की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि ठेकेदार ने सही तरीके से काम नहीं किया। टाइल्स लगते समय ही कई जगह धंसने लगी थीं। पाइपलाइन डालने के लिए जो खुदाई की गई थी, वहीं से टाइल्स नीचे बैठ रही हैं। काम खत्म होने के बाद भी लगातार टाइल्स धंसने का सिलसिला जारी रहा। अब दब चुकी टाइल्स को निकालकर दोबारा लगाने का काम शुरू किया गया है।



**महत्वपूर्ण दफ्तरों के बीच सड़क की दुर्दशा**

तहसील रोड पर तहसील, नगर परिषद कार्यालय, सेवा केंद्र, डीएसपी दफ्तर और पुलिस स्टेशन जैसे अहम सरकारी दफ्तर हैं। रोजाना हजारों लोग यहां अपने काम से आते हैं। उनकी सुविधा के लिए नगर परिषद ने करोड़ों रुपये खर्च कर सड़क बनाई थी, लेकिन कुछ ही महीनों में यह जगह-जगह से धंस चुकी है। नगर परिषद ने धंसी टाइल्स को बदलने और सड़क को दुरुस्त करने का काम शुरू किया। लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान सड़क पर पानी भरने से परेशानी और बढ़ जाती है। अब उम्मीद है कि मरम्मत के बाद यह सड़क दोबारा पहले जैसी दिक्क़तें पैदा नहीं करेगी।

# जीरकपुर में चोरों का आतंक दुकान और मंदिर से लाखों की चोरी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 14 सितंबर।** शहर में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं। हालात यह हैं कि बेखौफ चोर अब दुकानों और घरों के साथ मंदिरों को भी निशाना बनाने लगे हैं। रविवार तड़के करीब तीन बजे तीन चोरों ने पभात रोड पर स्थित अग्रवाल इंटरप्राइजेज नामक दुकान का शटर तोड़कर अंदर से लाखों रुपये की सिगरेट और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरों की करतूत दुकान के बाहर और अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।

दुकान का ताला तोड़ने में चोरों ने लगभग एक घंटे तक मशक्कत की। उन्होंने एक साइड से शटर की पट्टी काटी और उसे सब्बल से मोड़कर दुकान के भीतर दाखिल हुए। जिस सड़क पर यह दुकान है वहां रात में भी आवाजाही रहती है, लेकिन चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए।

दुकान के मालिक संजय जैन, पुत्र बालकृष्ण, निवासी भबात ने बताया कि वे रोजाना की तरह रात को दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह करीब 8 बजे जब वे पहुंचे तो देखा कि शटर टूटा हुआ था। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। अंदर जाकर पता चला कि दुकान से महंगी सिगरेट के डिब्बे और करीब एक लाख रुपये नकद चोरी हो चुके हैं। यह राशि उन्हें एक व्यापारी को देनी थी।

सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखा कि रात करीब डेढ़ बजे दो चोर दुकान पर पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने दुकान के सामने लगे जंगले पर चादर डाल दी, ताकि कोई उन्हें देख न सके। इसके बाद उन्होंने लाइट तोड़ दी और सीसीटीवी कैमरों का रुख मोड़ दिया। एक चोर ने अपनी कमीज़ से और दूसरे ने पगड़ी से चेहरा ढक रखा था। अंदर घुसते ही उन्होंने गल्ले में रखे रुपये और सिगरेट बोरी में भर लीं। चोरी के तरीके से स्पष्ट है कि चोरों को नकदी और सिगरेट के स्थान की पूरी जानकारी थी, जिससे अंदाजा लगता है कि उन्होंने पहले दुकान की रेकी की होगी।

इसी रात दूसरी चोरी शिवालिक विहार में ग्राउंड के पास स्थित दुर्गा मंदिर में हुई। मंदिर के सेवादार ने बताया कि चोर पिछली तरफ से मंदिर में दाखिल हुआ और मुख्य गेट को अंदर से कुंडी लगाकर दानपात्र में रखे पैसे, कृष्ण भगवान की मूर्ति से चांदी की बांसुरी और अन्य मूर्तियों से गहने चुरा ले गया।

लगातार हो रही इन घटनाओं से इलाके के लोग दहशत में हैं और पुलिस की गश्त पर सवाल उठा रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि रात में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए, ताकि लोगों में फैले डर को कम किया जा सके। पुलिस ने दोनों मामलों में शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**थाना 31 पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

# अवैध रूप से शराब बेचने से बाज ना आने जाने बीसी को फिर किया काबू

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़।** यूटी साउथ डिविजन की थाना 31 पुलिस अपराधिक वारदातो को अंजाम देने वालों और नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वालों पर अपना पूरी तरह से शिकंजा कस रखा है। पुलिस आए दिन आरोपियों की धरपकड़ और रिकवरी भी कर रही है। ऐसा ही एक और मामला प्रकाश में आया है। थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम ने अवैध रूप से शराब बेचने से बाज नहीं आ रहे आरोपी बीसी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से 15 शराब की पेटियां बरामद की है।जिसमें रॉयल जनरल प्रीमियम ब्लेंडेड व्हिस्की -10 बोतलें और 115 क्वार्टर,टैंगो संतरा मसालेदार देसी शराब - 412 क्वार्टर,इंपीरियल ब्लू प्रीमियर ग्रेन व्हिस्की - 7 बोतलें और 14 क्वार्टर और रॉयल स्टेज सुपीरियर व्हिस्की - 5 बोतलें और 33 क्वार्टर है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी 26 मामले दर्ज पाए गए हैं।पकड़े गए आरोपी की पहचान राम दरबार निवासी पंकज कुमार उर्फ कबाड़ी के रूप में हुई है।

**क्या था मामला:** जानकारी के अनुसार पता चला कि 14 सितंबर को यूटी पुलिस की एसएसपी कंवरदीप कौर के दिशा निर्देशों के चलते थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम में शामिल एएसआई पवन कुमार और अन्य पुलिस पार्टी हल्लो माजरा में गश्त कर रहे थे।जब पुलिस कबाड़ी मार्केट हल्लो माजरा के पास पहुंची और कबाड़ी मार्केट के खुले क्षेत्र में कबाड़ी (कचरा) की जाँच की, तो पुलिस दल को देखकर, अपने कार्यालय के बाहर बैठा एक व्यक्ति भागने की कोशिश करने लगा। उसकी गतिविधियाँ संदिग्ध पाकर, एएसआई पवन कुमार ने अपने साथ मौजूद कर्मचारियों की मदद से उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर, व्यक्ति ने अपना नाम पंकज कुमार उर्फ कबाड़ी बताया। कबाड़ी मार्केट के बाहर कबाड़ी/कचराघर में जाँच करने पर, प्लास्टिक बैग में 115 क्वार्टर रॉयल जनरल प्रीमियम ब्लेंडेड व्हिस्की, 412 क्वार्टर टैंगो संतरा मसालेदार देसी शराब, 14 क्वार्टर इंपीरियल ब्लू प्रीमियर ग्रेन, 33 क्वार्टर रॉयल स्टेज सुपीरियर व्हिस्की, 5 बोतल रॉयल स्टेज सुपीरियर व्हिस्की और 7 बोतल इंपीरियल ब्लू प्रीमियम ग्रेन व्हिस्की, 10 बोतल रॉयल जनरल प्रीमियम ब्लेंडेड व्हिस्की मिली। आगे पूछताछ करने पर, वह मौके पर उक्त शराब रखने का कोई लाइसेंस या परमिट नहीं दिखा सका।




अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)